हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11




खेल

अयूब की तूफानी पारी पर फिरा पानी
पाकिस्तानी गेंदबाज 207 रन नहीं कर पाए...

Page 10



देश

आज होगा महाराष्ट्र की महायुति सरकार का
मंत्रिमंडल विस्तार...

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 15 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 08 • पृष्ठ 12

# ठंड के आगोश में उत्तर भारत, छूट रही कंपकंपी

## शीतलहर की चेतावनी, दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश अनुमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में पड़ रही ठंड के बीच मौसम विभाग ने बताया है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से जम्मू कश्मीर, लद्दाख और उसके आसपास के इलाकों में 16 और 17 दिसंबर को बारिश, बर्फबारी होने वाली है। यानी कि मौसम बिगड़ने वाला है। इसके अलावा, आने वाले दिनों में यूपी, बिहार समेत कई राज्यों में शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, कल साउथईस्ट बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने जा रहा है, जिसकी वजह से दक्षिण में कई राज्यों में बारिश होगी। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो तमिलनाडु में भारी से बहुत भारी बारिश हुई। इसके अलावा, पंजाब, मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में शीतलहर देखी गई। मौसम विभाग ने बताया कि तमिलनाडु में 17 और 18 दिसंबर को भारी से बहुत भारी बारिश होने वाली है। इसके अलावा, 14 और फिर 16-19 नवंबर तक भारी





बारिश का दौर जारी रहेगा। वहीं, केरल में 14, 18, 19 दिसंबर को भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, साउथ इंटीरियर कर्नाटक में 17 और 18 दिसंबर को भारी बारिश का अलर्ट है। अंडमान और निकोबार द्वीप में 14 और 15 दिसंबर को भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

## जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंची अतुल की पत्नी

● निकिता सिंघानिया को सता रहा गिरफ्तारी का डर

**लखनऊ (एजेंसी)।** एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या मामले में उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया ने अग्रिम जमानत के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। निकिता सिंघानिया के अलावा अतुल सुभाष की आत्महत्या मामले में तीन अन्य आरोपियों ने भी अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। बेंगलुरु पुलिस ने इस मामले में निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा सिंघानिया, भाई अनुराग सिंघानिया और चाचा सुशील सिंघानिया को



आरोपी बनाया है। जमानत याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में जल्द ही सुनवाई हो सकती है। बताया जा रहा है कि सिंघानिया परिवार ने कोर्ट में अपना पक्ष रखने के लिए कई बड़े वकीलों का पैनल नियुक्त किया है। अतुल सुभाष बेंगलुरु में इंजीनियर थे और उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या करने से पहले उन्होंने 1 घंटे 20 मिनट का एक वीडियो बनाया और 24 पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा। उन्होंने सिंघानिया पर मामले को निपटाने के लिए 3 करोड़ रुपये मांगने का भी आरोप लगाया था। बेंगलुरु पुलिस ने निकिता सिंघानिया के जौनपुर वाले घर पर नोटिस चिपकाया था और उनसे कहा गया है कि वह 3 दिन के अंदर पेश हों।

## धर्म के नाम पर आरक्षण देना चाहते हैं इसलिए कर रहे हैं ऐसा 'खेला'

● पीएम मोदी ने लोकसभा में कांग्रेस और राहुल को निशाने पर लिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संविधान के 75 साल पूरे होने के मौके पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में संविधान पर बोले। प्रधानमंत्री ने कहा- अच्छा होता कि संविधान की शक्ति पर चर्चा होती। दलगत भावना से उबरकर संविधान पर चर्चा करते। लेकिन कुछ लोगों की मजबूरियां होती हैं। मैं बोलना नहीं चाहता था, लेकिन तथ्य रखना जरूरी है। पीएम बोले- कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक परिवार का उल्लेख इसलिए करता हूं कि 75 साल में से 55 साल एक ही परिवार ने राज किया है। देश को क्या-क्या हुआ है, ये जानने का



अधिकार है। इस परिवार के कुविचार, कुरीति, कुनीति की परंपरा निरंतर चल रही है। हर स्तर पर इस परिवार ने संविधान को चुनौती दी है। मोदी बोले- संविधान संशोधन करने का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वे समय-समय पर संविधान का शिकार करती रही। करीब 6 दशक में 75 बार संविधान बदला गया। यह धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं इसलिए खेल खेल रहे हैं।

● **शाहबानो केस को लेकर कांग्रेस पर पीएम मोदी का निशाना–** पीएम मोदी ने कहा, इनके मुंह पर खून लग गया था। ये परंपरा नेहरू ने शुरू की उसे इंदिरा गांधी ने इसे आगे बढ़ाया। जब राजीव गांधी पीएम बने तो उन्होंने सबको समानता सबको न्याय की भावना को ठेस पहुंचाई। सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो मामले में फैसला किया, कोर्ट से महिला को हक मिला था। लेकिन राजीव गांधी ने शाहबानो और कोर्ट की उस भावना को नकार दिया। और वोट बैंक की राजनीति के सामने भावना का अपमान किया और कट्टरपंथियों का साथ दिया।

● **इमरजेंसी के समय इंदिरा गांधी ने घोटा लोकतंत्र का गला–** इसके बाद जब असंविधानिक तरीके से चुनाव लड़ने के कारण अदालत ने इंदिरा गांधी के चुनाव पर रोक लगा दी, तो उन्होंने अपनी कुर्सी बचाने के लिए इमरजेंसी लगा दी। उन्होंने भारत के लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। इमरजेंसी के समय देश के लोगों के अधिकार छीने गए, अखबारों की आजादी पर ताले लगाए, लोकतंत्र का गला घोट दिया।

## हिन्दुस्तान के युवाओं का अंगूठा काट रही मोदी सरकार

● लोकसभा में राहुल का बीजेपी पर बड़ा वार, जमकर घेरा

● मनुस्मृति लेकर पहुंचे राहुल, सावरकर पर भी दागे सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संविधान और उसमें निहित विचारधारा पर जोर देते हुए कहा कि जब हम संविधान खोलते हैं, तो उसमें हमें डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू की आवाजें और उनके विचार सुनाई देते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में हमारी विरासत की झलक है। राहुल गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संविधान और लोकतंत्र की महत्ता पर अपनी बात रखते हुए कहा, भारत का संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, यह हमारे देश की आत्मा है। इसमें हर नागरिक के अधिकार, कर्तव्य और



देश के प्रति जिम्मेदारी का विवरण दिया गया है। यह हमें समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे की भावना सिखाता है। राहुल गांधी लोकसभा में मनुस्मृति लेकर पहुंचे थे। उनके एक हाथ में संविधान था तो दूसरे हाथ में मनुस्मृति। राहुल गांधी ने कहा कि मैं अपना भाषण भाजपा के नहीं बल्कि संघ के विचारों की नींव रखने वाले से करना चाहता हूं।

## आडवाणी को आईसीयू में किया गया शिफ्ट

● फिलहाल स्थिर बताई जा रही है तबियत, हेल्थ बुलेटिन जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की नीव रखने वाले लाल कृष्ण आडवाणी को शुक्रवार को देर रात दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी तबीयत बीते कुछ हफ्तों से नाजुक बनी हुई है। आज अपोलो अस्पताल की तरफ से उनके स्वास्थ्य की ताजा जानकारी दी गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आडवाणी को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। अपोलो अस्पताल के



अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। इससे पहले इसी साल 4 जुलाई को भी आडवाणी को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उससे कुछ दिन पहले उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) उपचार के लिए ले जाया गया था। उन्हें एम्स में उपचार के बाद अगले दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी थी। इसके बाद 6 अगस्त को भी उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी ने बताया था कि उन्हें रुटीन चेकअप के लिए अस्पताल ले गए थे।

## पुतिन के हाथ खून से रंगे, वो सिर्फ यूक्रेन तक नहीं रुकेंगे

### नाटो चीफ की यूरोप को चेतावनी, बोले-खतरा दरवाजे पर है

**ब्रसेल्स (एजेंसी)।** नाटो महासचिव मार्क रुटे ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पर तीखा हमला किया है। उन्होंने पुतिन को यूक्रेन युद्ध में हुए नुकसान का जिम्मेदार बताते हुए कहा कि उनके हाथ खून से रंगे हुए हैं। मार्क ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन को मानचित्र से मिटा देना चाहते हैं लेकिन चिंता ये है कि वह ऐसा करने के बाद भी रुकेंगे नहीं। यूक्रेन के बाद पुतिन यूरोप में



हमला कर सकते हैं। ऐसे में यूरोप के देश बेफिक्र होकर ना बठें और अपनी रक्षा पर ध्यान दें। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, रूटे ने ब्रुसेल्स में कार्नेगी यूरोप थिंक-टैंक में सुरक्षा विशेषज्ञों से कहा कि यह युद्धकालीन मानसिकता को बदलने का समय है। इस संभावना से सावधान रहना चाहिए कि रूस की एंट्री यूरोप में भी हो सकती है।

## संभल में 46 साल बाद 'कैद' से निकले हनुमान-शिवलिंग

### मुस्लिम बस्ती के बीच मंदिर का खुला ताला, हिंदू और पुजारी पलायन कर गए

**संभल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कई बरसों से बंद पड़े प्राचीन मंदिर के अंदर से चौंकाने वाला राज निकलकर सामने आया है। मुस्लिम आबादी के बीच संभल के इस मंदिर में करीब 46 साल के ताला नहीं खुला था। यहां लोगों ने अवैध रूप से कब्जा करके रखा था। यह प्राचीन



हनुमान मंदिर बताया जा रहा है। यहां शिवलिंग और नंदी की मूर्ति भी मिली है। मूर्तियां सुरक्षित हैं लेकिन परिसर के कुएं को पाटने के साथ ही पीपल का पेड़ भी काटकर अवैध अतिक्रमण किया गया है। सीओ अनुज चौधरी ने बताया कि इस प्राचीन मंदिर के बारे में लोगों ने बताया तो आज यहां ताला तोड़कर देखा गया। अंदर मंदिर और मूर्तियां हैं, जिस पर धूल जमी हुई है। अब ये पूरी तरह से खोल दिया गया है। ये संभल के खग्गू सराय इलाके में निकला है। मौके पर एसएसपी समेत आला अधिकारी आ गए हैं। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह से ही डीएम और एसपी ने सघन चेकिंग अभियान चलाया हुआ है। स्थानीय निवासी और नगर हिन्दू सभा के संरक्षक ने बताया कि पहले यहां हिंदू आबादी हुआ करती थी लेकिन 1978 के दंगे के दौरान चले गए।

## अब लोगों को नेताओं से ज्यादा डॉक्टरों पर भरोसा

### योगी बोले-एआई से इलाज होगा, तीन गुना स्पीड बढ़ाएं डॉक्टर

**लखनऊ (एजेंसी)।** सीएम योगी लखनऊ में एसजीपीजीआई के 41वें स्थापना दिवस में शामिल हुए। दार्शनिक की कहानी सुनाई। कहा- जीत की तैयारी इतनी शालीनता के साथ करो कि आपकी सफलता शोर मचा दे। यूपी में लोगों को नेताओं से ज्यादा डॉक्टरों पर भरोसा है। इसलिए, अंगदान के लिए लोगों को जागरुक करें। अगर कोई नेता यह बात बताएगा तो ज्यादातर मरीजों के परिवार को भरोसा नहीं होगा। मुझे लगता है कि अगर ऐसा प्रयास होगा तो पूरे प्रदेश में धूम मच जाएगी। पेशेंट आपकी जय-जयकार करेगा। डॉक्टरों के बारे में पेशेंट के मन में जो श्रद्धा सम्मान का भाव है वह सरकार से ज्यादा है। उन्होंने कहा-अगर पेशेंट किसी दुर्घटना का शिकार हो गया है, उसका ब्रेन डेड हो चुका है। फिर भी उसके अंग काम आ सकते हैं।



## सुबह-सुबह जेल से बाहर निकले ऐक्टर अल्लू अर्जुन

● कैद में कटी रात, रिहाई में देरी पर भड़के वकील

**हैदराबाद (एजेंसी)।** शनिवार सुबह–सुबह पुष्पा–2 के अभिनेता अल्लू अर्जुन को जेल से रिहा कर दिया गया है। कल ही तेलंगाना हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। आदेश देरी से मिलने के कारण उन्हें जेल में ही रात गुजारनी पड़ी। इससे पहले वकील अशोक रेड्डी ने जमानत आदेश का पालन नहीं करने के लिए जेल अधिकारियों की आलोचना की है। आपको बता दें कि अल्लू अर्जुन पर 4 दिसंबर को हुए



एक भयानक भगदड़ के मामले में हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया था। इस भगदड़ में एक 39 सील की महिला की मौत हो गई थी। इस केस में सेशन कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। हाईकोर्ट ने उन्हें 21 जनवरी तक के लिए 50,000 रुपये के मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जे श्रीदेवी ने इस मामले पर कहा कि यह अन्यायपूर्ण था।

# शंभू बॉर्डर पर फिर तनाव, किसानों को रोका गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कूच करने पर अड़े किसानों पर हरियाणा पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई शुरू कर दी है। शंभू बॉर्डर पर भारी पुलिस बल की तैनाती है। दिल्ली के लिए पैदल निकले 101 किसानों को पुलिस ने रोक दिया और उन पर आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा पुलिस ने किसानों

## पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले, पानी की बौछार

पर पानी की बौछार की। इससे पहले 6 और 8 दिसंबर को भी किसानों ने दिल्ली कूच की कोशिश की थी लेकिन उन्हें हरियाणा पुलिस ने रोक दिया था। पुलिस ने उनपर आंसू गैस का इस्तेमाल किया था। इस टकराव में कई किसान घायल भी हो गए थे। किसानों ने शनिवार को एक बार फिर दिल्ली कूच करने की कोशिश की लेकिन बॉर्डर के पास ही उन्हे बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया। इसके बाद किसानों और प्रशासन के बीच संवाद भी हुआ।



किसान नेताओं ने कहा कि वे देश की बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और अपनी मांगों को लेकर राजधानी जाना चाहते हैं और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात प्रधानमंत्री के सामने रखना चाहते हैं। किसानों ने कहा कि उनकी तलाशी ली जा सकती है। उनके पास ना तो ट्रैक्टर है और ना ही ट्रॉली। प्रशासन ने किसानों से कहा कि वे कानून व्यवस्था को बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि वे मान्यीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसान दिल्ली जाना चाहते हैं तो वे पहले राजधानी मे प्रदर्शन के लिए परमीशन ले लें और इसके बाद पुलिस ही उन्हें वहां तक छोड़कर आएगी। पानी की तेज धार और आंसू गैस से बचने के लिए किसान गीले कपड़ों और बोरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस टकराव में कुछ किसान घायल हुए हैं। उन्हें स्ट्रेचर पर अलग ले जाया गया है। बता दें कि एमएसपी सहित कई मांगों को लेकर किसान लंबे समय से दिल्ली जाने की जिद पर अड़े हैं। वहीं मोदी सरकार की तरफ से किसानों को बातचीत के लिए बुलाया नहीं जा रहा है। ऐसे में किसानों ने फरवरी से ही शंभू बॉर्डर पर डेरा डाल रखा है। वहीं खनौरी बॉर्डर पर जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरण अनशन कर रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद घायल हुए किसानों को एंबुलेंस से ले जाया जा रहा है। आज 101 किसानों ने दिल्ली कूच करने का फैसला किया था। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल और मीडियाकर्मी भी मौजूद हैं। हरियाणा पुलिस किसानों को खदेड़ने के लिए पानी की बौछार कर रही है। वहीं कसान टस से मस होने को तैयार नहीं हैं। किसानों के समर्थन में पहुंचे बजरंग पूनिया ने कहा कि सरकार ने जो भी वादे किए हैं, उसे पूरा करें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## वाहन जांच अभियान में15 हजार जुर्माना वसूला

**करायपरसुराय।** डीएसपी सुमित कुमार के नेतृत्व में गुरुवार की शाम थाना क्षेत्र के डियावां चौक पर पुलिस टीम द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान सड़क पर ट्रिपल लोडिंग व बिना हेलमेट के चल रहे दोपहिया वाहन चालकों से 15 हजार जुर्माना वसूला गया। डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बाइक की डिक्की, स्कूटी सवार के पिट्ठू बैग की जांच की गयी। तीन पहिया व चार पहिया वाहन की डिक्की व सीट को खुलवाकर देखा गया। उन्होंने बताया कि शराब धंधेबाज पर पुलिस की पैनी नजर है। अभियान में थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के अलावा पुलिस बल शामिल थे।

## संदेह में युवक धराया, फरार धंधेबाज गिरफ्तार

**हरनौत।** रात्रि गश्ती के दौरान बीचबाजार में संदेह के आधार पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया। मध्य रात के बाद करीब ढाई बजे उसकी गतिविधि से चोर होने की आशंका लगी। उसकी पहचान गोखुलपुर थाना क्षेत्र के बसनियावां गांव निवासी शिवजी कुमार के रुप में की गई। अग्रेतर कार्रवाई के लिए उसे कोर्ट को सौंपा गया है। थानाध्यक्ष अबू तालीब अंसारी ने बताया कि गोखुलपुर से फरार धंधेबाज शैलेंद्र मांझी को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पिछले दिनों उसके पास से बीस लीटर शराब बरामद किया गया था। हालांकि वह भागने में सफल रहा था। इसके अलावा सबनहुआडीह से राहुल राज और कल्याणबिगहा मोड़ से चंडी के सबलपुर का श्यामबिहारी को नशे में हंगामा करते पकड़ा गया।

## सहोदया स्कूल में दो दिवसीय एथलेटिक मीट का समापन



**गया।** सहोदया स्कूल कॉप्लेक्स, गया के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय इंटर एथलेटिक मीट 2024-25 का समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन जोशी, स्पेशल गेस्ट राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय दो और मगध विश्वविद्यालय खेल विभाग के इंचार्ज सुदर्शन राय समारोह में उपस्थित हुए। सहोदया स्कूल कॉप्लेक्स, गया की अध्यक्ष मैडम अंजलि, सचिव डॉ. डीके पाठक समेत अन्य अधिकारियों में फादर ऑस्कर बेक, राजीव कुमार व मृत्युंजय सिंह आदि ने भी समारोह में शिरकत की। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल व टॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## 27 देश के बौद्ध भिक्षुओं ने जेठियन गांव से राजगीर तक की पदयात्रा




**मोहड़ा।** मोहड़ा प्रखंड इलाके के जेठियन गांव में शुक्रवार को 11वां धम्म पद यात्रा का आयोजन किया गया। बौद्ध भिक्षु जेठियन गांव से राजगीर के वेणुवन तक पैदल गए। धम्म पद यात्रा में 27 देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल हुए। इस यात्रा में उपस्थित बौद्ध भिक्षु ने जेठियन से 14 किलोमीटर तक राजगीर के वेणु वन के जंगल तक यात्रा की। बौद्ध धर्म के अनुयायी उसी रास्ते से राजगीर के वेणु वन के लिए निकले, जिस रास्ते से भगवान बुद्ध ने यात्रा की थी। गांव से लेकर जंगल के वादियों में बुद्धम शरणम गच्छामि, संघम शरणं गच्छामि के आवाज गूंज उठा। 2014 में बौद्ध धम्म पद यात्रा की शुरुआत हुई थी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति स्थापित करना और बौद्ध धर्म का प्रचार करना है। हर वर्ष जेठियन बुद्ध ग्राम विकास समिति के सहयोग में एक यात्रा निकाली जाती है। उपस्थित लोगों ने सभा में अपने अपने भाषा में बौद्ध धर्म के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उनके चले मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। धम्म पद यात्रा कार्यक्रम के शुरुआत में नवोदय के छात्रों ने स्वागत गान से आतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर नव नालंदा से आए दीपक आनंद, जेठियन गांव से दिनेश सिंह, नरसिंह सिंह, विनोद कुमार विपुल, भानु प्रताप, अजय सिंह, राजेश कुमार, राजीव कुमार, उमा सिंह, राकेश कुमार, अवधेश सिंह के साथ काफी संख्या में रहे ग्रामीणों ने अतिथि बौद्ध भिक्षुओं का स्वागत किया।

## बिजली बिल सुधार शिविर में ऑन द स्पॉट शिकायतों का किया निबटारा

**फतेहपुर।** फतेहपुर प्रखंड के कठौतिया केवाल और नौडीहा सुल्तानपुर पंचायत में बिजली बिल सुधार कैंप लगाया गया। इन कैंपों में बिजली बिल सुधार, डबल बिजली बिल, खराब मीटर, गलत रीडिंग, नए बिजली कनेक्शन, कृषि बिजली कनेक्शन व स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायत सुनी गई और उसका निदान किया जा रहा है। साथ ही इन कैंपों में 72660 रुपए बकाए बिल की वसूली भी की गई। कनीय विद्युत अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि नौडीहा सुल्तानपुर पंचायत में आयोजित कैंप में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 14 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा किया गया। वहीं तीन नए कनेक्शन दिए गए। साथ ही छह उपभोक्ताओं से 18254 रुपए बकाए बिल की वसूली की गई। कठौतिया केवाल पंचायत के कैंप में 28 उपभोक्ताओं से 55660 रुपए बकाए बिल की वसूली की गई। साथ कैंप में प्राप्त 11 आवेदनों में 8 का ऑन द स्टॉप निपटारा किया गया। कैंप में बिजली कर्मी चिंटू कुमार, सुबोध कुमार, संतोष कुमार, पप्पू कुमार, रामशीष कुमार, राजेश कुमार, पप्पू मिस्त्री आदि कर्मी मौजूद रहे।

## बीपीएससी एग्जाम में 19 सेंटरों को दिए गए 40 श्रुति लेखक

**गया।** बीपीएससी द्वारा शुक्रवार को आयोजित 70 वीं एकीकृत संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा में 29 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गया में 27 केंद्रों पर एक पाली में परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में 12 हजार 468 परीक्षार्थियों को शामिल होना था जिसमें 3607 परीक्षार्थी अनुपस्थित और 8861 शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को मफलर, टोपी व शॉल आदि उतारकर प्रवेश दिलाया गया। इस परीक्षा में 19 सेंटरों पर दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए 11वीं व 12वीं के 40 छात्रों को श्रुति लेखक बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा हुई।

## मशहूर गायक अल्ताफ राजा आज गीत-गजल की सजाएंगे महफिल

**गया।** महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र बोधगया में शुक्रवार से डालमिया सिंथेटिक्स का दो दिवसीय सेल कांफ्रेंस शुक्रवार से शुरू हो गया है। इस कांफ्रेंस में मगध प्रमंडल के अलावे झारखंड से सैकड़ों कारोबारियों ने शर्ट-पैंट के कपड़े से लेकर दुल्हन की साड़ियां, लहंगे व आईजोरा के गोल्ड डायमंड गहनों की बुकिंग की। शाम में जयपुर के प्रसिद्ध कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। इस संदर्भ में आयोजनकर्ता शिवकैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना डालमिया व गौतम डालमिया ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी भव्य तरीके से सेल कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। देशभर की करीब 80 से अधिक कंपनियों ने स्टॉल लगाए गए हैं। यहां सूरत, बंगलोर, बनारस, मुंबई सहित अन्य राज्यों से आए कारोबारियों ने अपनी-अपनी कंपनी के स्टॉल लगाए, साथ ही आईजोरा इंडिया लैब ग्राउन गोल्ड डायमंड गहनों का एग्जिबिशन भी लगा है।

# बेटे की शादी में फतुहा गया परिवार हो गई 5 लाख की संपत्ति की चोरी

निज संवाददाता। नालंदा

### रिसेप्शन के लिए रखे थे पैसे



बिहार शरीफ में सक्रिय बदमाशों ने शनिवार की रात बंद घर का ताला तोड़कर कैश, जेवरात समेत 5 लाख की चोरी कर ली है। घटना सोहसराय थाना क्षेत्र के मोगल कुआं बौली पर मोहल्ले की है। चोरी का खुलासा शनिवार को हुआ जब पीड़ित परिवार घर लौटा। चोरी की घटना योगी विश्वकर्मा के घर में हुई है। पीड़ित योगी विश्वकर्मा ने बताया कि वह अपने बेटे अभय कुमार विश्वकर्मा की शादी को लेकर पूरा परिवार घर में ताला लगाकर फतुहा धाम गए हुए थे। जहां से शादी संपन्न होने के बाद जब शनिवार की सुबह करीब 8:30 बजे घर पहुंचे। जैसे ही मेन गेट का ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया तो पाया के घर के अंदर सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ है। कमरों के ताले टूटे हुए हैं। स्टोर बेल में रखें करीब 2 लाख रुपए कैश और ढाई लाख के जेवरात एवं मोबाइल की चोरी कर ली गई है। इसके उपरांत घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। बदमाश छत के सहारे किचन की खिड़की का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर गया। कमरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ने बताया कि बेटे के रिसेप्शन को लेकर घर मे रुपए रखे हुए थे। सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि घटना से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। घर बंद रहने के कारण बदमाशों ने निशाना बनाया है। घटना के बाद अंदेशा लगाया जा रहा कि घनी आबादी के बीच हुई इस चोरी में आसपास के लोगों का ही हाथ है। घर में हुई चोरी की बात शादी की खुशियां मातम में बदली हुई है। पीड़ित परिवार गाढ़ी कमाई के चोरी हो जाने के बाद सदमे में है।

# गया में अवैध हथियार के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



गया पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। दोनों के ऊपर अलग-अलग मामलों में केस चल है। पकड़ा गया पहला अपराधी हंटरगंज है। जिसने साल 2023 में लूट की घटना को अंजाम देकर पिछले एक साल से फरार चल रहा था। दूसरा बदमाश हथियार तस्कर बताया जा रहा है। पुलिस दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि 12 सितंबर 2023 कैशपार माइक्रो क्रेडिट कंपनी के कर्मचारी से चार बदमाशों ने पिस्टल दिखा कर उसके बैग और दस्तावेज लूट लिया था। इसके साथ ही फायरिंग भी की थी। इमामगंज थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की थी। जिला पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और छापेमारी के जरिए पूर्व में दो आरोपियों को लूटी गई सामग्री के साथ गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन इस मामले में संलिप्त अजय पासवान नाम का अपराधी फरार चल रहा था। अभी गुप्त सूचना मिली कि जिसके बाद पिस्टल, जिंदा कारतूस, मोबाइल और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। दो अलग-अलग मामलों में दो अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया पहला आरोपी हंटरगंज का है जो 2023 में हुई लूट की वारदात आरोपी था और वह फरार चल रहा था। वहीं दूसरा आरोपी हथियार तस्कर बताया जा रहा जिसे पुलिस ने पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पकड़े गए दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। पुलिस ने घेराबंदी की और अशोक महतो नाम के व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और दो मोबाइल बरामद किया गया है।

### बच्चों के विकास के लिए खेल का आयोजन

# नालंदा में ई लर्निंग किड्स प्ले स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम, जीते कई पुरस्कार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले के दीपनगर स्टेडियम में शनिवार को एक शानदार खेल आयोजन हुआ। जिसमें ई लर्निंग किड्स प्ले स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। स्कूल प्रशासन की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने न केवल खेल में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि कई महत्वपूर्ण पुरस्कार भी अपने नाम किया। स्कूल के निदेशक डॉ रणबीर कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की गतिविधियां महत्वपूर्ण हैं। हमारा प्रयास है कि बच्चों को खेल के प्रति जागरूक किया जाए ताकि वे स्वस्थ और सक्रिय रहें। स्कूल की प्राचार्या डॉ सुमन सिन्हा ने भी बच्चों की उपलब्धियों पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आज के इस कार्यक्रम में हमारे छात्रों ने जो उत्साह और कौशल दिखाया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। स्कूल के संरक्षक ईश्वर दयाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा अपनी क्षमताओं को पहचाने और उन्हें विकसित करे। इस आयोजन ने न केवल बच्चों के खेल कौशल को बढ़ावा दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत किया। स्कूल प्रशासन की इस पहल ने शिक्षा और खेल के बीच एक सेतु का निर्माण किया है।

### राजगीर खेल अकादमी में खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण

# नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा

निज संवाददाता। नालंदा



राजगीर में नवनिर्मित राजगीर खेल अकादमी में प्रशिक्षण का कार्य दिसंबर महीने से आरंभ होने जा रहा है। इस अकादमी में एथलेटिक्स, कुश्ती और भारोत्तोलन जैसे खेलों के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 20 दिसंबर तक पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संचालित खेलो इंडिया एक्सीलेंस सेंटर को राजगीर की इस नवनिर्मित अकादमी में स्थानांतरित किया जाएगा। इन खेलों से जुड़े कोचों को भी राजगीर में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। खिलाड़ी छात्रावास में और कोच अपने क्वार्टर में रहेंगे। बिहार भारोत्तोलन संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने बताया कि फिलहाल प्रत्येक खेल के लिए कम से कम दो कोच खिलाड़ियों के साथ राजगीर आएंगे।

**राज्य के खिलाड़ियों को मिलेगा प्रदर्शन करने का मौका:** पिछले साल पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इन तीनों खेलों के लिए खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की गई थी। इस केंद्र में राज्य स्तर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का चयन किया जाता है। राजगीर खेल अकादमी में खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। यहां खिलाड़ी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण ले सकेंगे और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य का नाम रोशन कर सकेंगे। बता दें कि राजगीर खेल अकादमी के शुरू होने से बिहार के खेल जगत में एक नई उम्मीद जगी है। इससे राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

### मछली कारोबारियों के लिए खुशखबरी

# 10 नए मत्स्य बाजार बनेंगे 8 प्रखंडों के लिए योजना



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में मछली व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला मत्स्य विभाग ने आठ प्रखंडों में 10 नए मत्स्य बाजार स्थापित करने की योजना तैयार की है, जो न केवल स्थानीय मछुआरों को लाभ पहुंचाएगी, बल्कि उपभोक्ताओं को ताजा और गुणवत्तापूर्ण मछली खरीदने में सुविधा प्रदान करेगी।

**चार हजार वर्ग फुट में होगा प्रत्येक बाजारः** जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभू प्रसाद के अनुसार, इन नए मत्स्य बाजारों में छह बाजार पंचायत स्तर पर और चार बाजार नगरीय क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक बाजार लगभग चार हजार वर्ग फुट क्षेत्र में फैला होगा और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

**उन्नत सुविधाएं और सुरक्षित माहौलः** नए मत्स्य बाजारों में उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इनमें पानी, बिजली और शौचालय की समुचित व्यवस्था के साथ बड़े हॉज भी होंगे, जहां मछलियां को दो से तीन दिनों तक जीवित रखा जा सकेगा। विशेष मशीन हवा की शुद्धता सुनिश्चित करेंगी और अलग-अलग स्टॉल मछली खरीद-बिक्री को सुगम बनाएंगे।

**कहां-कहां बनेंगे मत्स्य बाजारः** ये मत्स्य बाजार अस्थावां प्रखण्ड के अमावां, गिलानी एवं जाना गांव, बिहारशरीफ प्रखण्ड के

### मछुआरे, उपभोक्ताओं को मिलेगी सुविधा

सिपाह गांव, एकंगरसराय प्रखण्ड के एकंगरडीह गांव में, राजगीर प्रखण्ड के नाहुब गांव में, सिलाव प्रखण्ड के मोहनपुर गांव में, नूरसराय प्रखण्ड के चण्डासी गांव में, नगरनौसा प्रखण्ड में एवं गिरियक प्रखण्ड में बेंगे।

**मछुआरे और उपभोक्ता दोनों होंगे लाभार्थीः** इस परियोजना से मछुआरे और व्यापारी दोनों को लाभ मिलने की संभावना है। अब उन्हें घूम-घूम कर मछली बेचने की बजाय एक निर्धारित स्थान पर अपना कारोबार चलाने का अवसर मिलेगा। उपभोक्ताओं को रेहु, कतला और नैनी जैसी विभिन्न प्रजातियों की ताजा मछलियां एक ही छत के नीचे खरीदने का लाभ मिलेगा।

**विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाः** जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभु प्रसाद ने बताया कि यह योजना न केवल मछली व्यापार को संगठित करेगी, बल्कि विभाग को राजस्व में भी वृद्धि करने में मदद करेगी। मछली बाजारों के लिए ऐसे स्थान चुने गए हैं जहां वाहनों की आवाजाही आसान हो और खरीदार-विक्रेता दोनों को पहुंचने में सुविधा हो। यह पहल नालंदा में मत्स्य व्यवसाय को एक नई दिशा देने की उम्मीद जगाती है।

# अब बिना मदद के खुद से ही दैनिक कार्य कर सकेंगे दृष्टिबाधित बच्चे

निज संवाददाता। गया



घर में बिना किसी सहयोग के पूर्ण दृष्टिबाधित बच्चे खुद अपना दैनिक कार्य कर सकेंगे। साथ विद्यालयों में सामान्य बच्चों की तरह ये भी पठन-पाठन कार्यों में शामिल होंगे। बिहार शिक्षा परियोजना, गया मिडिल स्कूल चाकंद दो और शहर के उर्दू मिडिल स्कूल, गेवाल बिगहा में पूर्ण दृष्टिबाधित बच्चों के लिए 90 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण स्पर्श की शुरुआत की गई। यहां बच्चों को घर और विद्यालय के लिए दैनिक क्रिया कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा। इस प्रशिक्षण के बाद उन्हें घर में खुद कार्यों व विद्यालय में विषय आधारित पढ़ाई की मुश्किलें भी कम हो जाएगी। समावेशी शिक्षा के तहत जिले से चिह्नित छह से 18 आयु वर्ग के 50 पूर्ण दृष्टिबाधित बच्चों को रोजाना नौ घंटे की ट्रेनिंग दी जा रही है। पढ़ाई समेत ब्रेल और ज्ञानेंद्रिय आदि की ट्रेनिंग इनकी दिनचर्या में शामिल है। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को निःशुल्क रहना-खाना, ड्रेस-जूता, ब्रेल किट व मेडिकल चेकअप की भी सुविधा दी जा रही है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बच्चों को सामान्य विद्यालयों में उम्र सापेक्ष नामांकन कराया जाएगा। जहां कक्षा एक से आठवीं तक में बच्चों की पुस्तकें ब्रेल लिपि में है। इसलिए यहां इन्हें ब्रेल की भी ट्रेनिंग मिल रही है। चेहरा व शरीर बचाने की भी मिल रही ट्रेनिंग बच्चों को चेहरा और शरीर को बचाने के लिए क्रॉस बॉडी आर्म्स की ट्रेनिंग दी जा रही है। ब्रेल लिपि की ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनर शब्द बोलते गए और बच्चे स्टाइलस की मदद से ब्रेल स्टेल पर उसे लिखते चले गए। टेलर फ्रेम पर बच्चों को जोड़-घटाव आदि भी सिखाए जा रहे हैं। साथ ही साइटेड गाइड टेक्निक के सहारे बच्चों को सीढ़ियां चढ़ने व उतरने का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दृष्टिवान मानव से किस तरह सहायता लेनी है। इसकी भी जानकारी दी जा रही है। साथ ही स्पर्श, आवाज, सुगंध व स्वाद के जरिए चावल, दाल, गेहूं, फल-सब्जी, चाय-चीनी, मसाला आदि की पहचान की ट्रेनिंग भी शामिल है। प्रशिक्षण के बाद मुख्य धारा से जुड़ेंगे बच्चे समावेशी शिक्षा के संभाग प्रभारी मदन प्रसाद ने बताया कि स्पर्श कार्यक्रम एक सेतु पाठ्यक्रम है।

इसका उद्देश्य शिक्षा से दूर दिव्यांग बच्चों को विशेष रूप से प्रशिक्षित करने के बाद उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है।

## JDU कार्यकर्ता सम्मेलन का कल आयोजन राजनीतिक गतिविधियों में नई संभावनाएं

**नालंदा।** जेडीयू के कार्यकर्ताओं को मंच प्रदान करने और पार्टी की संगठनात्मक रणनीति को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को नालंदा के श्रम कल्याण केन्द्र के मैदान में कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें केंद्रीय और राज्य स्तर के कई वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। सम्मेलन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें प्रखंड, पंचायत, वार्ड और बूथ स्तर के सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया जाएगा। जिससे पार्टी अपने आधार को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन जनता दल यूनाइटेड की संगठनात्मक क्षमता और राजनीतिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रतीत होगा। केंद्रीय और राज्य स्तर नेताओं में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह), राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, और बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, विजय कुमार चौधरी तथा महेश्वर हजारी प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
सं०– एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/04/24
वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है।
**1. कार्य का नाम एवं स्थानः** अल्टरेशन ईन सिमेन्स आरआरआई (रूट रिले इंटरलॉकिंग) एट सोननगर स्टेशन ईन कनेक्शन विथः प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन एट डाउन फर्स्ट एंड सेकंड लूप एट सोननगर स्टेशन।, **2. कार्य का अनुमानित मुल्य :** रू० 1,45,68,494.16/– (एक करोड़ पैंतालीस लाख अड़सठ हजार चार सौ चौरान्वे रूपये एवं सोलह पैसे मात्र)।, **3. धरोहर राशि :** रू० 2,22,900/– (दो लाख बाईस हजार नौ सौ रूपये मात्र)।, **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 03.01.2025 को 12:30 तक।, **5. बेवसाईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है। : www.ireps.gov.in**
मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं० दी० द० उपा०
पीआर/01694/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/24-25/28

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
सं०– एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/05/24
वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है।
**1. कार्य का नाम एवं स्थानः** अल्टरेशन ईन सिमेन्स मेक ईआई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 03 स्टेशन्स ईन कनेक्शन विथ करेक्सन ईन यार्ड लेआउट वर्क एटः (i) बधोई कुसाः इनक्रिजिंग ऑफ अप लॉग हॉल लूप लाईन एटलिस्ट अपटू 1400 मीटर फॉर अकामडैटिंग लॉग हॉल ट्रेन्स। (ii) जाखिमः यार्ड रिमोडलिंग फॉर इनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ डाउन साईड कॉमन लूप एंड ओभर रन लाईन ईन अप लूप लाईन फॉर साईमलटेनियस रिसेप्सन एंड डिसपैच फैसिलिटी एट जाखिम स्टेशन। (iii) जपलाः एक्सटेंशन ऑफ शंटिंग नेक (50 एम) ऑफ लाईन नं० 5 एट सोननगर साईड एंट जपला।, **2. कार्य का अनुमानित मुल्य :** रू० 2,23,27,414.51/– (दो करोड़ तेईस लाख सताईस हजार चार सौ चौदह रूपये एवं इक्कावन पैसे मात्र)।, **3. धरोहर राशि :** रू० 2,61,600/– (दो लाख इकसठ हजार छः सौ रूपये मात्र)।, **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 03.01.2025 को 12:30 तक।, **5. बेवसाईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।: www.ireps.gov.in**
मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं० दी० द० उपा०
पीआर/01695/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/24-25/40

पूर्व मध्य रेल
ई- निविदा सूचना
ई–निविदा नोटिस सं.– 33 ऑफ 2024–25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। निविदा सं. 22–डीडीयू–व.मं.इंजी.–II–24–25 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : परैया स्टेशन के अप लूप लाइन में ओवर रन का प्रावधान। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : रु. 12119671.09 (iii) धरोहर राशि : रु. 210600.00 निविदा सं. 23–डीडीयू–व.मं.इंजी.–II–24–25 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : गुरारु स्टेशन के डाउन लूप लाइन में ओवर रन का प्रावधान। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : रु. 8255774.88 (iii) धरोहर राशि : रु. 165100.00 निविदा सं. 24–डीडीयू–व.मं.इंजी.–II–24–25 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : जाखिम स्टेशन पर एक साथ रिसेप्शन और डिस्पैच सुविधा के लिए डाउन साइड कॉमन लूप और अप लूप लाइन में ओवर रन के सीएसएल को बढ़ाने के लिए यार्ड रिमाडलिंग। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : रु. 11313070.41 (iii) धरोहर राशि : रु. 206600.00
● ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 03.01.2025 को 12:00 बजे तक ● वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, डी. डी. यू.
पीआर/01697/डीडीयूजी/इंजी./टी/24–25/44

सोन वर्षा वाणी, हिन्दी दैनिक
औरंगाबाद, रविवार, 15 दिसम्बर 2024
बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


### ट्रक चालक और सह चालक ने मिलकर रची फर्जी लूट की कहानी

# 25 टन दाल की लूट का खुलासा, पुलिस ने ट्रक चालक और कंडक्टर को किया गिरफ्तार

- पुलिस की सूझबूझ से अरवल से बरामद
- पुलिस ने अरवल से बरामद किया लूटी गई दाल और ट्रक
- साक्षात्कार से सामने आई साजिश, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास पुलिस ने 25 टन दाल लूटकांड का पर्दाफाश करते हुए एक बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता ट्रक चालक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है, जबकि लूट की दाल और ट्रक को अरवल से बरामद कर लिया गया। इस पूरी घटना ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने के साथ-साथ पुलिस की कार्यकुशलता को भी परखा। 13 दिसंबर को नासरीगंज थाना क्षेत्र में एक ट्रक के चालक योगेंद्र यादव ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया कि जब वह दाउदनगर-नासरीगंज रोड पर ट्रक से गुजर रहा था, तब बोलेरो सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर ट्रक को ओवरटेक कर उसे जबरदस्ती नीचे उतार दिया। इसके बाद अपराधी ट्रक और उसमें लदे 25 टन दाल को लेकर फरार हो गए। योगेंद्र ने अपनी शिकायत में बताया कि ट्रक में मौजूद सह चालक के साथ अपराधियों ने उसे बंधक बना लिया और बाद में किसी सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गए। यह मामला गंभीर था क्योंकि ट्रक में रखी 25 टन दाल की कीमत लाखों रुपये में आंकी गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी रौशन कुमार ने बिक्रमगंज के एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया।

इस टीम ने मामले की गहराई से जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को ट्रक चालक योगेंद्र यादव की कहानी संदिग्ध लगी। पुलिस ने जब योगेंद्र से सख्ती से पूछताछ की, तो सच सामने आया। योगेंद्र ने कबूल किया कि उसने और उसके सह चालक दीनानाथ ओझा ने मिलकर यह साजिश रची थी। दोनों ने फर्जी लूट की कहानी गढ़ी और ट्रक में लदी दाल को अरवल के अपने सहयोगियों के पास खपाने का प्लान बनाया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अरवल जिले के महेंदिया थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान पुलिस को वह ट्रक बरामद हुआ, जिसमें 366 बोरा दाल लदी हुई थी। यह दाल अलग-अलग गोदामों में छिपाकर रखी गई थी, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य अभियुक्त ट्रक चालक योगेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। योगेंद्र भोजपुर जिले के बिहियां का रहने वाला है। इसके साथ ही अरवल के शेखर कुमार उर्फ घंटू शर्मा को भी गिरफ्तार किया गया, जिसका आपराधिक इतिहास पहले से रहा है। पुलिस ने बताया कि सह चालक दीनानाथ ओझा और इस साजिश में शामिल अन्य दो लोगों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जांच में यह बात स्पष्ट हुई कि ट्रक चालक और सह चालक ने लालच में आकर इस साजिश को अंजाम दिया। ट्रक में लदी दाल की बड़ी मात्रा और उसकी कीमत ने उन्हें इस अपराध के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सोचा था कि फर्जी लूट की कहानी के जरिए वह आसानी से पुलिस को गुमराह कर सकते हैं। इस पूरे घटनाक्रम में रोहतास पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गहन जांच ने यह साबित कर दिया कि साजिश चाहे जितनी भी जटिल क्यों न हो, कानून के हाथ लंबे होते हैं। पुलिस की इस सफलता ने क्षेत्र में आम जनता के बीच भरोसा बहाल किया है। पुलिस अब इस पूरे मामले से जुड़े अन्य अभियुक्तों को पकड़ने और इस साजिश की जड़ों तक पहुंचने में जुटी है। साथ ही, यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि इस तरह के अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों को कड़ी सजा मिल सके। यह घटना न केवल पुलिस की मुस्तैदी का उदाहरण है, बल्कि यह भी दिखाती है कि अपराधी कितना भी चतुर क्यों न हो, सच्चाई सामने आ ही जाती है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | डेहरी-आन-सोन (रोहतास)



शनिवार को डेहरी व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें तीन बेंचों का गठन किया गया था। प्रत्येक बेंच का नेतृत्व न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ताओं ने किया। पहले बेंच की अध्यक्षता श्रीमती अर्चना कुमारी, सिविल जज (जे.डी.) डेहरी ने की, जबकि सदस्य के रूप में रामनाथ रामनाथ, अधिवक्ता उपस्थित रहे। दूसरे बेंच का संचालन प्रवीन कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डेहरी ने किया, और ओमप्रकाश पांडेय, अधिवक्ता सदस्य थे। तीसरे बेंच का संचालन रिचा कश्यप, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ने किया, जबकि सदस्य के तौर पर सुरेंद्र प्रसाद सिंह थे। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 49 अपराधिक मामलों का निष्पादन हुआ, जबकि बैंक के मामलों में 244 मामले प्रस्तुत हुए, जिनमें से 119 मामलों का निष्पादन किया गया। इन मामलों में कुल 91,92,767 रुपये बैंक को प्राप्त हुए। लोक अदालत में न केवल अपराधिक और बैंक मामलों की सुनवाई की गई, बल्कि इसमें आम नागरिकों को अपने विवादों का समाधान बिना मुकदमा दर्ज कराए और जल्दी से जल्दी प्राप्त करने का अवसर भी मिला। इस आयोजन ने नागरिकों के बीच न्याय की पहुँच को सरल और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। अदालत के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से न्यायालयों पर मामले की संख्या में भी कमी आएगी और लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही, यह आयोजन लोगों में आपसी विवादों को सुलझाने के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी देता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के लिए न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर काफी मेहनत की, और यह सुनिश्चित किया कि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा किया जाए ताकि आम जनता को त्वरित न्याय मिल सके।

# 614 लीटर देशी शराब बरामद, दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)।** पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चिल्हरुआं गांव में 614 लीटर देशी शराब बरामद की। पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब की बरामदगी की और दो आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में अपर थानाध्यक्ष मनीश कुमार पंजियारा ने बताया कि चिल्हरुआं गांव निवासी स्व. कृष्ण मुरारी पासवान के पुत्र ऋषि पासवान के दालान से शराब की बड़ी खेप बरामद की गई। इस शराब में ब्लू लाइम ब्रांड की 56 पेटियां, जिनमें कुल 500 लीटर शराब थी, विंडसर लाइम ब्रांड की 11 पेटियां, जिनमें 99 लीटर शराब थी, और 15 लीटर देशी महुआ शराब शामिल थी। पुलिस की छापेमारी की भनक लगते ही अवैध शराब कारोबार में शामिल आरोपी मौके से फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में दो प्रमुख आरोपियों की पहचान की है। इनमें ऋषि पासवान और इस्माइल अंसारी के पुत्र साजिद अंसारी का नाम शामिल है। पुलिस ने इनके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी रखा है।

# डीएम की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया की समीक्षा को लेकर हुई बैठक

निज संवाददाता | नवादा

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया की समीक्षा करना था। इस बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने खरीफ विपणन मौसम 2024-25 से संबंधित आंकड़ों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुल 181 समितियों का चयन किया गया था, जिनमें से 153 समितियां कार्यरत हैं। अब तक इन समितियों द्वारा निर्धारित लक्ष्य 1 लाख 25 हजार 714 मीट्रिक टन के मुकाबले 819 किसानों से 5756 मीट्रिक टन धान की खरीदारी की जा चुकी है। जिला पदाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति की गति को बढ़ाने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि सभी मिलों को समान अवसर प्रदान किया जाए और पैक्सों को समान रूप से टैग किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक राइस मिल का 15 दिन के अंतराल में गुणवत्ता और मानक का मूल्यांकन किया जाएगा, और इसी आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। इस मूल्यांकन के परिणामों के आधार पर आगामी निर्णय लिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने यह निर्देश दिया कि प्रत्येक मिल पर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया जाए, ताकि काम की निगरानी सही तरीके से की जा सके। कार्यकारिणी विवाद वाले पैक्सों को अंतिम अवसर देने की बात करते हुए, जिला पदाधिकारी ने अगले दो दिनों के भीतर कार्य शुरू करने का आदेश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह पैक्स निर्धारित समय सीमा में कार्य शुरू नहीं करते हैं, तो अगले पांच वर्षों तक उनके चुनावों पर रोक लगा दी जाएगी। इसके अलावा, जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों का प्रदर्शन लगातार दो सप्ताह तक खराब रहेगा, उन्हें चिन्हित किया जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी भवन प्रमंडल नवादा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। यह बैठक धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने और निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल थी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**दिनारा (रोहतास) (नि. सं.)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 319 पर गौरा गांव के समीप शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय मजदूर विंध्याचल सिंह की मौत हो गई। मृतक गौरा टोला निवासी लालमोहर महतो का पुत्र था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, विंध्याचल सिंह खनिता चौक से मजदूरी कर अपने घर लौट रहा था, जब अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में मृतक का सिर पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# साढ़े तीन दशक बाद अनुमंडल को मिला अपना भवन, बगैर उद्घाटन के ही नए भवन में कार्य शुरू

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)



साढ़े तीन दशकों बाद विक्रमगंज अनुमंडल को अपना नया भवन मिल गया, जिसके निर्माण में लगभग दस करोड़ रुपये की लागत आई। शुक्रवार को इस नए भवन में अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता और अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी का कार्यालय स्थानांतरित होकर संचालित हुआ। हालांकि, दूसरे तल पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के कार्यालय के लिए जगह छोड़ी गई है, लेकिन एसडीपीओ का कार्यालय अभी स्थानांतरित नहीं हो पाया है। नवीन अनुमंडल कार्यालय के उद्घाटन को लेकर पहले 22 या 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री के हाथों उद्घाटन होने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन इस बीच 15 दिसंबर से खरवास मास का आगमन होने के कारण अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने बिना विधिवत उद्घाटन के ही शुक्रवार को कर्मचारियों के साथ नया भवन खोला। उन्होंने मुख्य गेट पर नारियल फोड़कर कार्य शुरू किया। इस दौरान कार्यालय कक्ष में जनता दरबार भी आयोजित किया गया, जिसमें फरियादी अपने शिकायती आवेदन लेकर पहुंचे थे। इस नए भवन का उद्घाटन एक ऐतिहासिक घटना है, क्योंकि 1984 से अनुमंडल पदाधिकारी और अन्य कार्यालय के अधिकारी केन यूनियन के भवन में किराए के मकान में काम कर रहे थे।

अब यह नया भवन स्थानीय शहर के धांवा नहर पुल के पास बिहार सरकार की लगभग 2 एकड़ 4 डिसमिल भूमि पर बनकर तैयार हुआ है। वर्ष 2023 में तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया था, और एक वर्ष के भीतर इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। इस अनुमंडल में लगभग 10 लाख से अधिक आबादी है, जिसमें आठ प्रखंड, 11 थाने, एक ओपी और नगर परिषद के अलावा चार नगर पंचायत शामिल हैं। इस तरह, नए भवन के बनने से विक्रमगंज अनुमंडल के विकास को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, इस अचानक कार्य की शुरुआत से कुछ नाराजगी भी उत्पन्न हुई है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि बिना विधिवत उद्घाटन और बिना सूचना के कार्य शुरू किया जाना शासन प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज करने जैसा प्रतीत हो रहा है। अधिवक्ता उदय कुमार सिंह ने कहा कि नए भवन में अधिवक्ताओं के लिए बैठने की कोई सुरक्षित जगह निर्धारित नहीं की गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, रोहतास जिला पदाधिकारी के कड़े रुख के कारण नए भवन का उद्घाटन होने तक अनुमंडल कार्य को पुराने भवन में ही संचालित करने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद, शनिवार शाम तक नए भवन से सारे फर्नीचर और दस्तावेज पुराने भवन में वापस ले जाकर कार्य को वहीं पुनः स्थापित किया गया। इस मुद्दे पर, आधिकारिक तौर पर कई पदाधिकारी इस विषय पर कुछ भी बोलने से परहेज करते नजर आए हैं, जिससे स्थिति और भी रहस्यमय बनी हुई है।

# जिला स्तरीय पदाधिकारी ने की पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)।

शनिवार को रोहतास जिले के गोडारी प्रखंड कार्यालय के सामुदायिक भवन में नवनिर्वाचित पैक्स समिति अध्यक्षों की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजकुमार सिंह ने पैक्स अध्यक्षों के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और उन्हें दिशा-निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत में जिला कल्याण पदाधिकारी ने रोहतास जिले में धान की अधिप्राप्ति की धीमी गति पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि जिले में धान की खरीद का कार्य निर्धारित लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाया है, जो एक गंभीर समस्या बन चुकी है। उन्होंने पैक्स अध्यक्षों को एक सप्ताह के अंदर अधिप्राप्ति की गति बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा, "यह महत्वपूर्ण है कि सभी पैक्स समितियां अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें और धान की अधिप्राप्ति में तेजी लाएं, क्योंकि इस पर ही किसानों के लाभ का सवाल है।" बैठक में मोथा पैक्स अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि इस बैठक में मुख्य रूप से किसानों से धान की खरीद पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि किसानों को समय पर भुगतान और उचित मूल्य मिल सके, इसके लिए सभी पैक्स समितियों को सटीक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए पैक्स अध्यक्षों और कार्यकारिणी के कुछ सदस्य उपस्थित रहे।

इसके अलावा, विभागीय कर्मियों ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज की और कार्यों को सुचारु रूप से संपादित करने के लिए अपने सुझाव दिए। बैठक के अंत में, जिला कल्याण पदाधिकारी ने सभी अध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि आगामी दिनों में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी और गति से चले, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने किसानों के लाभ के लिए विभाग के साथ मिलकर सभी संभावित उपायों पर कार्य करने की भी बात की। इस बैठक से यह स्पष्ट हो गया कि विभाग और पैक्स समितियां किसानों के हित में मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और धान अधिप्राप्ति की गति को तेज करने के लिए सभी स्तरों पर समन्वय बढ़ाया जाएगा।

## बूथ अध्यक्षों को किया गया सम्मानित

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव संगठन पर्व के सह प्रवेक्षक, लाल सिंह आर्य ने बूथ संख्या 141 और 142 पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया। इस अवसर पर लाल सिंह आर्य और विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने सभी बूथ अध्यक्षों और कमिटी के सदस्यों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। लाल सिंह आर्य ने कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं, वे ही पार्टी की नींव हैं। उन्होंने पार्टी की मजबूती और संगठन की सफलता पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, जिला चुनाव प्रभारी रणवीर नंदन, प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह, अजय यादव, जिला महामंत्री विजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी पुलकित सिंह, नगर अध्यक्ष संदीप सोनी, सत्यनारायण पासवान, कपिल देव चौधरी, दिव्य प्रकाश तिवारी, श्याम किशोर प्रजापति, संजीव सिंह, उमंग सिंह, प्रभाकर तिवारी और अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# धान खरीद को प्राथमिकता देकर अधिप्राप्ति की जाए

- किसानों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश
- पैक्सों का मिलों से सम्बद्धता और दूरी पर ध्यान

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

इस सप्ताह आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी प्रखण्डों के वरीय नोडल पदाधिकारियों को किसानों से धान क्रय करने के सम्बंध में विशेष निर्देश दिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक प्रखण्ड में धान क्रय की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जा सके। सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे साप्ताहिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक प्रखण्ड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी और अध्यक्षों से यह अपेक्षाएं रखी गईं कि वे प्राथमिकता के आधार पर छोटे किसानों से धान की अधिप्राप्ति करेंगे और इस प्रक्रिया की निरंतर निगरानी वरीय नोडल पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। बैठक के दौरान यह भी तय किया गया कि धान बेचने वाले किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर किया जाए। इस दिशा में वरीय नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि किसानों को भुगतान में कोई देरी न हो। साथ ही, सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे समितियों और सहकारिता प्रसार कार्यालय स्तर पर किसानों के भुगतान की प्रक्रिया को त्वरित गति से आगे बढ़ाएं। इस कार्य की निरंतर निगरानी वरीय नोडल पदाधिकारी द्वारा की जाएगी, ताकि किसानों को उनका उचित मूल्य समय पर मिल सके और किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके अतिरिक्त, सभी वरीय नोडल पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे पैक्सों की मिलों से सम्बद्धता के सम्बन्ध में रिपोर्ट तैयार करें और इसे 15 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत करें। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पैक्सों का मिलों से सम्बद्धता ऐसा हो कि उन्हें धान कुटाई के लिए ज्यादा दूरी तय न करनी पड़े। इस निर्देश का उद्देश्य यह है कि पैक्सों को मिलों तक धान पहुंचाने में कोई कठिनाई न हो, जिससे उन्हें समय और संसाधनों की बचत हो सके। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि पूरे क्रय कार्य और संबंधित प्रक्रियाओं की निरंतर निगरानी की जाएगी। वरीय नोडल पदाधिकारी इस पूरी प्रक्रिया के अनुश्रवण के लिए जिम्मेदार होंगे और सुनिश्चित करेंगे कि सभी कार्य तय समय पर और पारदर्शी तरीके से संपन्न हों। किसानों से धान क्रय से लेकर उनके भुगतान तक, सभी कदमों का सटीक और प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस बैठक से यह स्पष्ट हो गया कि विभाग किसानों के हित में पूरी तत्परता से काम कर रहा है और उनकी सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है। किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई से बचाने और उनकी मदद के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं को तेज करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, धान क्रय की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी पैक्स अध्यक्षों, सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों और नोडल पदाधिकारियों से मिलकर कार्य करने की अपेक्षा की गई है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव का कांग्रेस पर बड़ा आरोप, कहा

# कांग्रेस ने संविधान के साथ सबसे अधिक खिलवाड़ किया

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने कांग्रेस पार्टी और संविधान को लेकर एक बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर देश में संविधान के साथ सबसे अधिक खिलवाड़ किसी ने किया है, तो वह कांग्रेस पार्टी है। उनका यह बयान सासाराम में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आया। रामकृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर स्पष्ट हैं और वह कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों को संविधान के मामले में ठोस जवाब देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने संविधान के साथ बार-बार खिलवाड़ किया है, जो लोग संविधान को अपनी जेब में लेकर घूमते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करारा जवाब देंगे। उनका कहना था कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान में कई बार बदलाव किए हैं और अब वही पार्टी संविधान की रक्षा का दावा कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कांग्रेस के नेताओं को यह गलतफहमी है कि संविधान के निर्माण में केवल कांग्रेसियों का ही योगदान है, जबकि देश के तमाम बड़े मनीषियों और महापुरुषों ने मिलकर इस महान दस्तावेज का निर्माण किया। संविधान का उद्देश्य गरीबों और वंचित वर्गों को अधिकार और सुरक्षा देना था, लेकिन कांग्रेस ने इस अधिकार का दुरुपयोग करते हुए गरीबों से उनका हक छीनने की कोशिश की।

रामकृपाल यादव ने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन लोगों ने संविधान को तोड़ा और उसका अपमान किया, वही आज संविधान का राग अलाप रहे हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान की रक्षा करने वालों में से हैं और वह संसद में कांग्रेसियों को उनके दुष्प्रचार और झूठे आरोपों का ठोस जवाब देंगे। इस टिप्पणी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार संविधान को सम्मान देने और उसकी रक्षा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उनके नेतृत्व में देश संविधान के मार्गदर्शन पर चल रहा है और भविष्य में भी कोई इसे बदलने की कोशिश नहीं कर पाएगा। कांग्रेस पर लगाए गए इन आरोपों के बाद रामकृपाल यादव ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे संविधान की सही समझ और उसके महत्व को जनता तक पहुंचाएं, ताकि देश के लोग यह जान सकें कि जो लोग संविधान की बात करते हैं, वही उसे सबसे अधिक तोड़ने और उसका दुरुपयोग करने में लगे हुए थे। रामकृपाल यादव ने अपने बयान में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व राष्ट्र को प्रगति की ओर लेकर जा रहा है और संविधान की ताकत को लागू करके ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाए जा सकते हैं।

# ट्रैक्टर व बोलेरो की टक्कर में तीन घायल

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)

परसथुआ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर सोहसा गांव के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें ट्रैक्टर और बोलेरो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में ममता देवी (24 वर्ष), राधेश्याम प्रसाद (42 वर्ष), और हर्षित कुमार (2 वर्ष), जो ग्राम अहिरौली, जिला बक्सर के निवासी हैं, शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल लोग अपनी निजी बोलेरो से भभुआ के रतवार स्थित डीएभी स्कूल से बीपीएससी की परीक्षा देकर घर वापस लौट रहे थे। जब वे सोहसा गांव के पास पहुंचे, तब अचानक उनकी बोलेरो ट्रैक्टर के पीछे जा टकराई। इस दुर्घटना के कारण तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दो घायलों की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा की महत्ता को रेखांकित करती है, जहां रफ्तार और ध्यान की कमी के कारण बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने भी घटना स्थल का दौरा किया और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है। घायलों के परिवार और उनके प्रियजनों में इस घटना से चिंता का माहौल है, और वे बेहतर इलाज की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं, स्थानीय लोग भी सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने की बात कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# बिजली बिल सुधार शिविर में ऑन द स्पॉट शिकायतों का किया निबटारा

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

प्रखंड के मानपुर पंचायत में आयोजित बिजली बिल सुधार शिविर में जहां लोगों की बिजली से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया, वहीं बड़ी संख्या में शिकायतों का ऑन द स्पॉट निबटारा भी किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिजली बिल, डबल बिल, खराब मीटर, गलत रीडिंग, नए बिजली कनेक्शन, कृषि बिजली कनेक्शन और स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्याओं का समाधान प्रदान करना था। शिविर में कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2 शिकायतों का तुरंत निपटारा किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली। इस दौरान, सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि शीर्ष कंपनी के निर्देशानुसार इस शिविर का आयोजन 14 तारीख तक किया जाना था, जो कि पंचायत के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। उन्होंने यह भी बताया कि बिजली बिल के बकाए को लेकर भी विशेष प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 19,234 रुपये का बकाया बिल वसूल किया गया। कैंप में आम लोगों की शिकायतों का समाधान करने के साथ ही बिजली विभाग द्वारा बकाया वसूली की प्रक्रिया को भी तेजी से अंजाम दिया गया। इस अवसर पर सुपरवाइज संदीप कुमार, मानवबल उदय प्रताप सिंह, श्री भगवान राम और अन्य कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने शिविर के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस तरह के शिविरों के आयोजन से उपभोक्ताओं को बिजली से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान प्राप्त हुआ और विभाग की कार्यकुशलता भी उजागर हुई।

# परिवार नियोजन के तहत 13 महिला तथा एक पुरुष का हुआ बंध्याकरण

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोचस में शनिवार को परिवार नियोजन पखवाड़े के अंतर्गत एक पुरुष नसबंदी और 13 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे परिवार नियोजन अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण में योगदान देना और परिवार नियोजन के विकल्पों को उपलब्ध कराना है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई 13 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उन्हें बंध्याकरण के लिए उपयुक्त पाया गया। ऑपरेशन के बाद सभी महिलाओं को स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित घर भेजने के लिए पीएससी एंबुलेंस की व्यवस्था की गई। इस ऑपरेशन के दौरान एक पुरुष की भी नसबंदी की गई। डॉक्टर ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीम के साथ महिला सहायिका भी मौजूद थीं, जो ऑपरेशन में सहायक बनीं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद लाभार्थियों को 2,000 रुपये तथा उत्प्रेरक को 300 रुपये प्रति ऑपरेशन की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से उनके बैंक खातों में जमा कर दी गई। यह राशि उन्हें परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने और इसके लाभ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दी जाती है। सफल ऑपरेशन के बाद सभी ऑपरेशन लाभार्थियों का स्वास्थ्य फिर से जांचा गया और उन्हें उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए पीएससी एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक, आशा दीदी, एएनएम, और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में परिवार नियोजन की अहमियत को समझाना और इसे एक जिम्मेदार विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



जिलाधिकारी ने किया पंचायत राज विभाग की महत्वकांक्षी योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

# डीएम ने सोलर स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन और वित्तीय योजनाओं पर दिए कड़े निर्देश

- योजनाओं में बाधा डालने वाले जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई
- पंचायत स्तरीय कर्मियों की उपस्थिति पर निगरानी

निज संवाददाता | नवादा



नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पंचायती राज विभाग की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा के लिए एक व्यापक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सोलर स्ट्रीट लाइट परियोजनाओं से संबंधित एजेंसियां, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला परिषद के वरिष्ठ अधिकारी, और अन्य संबंधित कर्मी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं का गहन विश्लेषण और उनकी समयबद्धता सुनिश्चित करना था। समीक्षा के दौरान सोलर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, पंचायत सरकार भवन का निर्माण, 15वीं वित्त आयोग और 6वीं राज्य वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं, अनुरक्षक भुगतान, जनप्रतिनिधियों के मानदेय, और पंचायत स्तरीय अंकेक्षण जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सोलर स्ट्रीट लाइट परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि सोलर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना और उनके भुगतान की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए। यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि सोलर लाइट्स का अधिष्ठापन कार्य उच्च गुणवत्ता और समय सीमा के भीतर हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि इस परियोजना की प्रगति की निगरानी नियमित रूप से की जाए। बैठक में पंचायत सरकार भवनों की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है, उन्हें तुरंत क्रियाशील बनाया जाए। निर्माणाधीन भवनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर पंचायत सरकार भवन के लिए जमीन का चयन नहीं हुआ है, वहां संबंधित पंचायत से शीघ्र प्रस्ताव मंगवाया जाए ताकि निर्माण कार्य शुरू हो सके। 15वीं वित्त आयोग और 6वीं राज्य वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कुछ पंचायतों में भुगतान की गति बेहद धीमी है। उन्होंने इन पंचायतों को चेतावनी दी और योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिन पंचायतों में 15वीं वित्त आयोग का भुगतान 10 प्रतिशत से भी कम पाया गया। मेसकौर प्रखंड, सहवाजपुर (7.16%), बारत (6.98%), बिजु विगहा (6.10%)। नारदीगंज प्रखंड, परमा पंचायत (5.57%), पकरीबरावां प्रखंड, पोक्सी पंचायत (9.92%), कबला पंचायत (1.96%), इन पंचायतों के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर भुगतान प्रक्रिया को तेज करें। बैठक में जिलाधिकारी ने उन पंचायत प्रतिनिधियों की पहचान और कार्रवाई पर जोर दिया, जो सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे प्रतिनिधियों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों की उपस्थिति को बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि कर्मियों की नियमित उपस्थिति और कार्यशैली पर निगरानी रखने के लिए यह कदम अनिवार्य है।

इस बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय, जिला परिषद नवादा के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अमृतेश कुमार, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, अंकेक्षक, और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पंचायती राज विभाग की योजनाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंचायत स्तर की ये योजनाएं ग्रामीण विकास और सामाजिक उत्थान में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक योजना को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से लागू किया जाए। साथ ही, उन्होंने हर महीने इन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने और समस्याओं को दूर करने के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित करने पर जोर दिया। इस बैठक से स्पष्ट हुआ कि प्रशासन पंचायती राज योजनाओं को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध है। समयबद्ध क्रियान्वयन और सख्त निगरानी से इन योजनाओं का लाभ आम जनता तक तेजी से पहुंच सकेगा।

## पीढ़ी-दर-पीढ़ी पलायन को रोकना जरूरी : जिलाधिकारी

निज संवाददाता | नवादा

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पलायन को रोकने से संबंधित बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सर्वप्रथम ऐसे परिवारों का सर्वे करना जरूरी है, जो बिहार के बाहर पलायन होते हैं। इसके लिए उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एक प्रपत्र बनाएं जिसमें नाम, पिता/पति का नाम, उम्र, पेशा आदि अंकित हो। साथ ही कहा कि इस सर्वे के द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि पलायन होने वाले परिवारों के बच्चे बाहर जाकर पढ़ाई जारी रख रहे हैं या नहीं, इसके लिए साक्ष्य की भी मांग करें। अगर बच्चे बाहर जाकर पढ़ाई नहीं जारी रख पा रहे हैं तो हमें बच्चों को जाने से सबसे पहले रोकना होगा एवं उनकी पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित करना होगा। यथासंभव आवासीय विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर जिन बच्चों का नाम स्कूल से कट गया है, उनका नामांकण करवायेंगे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी पलायन की इस चैन को तोड़ने से ही भविष्य बनेगा। इसके लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। श्रम संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, जीविका, मनरेगा आदि से संबंधित योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं उन्हें इस योजना का लाभ दिलाने हेतु कैम्प लगाना होगा। तभी नवादा जिला से पलायन को रोका जा सकता है। इसके लिए स्थानीय स्तर के कर्मी जैसे -विकास मित्र, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी आदि की भूमिका महत्वपूर्ण है। साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर पलायन की इस चैन को तोड़ा जा सकता है। बैठक में अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद, अनुमंडल पदाधिकारी रजौली श्री आदित्य कुमार पियूष, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रकाश प्रियरंजन, श्रम अधीक्षक श्री सुनील कुमार के साथ-साथ प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं विकास मित्र उपस्थित थे।

# पुलिस ने मारपीट और छिनतई मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, जेल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली थाना क्षेत्र में मारपीट और छिनतई के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना ने स्थानीय लोगों के बीच सनसनी फैला दी थी। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मामला बीते 7 अक्टूबर का है, जब सवैयाटांड़ पंचायत के सपही गांव में एक दुकानदार और उसके सहायक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया। सपही गांव निवासी दिलीप कुमार, जो स्व. रामोतार साव के पुत्र हैं, अपने गांव में एक दुकान चलाते हैं। 7 अक्टूबर को कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के चौधरीडीह गांव के निवासी विनोद यादव उर्फ घुटरा यादव के पुत्र शशि यादव, विनोद यादव के ही दूसरे पुत्र धीरेन्द्र यादव और स्व. परमेश्वर यादव के पुत्र धीरेन्द्र यादव व वीरेंद्र यादव उनकी दुकान पर पहुंचे। दिलीप कुमार ने बताया कि इन लोगों ने दुकान से सामान तो लिया लेकिन पैसे मांगने पर भुगतान करने से इनकार कर दिया। जब दिलीप ने बार-बार पैसे की मांग की, तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आए और मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान, दिलीप की चीख-पुकार सुनकर पास में मौजूद जयकार कुमार मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने का प्रयास किया। लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी बदसलूकी की और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। यही नहीं, आरोपियों ने जयकार कुमार की दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की। आरोपियों ने न केवल दुकान में तोड़फोड़ की, बल्कि वहां रखे 10,000 रुपये नगद और जयकार कुमार के गले में पहनी हुई सोने की चेन भी छीन ली। इस घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दिलीप कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम गठित की। पुलिस बलों ने छापेमारी कर डोमचांच थाना क्षेत्र के चौधरीडीह गांव से तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में शशि यादव उर्फ शशि कुमार, सुजीत यादव उर्फ सुजीत कुमार और धीरेन्द्र यादव उर्फ धीरेन्द्र कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों को पहले पुलिस अभिरक्षा में रखा गया, जहां उनके स्वास्थ्य की जांच कराई गई। शनिवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं न केवल भय का माहौल पैदा करती हैं, बल्कि सामाजिक शांति को भी प्रभावित करती हैं। लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि पुलिस अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शने के मूड में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साथ ही, उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस तरह के मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी ताकि क्षेत्र में अपराधियों के मनोबल को तोड़ा जा सके और शांति व्यवस्था बहाल की जा सके। यह घटना एक बार फिर यह साबित करती है कि सतर्कता और त्वरित पुलिस कार्रवाई से अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा सकता है।

## 14 बोतल विदेशी शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के चितरकोली गांव स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई अमित कुमार ने 14 बोतल विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में जांच चौकी पर चौबीसों घण्टे उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। बसों से शराब लेकर सफर कर रहे दो अलग-अलग को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में वैशाली जिले के महिसौर थाना क्षेत्र के विष्णुपट्टी गांव निवासी विशेश्वर चौधरी के पुत्र प्रिंस कुमार के पास से 750 एमएल के 13 बोतल ओल्ड मॉन्क रम एवं सारण जिले के मसरख थाना क्षेत्र निवासी कुमार गौरव उर्फ अमित कुमार सिंह उर्फ टिंकू के पास से 750 एमएल का एक बोतल रॉयल चैलेंज बरामद किया गया है। जब्त शराब एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# जिलाधकारी ने किया प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज उद्योग विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME), मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने इन योजनाओं के लक्ष्य और उपलब्धि का विश्लेषण किया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 2024-25 में 120 का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 116 आवेदन स्वीकृत किए गए थे, लेकिन केवल 49 आवेदन वितरित किए गए थे। इसी तरह, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में 160 का लक्ष्य था, जिसमें 110 आवेदन स्वीकृत हुए थे और 67 आवेदन वितरित किए गए थे। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन योजनाओं के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सभी प्रोजेक्ट मैनेजर, उद्योग विस्तार पदाधिकारी और जिला संसाधन व्यक्तियों को निर्देश दिए गए कि वे बैंकों से संपर्क कर लंबित आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत कराएं। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जो बैंक योजनाओं में रुचि नहीं ले रहे हैं, उनके खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर वरीय अधिकारियों और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को भेजी जाएगी।

इसके अलावा, अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे बैंकों की शाखाओं में जाकर व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें और लंबित आवेदनों की स्वीकृति सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना और बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत सभी लाभुकों का सत्यापन करने के साथ-साथ बंद पड़ी इकाइयों को पुनः चालू करने के प्रयास करने की बात की गई। जिला पदाधिकारी ने यह भी बताया कि वारिसलीगंज के वसोचक में 36 एकड़ और रजौली के भड़रा में 271 एकड़ भूमि का प्रस्ताव उद्योग विभाग को भेजा गया है। इन भूमि का औद्योगिक दृष्टिकोण से सर्वेक्षण किया जाएगा, जिसके बाद इन्हें बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत नए औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। इस पहल से नवादा जिले में औद्योगिक विकास को एक नया आयाम मिलेगा। बैठक में जिला उद्योग केंद्र, नवादा के महाप्रबंधक अमित विक्रम भारद्वाज और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जिले में औद्योगिक विकास को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

## सिरपतिया गांव में लगा बिजली विभाग का शिविर

**नारदीगंज (नवादा)**। डोहरा पंचायत के सिरपतिया गांव में शनिवार को बिजली विभाग द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बिजली बिल सुधारने और बिल जमा करने के लिए रखा गया था, जिसे बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया। इस शिविर में विभिन्न गांवों के कुल 6 उपभोक्ताओं ने अपने बिजली बिल जमा किए, वहीं 6 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन भी दिया। कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तीन उपभोक्ताओं के बिजली बिल सुधार दिए गए हैं। इसके अलावा, 6 उपभोक्ताओं ने कुल 10,300 रुपये का बिजली बिल जमा किया। इस अवसर पर जेएलएम विपिन कुमार, अनन्त कुमार, उदय कुमार, सहायक लाइन मैन गोपाल कुमार भी उपस्थित थे। शिविर में उपभोक्ताओं में रामवरण यादव, ईश्वरी चौहान, गीता देवी, नरेश चौहान, बूंदी चौहान समेत अन्य लोग भी मौजूद थे। इस शिविर का आयोजन बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिलों में सुधार करने और भुगतान करने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को उचित मार्गदर्शन दिया गया, जिससे उन्हें अपनी बिजली संबंधित समस्याओं का समाधान जल्दी और आसानी से मिल सका।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन, सुलह के माध्यम से सैकड़ों मामलों का हुआ निष्पादन

निज संवाददाता | नवादा




नवादा व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमापूर्ण माहौल में किया गया। इस अवसर पर नवादा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशुतोष कुमार झा, जिलाधिकारी रवि प्रकाश, और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार किया गया। इस लोक अदालत का उद्देश्य लंबित मामलों के त्वरित निपटारे और सुलह के माध्यम से पक्षकारों को राहत प्रदान करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के अध्यक्ष आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन और सचिव कुमारी सरोज कीर्ति के समन्वय में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे से आरंभ इस लोक अदालत में पक्षकारों को आपसी सहमति के आधार पर मामलों का समाधान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा, "लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य सुलह और सामंजस्य की भावना से विवादों का समाधान करना है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी पक्षकार निराश होकर वापस न लौटे।" जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39ए का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अनुच्छेद सभी नागरिकों को समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने का निर्देश देता है। उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय लोक अदालतें इसी सिद्धांत को साकार करने का माध्यम हैं। इन अदालतों के माध्यम से न केवल न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को कम किया जाता है, बल्कि विवादित पक्षों को समय पर न्याय भी प्रदान किया जाता है।" पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने इस अवसर पर कहा कि लोक अदालतें सामाजिक शांति और सामंजस्य बनाए रखने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुलह और समझौते के माध्यम से मामलों का समाधान पक्षकारों को मानसिक संतोष और न्यायालयों को कार्यभार से राहत प्रदान करता है।

सचिव कुमारी सरोज कीर्ति ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय के बोझ को कम करने का यह सरल और प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा, "इस लोक अदालत में सभी वादों का निष्पादन सुलहनीय तरीके से किया गया। वादी और प्रतिवादी दोनों को यहां न्याय मिला और कोई भी निराश होकर नहीं लौटा।" इस अवसर पर प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, आज की लोक अदालत में कुल 713 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इनमें 370 सुलह योग्य न्यायालय आधारित मामले और 343 प्री-लिटिगेशन से जुड़े वित्तीय मामले शामिल थे। इस कार्यक्रम ने न केवल न्याय की सुलभता सुनिश्चित की, बल्कि विवाद समाधान की प्रक्रिया को मानवीय और सरल बनाने का भी उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न्यायिक प्रणाली में विश्वास बढ़ाने और लंबित मामलों के निपटारे में अहम भूमिका निभाते हैं। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से अपील की कि वे लोक अदालतों के महत्व को समझें और इनका अधिकतम लाभ उठाएं। सचिव कुमारी सरोज कीर्ति ने भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजनों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। राष्ट्रीय लोक अदालत ने नवादा में न्यायिक प्रक्रिया को सुगम और सुलभ बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर स्थापित किया है। सुलह और सहमति के माध्यम से मामलों के निपटारे ने यह साबित किया कि न्यायालय न केवल विवाद समाधान का केंद्र है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और विश्वास के पुनर्निर्माण का माध्यम भी है।

# जनता दरबार में आए 6 मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



शनिवार को थाने में आयोजित जनता दरबार में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार की मौजूदगी में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से जुड़े जमीन विवादों का समाधान किया गया। इस दौरान अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार और राजस्व कर्मचारी चन्दन कुमार भी उपस्थित थे। अंचलाधिकारी ने बताया कि जनता दरबार में इस बार अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 6 जमीन विवाद आए थे, जिन्हें त्वरित रूप से हल किया गया। जनता दरबार में आने वाले मामलों में करीगांव गांव के महेंद्र प्रसाद और नरेंद्र राय, सिमरातरी गांव के साबिर अंसारी और सुभन मियां, चौथा गांव की पचोलवा देवी और जालो यादव, रजौली के अरुण कुमार और दारोगी राजवंशी, चटकरी गांव के मो सफीक मियां और मो असगर मियां, और हरदिया सेक्टर डी के शंकर भोक्ता और हरि चौधरी के बीच भूमि संबंधित विवाद थे। इन सभी 6 मामलों में दोनों पक्षों को एक ही स्थान पर बुलाकर आपसी सहमति से हल किया गया। अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने इस दौरान कहा कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, ताकि लोग भूमि संबंधित विवादों का समाधान बिना किसी परेशानी के कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य न केवल भूमि विवादों का समाधान करना है, बल्कि लोगों को यह संदेश देना भी है कि वे किसी भी तरह के विवाद को लेकर आपसी सहयोग से निपटारा करें। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को जमीन से संबंधित कोई विवाद हो, तो वे आपसी झगड़े से बचें और थाना परिसर में आयोजित होने वाले जनता दरबार में अपनी समस्याएं लेकर आएं। इस प्रकार के प्रयासों से न केवल विवादों का समाधान होता है, बल्कि शांति और सौहार्द का माहौल भी बना रहता है। जनता दरबार में हर शनिवार की तरह इस बार भी पुलिस बल और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जो इस आयोजन की सफलता में सहायक बने। पुलिस और प्रशासन द्वारा किए गए इस पहल से यह सुनिश्चित हुआ कि विवादों का निपटारा समय रहते और पारदर्शी तरीके से हो सके। जनता दरबार के दौरान जहां प्रशासन और पुलिस का सहयोग था, वहीं स्थानीय लोगों का भी पूर्ण सहयोग और विश्वास देखा गया।

# 17 दिसम्बर को एकदिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

**नवादा (नि.सं.)**। नवादा जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन द्वारा बताया गया कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, नवादा द्वारा 17 दिसम्बर को संयुक्त श्रम भवन (जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर) नवादा के प्रागंण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें स्वतंत्र माइक्रको फाईनेंस, पटना की कम्पनी भाग लेंगी। इस कंपनी के द्वारा एस०एफ०ओ० (फिल्ड ऑफिसर) के 50 पद के लिए योग्यता दसवीं है। वेतन रूपये 11000 के साथ ई०पी०एफ० ई०एस०आई०सी० एवं इन्सेटिव की सुविधा प्रदान की जायेगी। उम्र 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। जॉब लोकेशन- बिहार है। इच्छुक आवेदक/आवेदिकाऐं अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छायाप्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई०टी०आई०) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते है। रोजगार कैम्प पूर्वा0 11:00 बजे से आयोजित होगी। जो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर निबंधित है वही आवेदक/आवेदिकाऐं रोजगार कैम्प में भाग ले सकते है। साथ ही जो आवेदक निबंधित नहीं है वो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन स्वयं या कार्यालय से कराकर भाग ले सकते है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, नियोजन के शर्तो के लिए वे जिम्मेदार होगें। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में है।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध कराया गया एम्बुलेंस

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारदीगंज को एक बुनियादी जीवन रक्षक एम्बुलेंस प्रदान किया गया है। यह एम्बुलेंस शुक्रवार की रात को सीएचसी परिसर में पहुंचा और अब यह अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं में और भी सुधार लाएगा। यह एम्बुलेंस पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जो मरीजों को समय पर और सुरक्षित तरीके से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने में सहायक होगी। एम्बुलेंस के चालक मंटू कुमार ने बताया कि इस एम्बुलेंस में तीन स्ट्रेचर, एक व्हीलचेयर, इमरजेंसी कीट, ऑक्सीजन सिलेंडर, और अन्य प्रकार की औषधियां भी उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं के साथ, एम्बुलेंस का उपयोग न केवल प्रसव के मामलों, बल्कि अन्य आकस्मिक घटनाओं में पीड़ित मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में भी होगा। एम्बुलेंस की इस नई व्यवस्था से मरीजों को बाहर इलाज के लिए अस्पतालों में ले जाने में अधिक सुविधा होगी, और यह स्वास्थ्य सेवा में सुधार लाएगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि इससे पहले इस स्वास्थ्य केंद्र में एक ही एम्बुलेंस थी, लेकिन अब विभाग द्वारा दूसरा नया एम्बुलेंस मिलने से मरीजों को सुविधाओं का बेहतर लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सीएचसी में प्रतिदिन लगभग 150 से 200 मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें कई प्रसव के मामलों के लिए महिलाएं भी आती हैं। इस नए एम्बुलेंस से इन सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और आकस्मिक स्थितियों में त्वरित उपचार संभव होगा। इस अवसर पर सीएचसी के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। नए एम्बुलेंस के आगमन से न केवल स्वास्थ्य कर्मियों की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण इलाकों के लोगों को भी बेहतर और त्वरित चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। इस नए एम्बुलेंस के साथ स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्थानीय लोगों ने भी इस नई व्यवस्था का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे उनका इलाज और भी सहज और सुविधाजनक होगा। एम्बुलेंस की नई सुविधाओं के साथ अब मरीजों को दूरदराज के इलाकों से भी त्वरित और सुरक्षित तरीके से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने की। इस बैठक में डॉ. नवीन कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की कि वे अपने पोषक क्षेत्र में स्थित सभी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ लोगों तक पहुंच सके। बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की, जिसमें नियमित टीकाकरण, आरसीएच पंजीकरण और अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल थीं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से यह भी कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में परिवार नियोजन कार्यक्रम को बढ़ावा देने का प्रयास करें। परिवार नियोजन को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना भी स्वास्थ्य कर्मियों की जिम्मेदारी है। डॉ. कुमार ने विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि इस समय परिवार नियोजन पखवाड़ा चल रहा है और इसके तहत निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम न केवल समाज के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह लोगों की सेहत को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से अपेक्षाएं हैं कि वे इस लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी तत्परता और ईमानदारी से कार्य करें। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार, लेखापाल जयप्रकाश कुमार, बीडीएमओ विष्णुकांत पांडेय और अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के दिशा-निर्देशों का पालन करने का वचन दिया और सामूहिक प्रयास से कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस बैठक के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने-अपने पोषक क्षेत्र में कार्यों की प्राथमिकता तय की और परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्णय लिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में कोई भी कमी न हो और जो भी लोग परिवार नियोजन के प्रति संकोच कर रहे हैं, उन्हें समझाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### संपत्ति विवाद में मारपीट, तीन भाई घायल

**आरा।** धोबहा थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव में शुक्रवार को संपति के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई।मारपीट की घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में टुनटुन शुक्ला 50 वर्ष, मनीष शुक्ला और अनु शुक्ला है। तीनों धोबहा थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव के निवासी स्वर्गीय रामप्रवेश शुक्ला के पुत्र है। घटना के बाद परिवार के लोगों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां तीनों का इलाज चल रहा है। घायल के परिजन ने बताया कि संपति के विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। धोबहा थाना के थानाध्यक्ष वर्षा रानी ने बताया कि थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव में संपति के विवाद को लेकर भाई भाई में मारपीट होने की सूचना मिली है।किसी भी पक्ष के द्वारा अभी तक आवेदन थाना में नहीं दिया गया है।आवेदन मिलने के बाद जांच किया जाएगा।

### आर्म्स एक्ट व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल हुई बरामद

**आरा।** नवादा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचन के आधार पर छापेमारी कर मारपीट और फायरिंग की घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले की एक मकान के दरवाजे पर कुछ लड़कों द्वारा फायरिंग की गयी। घरवालों की ओर से भी फायरिंग करने की बात बताई जा रही है। हालांकि दरवाजा नहीं खुलने के कारण घर के सदस्य बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच फायरिंग की घटना को अंजाम देकर भाग रहे एक नाबालिग को एक पिस्टल के गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना स्थल से दो गोली का खोखा भी बरामद किया है। पीड़ित अरविंद सिंह जगदेवनगर में किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहते है। वह मूलरूप से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भदेया गांव के निवासी है। घटना के बाद शारदा सिंह के बयान पर जगदेव नगर मोहल्ले के चार लड़कों के खिलाफ नामजद एफआईआर नवादा थाना में दर्ज किया गया है। अपने बयान में शारदा सिंह ने बताया है कि मैं अपने पूरे परिवार के साथ जगदेवनगर मोहल्ला में ब्रजेश सिंह के मकान में ग्राउंड फ्लोर पर किराए पर रहती हु। शुक्रवार को चार लड़के आए और पहले दरवाजा खटखटाया। नहीं खोलने पर फायरिंग करने लगे। जिसके बाद डायल 11 2 को सूचना दिया।

### अगवा की गयी किशोरी बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**बिहिया।** किशोरी को अगवा किए जाने से संबंधित बहोरनपुर थाना में दर्ज केस के मामले में आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अगवा की गयी किशोरी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। बिहिया चौरास्ता के समीप पुलिस ने छापेमारी कर किशोरी को बरामद किया और आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बहोरनपुर थाना क्षेत्र के एक नाबालिग किशोरी स्कूल जा रही थी। इसी दौरान उसे कार पर बैठाकर अगवा कर लिए जाने को लेकर पिछले 6 दिसम्बर को किशोरी के पिता ने थाने में केस दर्ज करायी थी। दर्ज केस में युवक समेत पांच लोगों को आरोपित किया गया है। पुलिस ने बताया कि बरामद किशोरी का कोर्ट में बयान दर्ज कराने के लिए भेजा गया है। जबकि पकड़े गये आरोपित युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सांसद ने लोकसभा में रसोइयों का मुद्दा उठाया

**आरा।** सासंद सुदामा प्रसाद ने लोकसभा के शीतकालीन सत्र के शून्य काल में विद्यालय के रसोइयों से जुड़े सवाल को उठाया। उन्होंने अतिलोकमहत्व के विषय में राज्य में रसोइयों को 15 हजार रुपए मानदेय देने व वर्ष में 10 माह के बजाय बारहों महीना के भुगतान देने की मांगों पर शून्यकाल डाला। इसकी जानकारी देते हुए सांसद सुदामा प्रसाद के निजी सचिव चंदन कुमार ने बताया कि सांसद ने कहा कि मध्याह्न भोजन की केंद्र पोषित योजना के तहत विद्यालयों में खाना बनाने वाली रसोइयों की स्थिति अत्यन्त ही दयनीय है। स्वतंत्र भारत में उनको मिलने वाली मजदूरी शर्मसार करने वाली है।

### जिला क्रिकेट लीग में बिहिया क्रिकेट अकेडमी ग्रीन 5 विकेट से विजयी

**आरा।** भोजपुर जिला क्रिकेट लीग के जूनियर डिवीजन में शुक्रवार को बिहिया क्रिकेट अकेडमी ग्रीन बनाम न्यू कर्मन टोला क्रिकेट क्लब के बीच वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में मैच हुआ। जिला लीग भोजपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित है। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यू कर्मन टोला की टीम ने 28.4 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। न्यू कर्मन टोला की तरफ से अर्श गुंज ने 44 रन, विक्की ने 11 रन और राजवीर ने 10 रन का योगदान किया। जिया ने 11 रन बनाए। बिहिया की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रौनक ने सर्वाधिक तीन विकेट, अंकित व साकिब को दो-दो विकेट मिला। फरहान और शिवम को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहिया क्रिकेट क्लब की टीम ने मात्र पांच विकेट खोकर जीत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। साकिब ने सर्वाधिक 44 रन, रितिक ने 22 रन व अर्जुन ने 24 रन का योगदान किया। न्यू कर्मन टोला की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अर्श गुंज ने दो विकेट लिया। इस प्रकार बिहिया क्रिकेट अकेडमी ग्रीन ने यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। मैच के निर्णायक अनिमेष व तेजस थे, स्कोरिंग अमृतोष ने की। मैच के दौरान संयोजक आकाश कुमार, व्यवस्थापक कुमार विजय, सीनियर खिलाड़ी राकेश सिंह, जितेंद्र यादव, कनिष्क हर्षवर्धन उपस्थित थे।

### क्रीड़ा ज्ञान में पास 20 अभ्यर्थी पुरस्कृत होंगे

**बक्सर।** राष्ट्रीय खेल संगठन क्रीड़ा भारती की ओर से आयोजित परीक्षा का रिजल्ट का प्रकाशन किया गया। क्रीडा भारती दक्षिण बिहार के प्रांत मंत्री एवं ऐप्टेक सह स्मृति कॉलेज निदेशक डॉ रमेश कुमार ने बताया कि मदुरै में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिल भारतीय महामंत्री राज चौधरी द्वारा इस परीक्षा फल की घोषणा की गई। कुल बीस लोगों को पुरस्कृत किया जाना है। जिसमें 50 में 50 नंबर लाकर प्रथम स्थान इंदौर, मध्य प्रदेश के पार्थ प्रजापति, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पटना, बिहार के क्रमशः अभिषेक 49 नंबर एवं अनुराग ने 48 नंबर प्राप्त किया है। 47 नं लाकर चतुर्थ स्थान पर भी बिहार के ऋषभ राज ने परचम लहराया है। देश के सभी राज्यों के 596 जिलों से कुल 1,38,806 पंजीयन हुआ था। इसमें बक्सर जिला से स्मृति कॉलेज, चरित्रवन की कुमारी अनुप्रिया एवं कैंब्रिज स्कूल की शांति गुप्ता ने 44 नंबर लाकर जिला टॉपर में अपना नाम दर्ज कराया है। वहीं बाल विकास के अभिराज अस्थाना एवं प्रेम सिंह तथा हेरिटेज के दक्ष पाठक प्रत्येक ने 43 नं लाकर जिला में दूसरा स्थान की। इसी क्रम में 40 से 42 नं प्राप्त करने वाले अन्य प्रतिभागी कैंब्रिज के इच्छित सिंहा एवं इबादत हुसैन, स्मृति कॉलेज की साक्षी कुमारी, हेरिटेज के युवराज सिंह, ऐप्टेक कंप्यूटर संस्थान की अंशुल कुमारी,बाल विकास के सत्यम सिन्हा एवं प्रिया सिंह, महर्षि च्यवन कॉलेज के आशु कुमार हैं। इसके अतिरिक्त एमवी कॉलेज, केके मंडल कॉलेज, पीसी कॉलेज, एलबीटी कॉलेज जैसे संस्थानों से प्रतिभागियों ने इस क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में भाग लिया था। प्रांत मंत्री ने सभी संस्थानों के निदेशक व प्राचार्य गण से आग्रह किया कि भविष्य में इस परीक्षा में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का पंजीकरण कराएं। प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार दो लोगों को 50-50 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 6 लोगों को 25-25 हजार रुपए तथा चतुर्थ पुरस्कार ग्यारह लोगों को क्षेत्रीय आधार पर 11-11 हजार रुपए तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

### गड़हनी नगर पंचायत में नाली नहीं बनने से रास्ते पर हुआ जलजमाव

**गड़हनी।** नगर पंचायत गड़हनी के वार्ड संख्या 4 में नाली नहीं बनने से रास्ते मे पानी भर जाता है। पानी भरने से वार्ड संख्या 4 के ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि जब पंचायत था, उस समय भी यहाँ की स्थिति ऐसे ही थी। नगर पंचायत बनने के बाद भी यही स्थिति है। इस गली में पानी लगने से यहां के लोग रास्ते बदल कर बाजार आते-जाते हैं। नगर पंचायत बनने के बाद लोगो को आस जगी थी कि अब यहां की बदतर स्थिति से निजात मिल जाएगा। लेकिन नगर पंचायत बने तीन वर्ष हो गए। लेकिन स्थिति ज्यों का त्यों है। वार्ड संख्या 4 की वार्ड पार्षद नजरां खातून ने बताया कि इसका योजना पारित हो गया है। इस्टीमेट भी बन गया है जल्द ही इसमें नाली का निर्माण कर पानी निकास बन जायेगा और पानी भी लगना बन्द हो जाएगा।

# अस्पतालों में कतार मरीजों को कर रही और बीमार

निज संवाददाता। बक्सर

मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के तहत जिले के अस्पतालों की व्यवस्थाएं आधुनिक हो रही हैं। आधुनिकता की इसी कड़ी में अब अस्पतालों में भव्या ऐप पर मरीजों का पंजीकरण हो रहा है। इस ऐप पर पंजीकरण और कंसल्टेशन में जिले को सूबे में तीसरा स्थान मिला है। इसे उपलब्धि मानकर स्वास्थ्य महकमे के अधिकारी इस आधुनिकीकरण पर तालियां बजाते और अपनी ही पीठ खुद थपथपाते नजर आ रहे हैं। हालांकि जमीनी हकीकत और वास्तविकता इस खोखली उपलब्धि से खासा परे है। हालात ये हैं कि जिले के सभी अस्पतालों में मरीज अभी भी ऑनलाइन पंजीकरण और कंसल्टेशन को अपना नहीं सके हैं। इन अस्पतालों में ग्रामीण सुदूर क्षेत्र के मरीजों की संख्या ज्यादा है। ग्रामीण इलाकों के मरीज इसे जी का जंजाल बताते नजर आते हैं। वहीं पुरानी व्यवस्था की तुलना में अब एक सामान्य मरीज के पंजीकरण से लेकर दवा लेने तक में लगा औसत समय भी काफी बढ़ गया है।

बताया गया था कि भव्या ऐप और ऑनलाइन पंजीकरण में मरीजों को कतार में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। ऑनलाइन पंजीकरण होगा। जमीनी हकीकत ठीक उल्टी है। डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल सहित जिले के सभी अस्पतालों की जमीनी हकीकत देखे तो पहले भी पंजीकरण के लिए मरीजों को कतारबद्ध होना पड़ता था, अब भी कतारबद्ध होना पड़ता हैं। पहले ऑफलाइन सिस्टम था तो समय की बचत होती थी। अब ऑनलाइन पंजीकरण में हफ्ते में हर दूसरे दिन सर्वर डाउन की समस्या बनी रहती है। हां अब एक बार नहीं, लाइन दो बार जरूर लगानी पड़ रही है। पहले शुरू में ही मरीज लाइन लगाकर पंजीकरण का चिट्ठा ले लेते थे, अब टोकन जनरेट करवाने के लिए लगे लाइन के साथ ही 4 से 5 कक्षों में दौड़ लगाने के एक बार फिर लाइन लगाकर फाइनल चिट्ठा निकलवाना पड़ता है। सामान्य मरीजों की बात छोड़ देनी चाहिए। डिजिटल हेल्थ योजना के इस वाहवाही का लाभ गर्भवती महिलाओं तक को नहीं मिल रहा है। बता दें कि पिछले सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल के विधि व्यवस्था की दैनिक भास्कर ने पड़ताल की थी। इस दौरान एएनसी जांच सहित अल्ट्रासाउंड तक का पंजीकरण कराने के लिए गर्भवती महिलाएं तक घंटों



लाइन में लगी थी। बता दें कि भव्या ऐप में मरीजों के रजिस्ट्रेशन का औसत समय पहले की अपेक्षा काफी ज्यादा है। पंजीकरण के बाद चिकित्सक कंसलटेंसी के लिए भी अस्पतालों में लाइन लगना पड़ रहा है। सर्वर डाउन हुआ तो पंजीकरण के बाद डॉक्टर को दिखाने में घंटों बीत जाते हैं। सबसे बड़ी दुविधा यह है कि अगर किसी समस्या के लिए पांच दिन चिकित्सक से मिलना पड़े तो मरीजों को पांचों दिन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस ऑनलाइन व्यवस्था में रजिस्ट्रेशन कराना अस्पतालों में जंग जीतने जैसा है। ऑनलाइन ओपीडी और भव्या ऐप से डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर नजर रखने का दावा था। डॉक्टर ने पहले और आखिरी मरीज को कितने बजे देखा? ओपीडी कब शुरू हुई, कितने बजे खत्म हुई, इन सारी मुद्दों पर निगरानी का दावा था। कोताही पर नकेल कसने की भी बात कही गई लेकिन स्थितियां ठीक विपरीत है। छोटे अस्पतालों को छोड़ दिया जाए, सदर अस्पताल की भी ओपीडी विभागीय समयानुसार 8 बजे शुरू नहीं होती। डॉक्टर 10 से 11 बजे के बीच आते हैं और 2 बजे चले जाते हैं। ये सारी खामियां भव्या पोर्टल पर दर्ज भी होता है, लेकिन कितने स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई होती है, यह तो अब भगवान ही जाने।

**पहले बचता था समय, अब पहले से भी ज्यादा समय लग रहा, परेशानी अलगः** उपलब्धि या मरीजों के लिए जंजाल? सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में नवंबर माह में 57,582 मरीजों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ है। इन आंकड़ों की संख्या तक पहुंचने में मरीजों को कितनी परेशानी हुई इसका खाका विभाग के पास नहीं है। ऐसा इसलिए कहना उचित होगा क्योंकि अब भी ग्रामीण सुदूर इलाकों में कई लोग ऐसे आ रहे है जो अपनी आईडी लेकर नहीं आते, जिनके पास मोबाइल नहीं है। दैनिक भास्कर की पिछले हफ्ते ही पड़ताल में कुछ ऐसे वृद्धजन अस्पताल में अपना इलाज कराने आए थे। सर्वर डाउन, मोबाइल का आभाव और कतार में भारी भीड़ जैसे अन्य कारणों से वो घर लौट गए। ऐसी तकनीक जो लोगों के लिए कष्टदायक बनती जा रही हैं, ऐसी असुविधाओं में भी जिले को तीसरा शीर्ष स्थान मिलना, इसे जिले की उपलब्धि कहा जाए या विभाग की नाकामी, इसे मरीजों पर ही छोड़ देना उचित होगा।

# आरा-छपरा फोरलेन पर पूरा दिन रहा जाम

निज संवाददाता। कोईलवर



कोईलवर आरा-छपरा फोरलेन पर चार दिनों बाद शुक्रवार को फिर रहा जाम। इस दौरान कोईलवर सोन नदी पर अवस्थित सिक्सलेन पुल के एक लेन में बालू लदा वाहन पूरा दिन रेंगते रहे। वहीं आरा-छपरा फोरलेन सहित सकड्डी नासरी गंज स्टेट हाइवे का हाल भी वही रहा। पूरा दिन सड़कों पर बालू लदे वाहनों का दबाव रहा व रेंगते दिखे। वाहनों को एक किलोमीटर की दूरी तय करने में घंटों लगा। शाम 5 बजे के बाद जाम पूरी तरह क्लियर दिखा। बहरहाल हाल के दिनों में आरा से राजधानी पटना तक का सफर बेहद मुश्किल हो गया है। सहार-संदेश- कोईलवर के रास्ते बड़हरा होते छपरा तक बालू लदे ट्रकों की भीड़ से निकलना आम लोगों के बूते की बात नहीं रह गई है। खासकर राजधानी आने-जाने वाले लोग भारी मुसीबतों का सामना कर रहे हैं। कोईलवर से बिहटा मोड़ और उससे आगे बिहटा-कन्हौली मोड़ तक बालू लदे ट्रकों का जाम खत्म नहीं हो रहा। यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानियों की लाख शिकायतों के बावजूद प्रशासन यातायात में सुधार लाने की दिशा में कोई सफल प्रयास करते नहीं दिख रहा। बिहटा की ओर से आ रहे ट्रकों ने आरा-पटना फोरलेन को अवरुद्ध कर दिया है। जाम के दौरान सिक्सलेन के एक लेन पर खड़ी बालू लदे वाहन। बीमार लोगों को पटना जाने में हो रही है सबसे अधिक परेशानी सबसे परेशानी गंभीर रूप से बीमार लोगों को पटना जाने में हो रही है।

आलम यह है कि कोईलवर पुल के आगे बिहटा मोड़ तक भारी जाम के कारण लोग बांध का रास्ता अख्तियार करते दिखे। पटना आने जाने में 7 से 10 घंटे लग रहे हैं। टेढ़े-मेढ़े बांध व गांव के रास्ते आ रहे लोगों ने बताया कि जाम की समस्या भयावह हो गई है, जिस पर राज्य सरकार कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रही है। कोईलवर के नये सिक्स लेन पुल की स्थिति भी भयावह है।नतीजा यह है कि हर वक्त पुल के धराशाई होने का खतरा मंडराता रहता है।

## सिविल सर्जन के सम्मान में विदाई समारोह




निज संवाददाता। बक्सर

जिले के चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चौसा सीएचसी के प्रभारी चिकित्सक डॉ. चंद्रमणि विमल ने की। इस दौरान डॉ. अरुण श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ अशोक कुमार ने डॉ. श्रीवास्तव के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें जीवट व्यक्तित्व का धनी बताया। डॉ. श्रीवास्तव ने कभी किसी परिस्थिति से हार नहीं मानी और अपने कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया। वहीं, प्रभारी चिकित्सक डॉ. चंद्रमणि विमल ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए कहा कि डॉ. श्रीवास्तव न केवल बेहतर डॉक्टर थे, बल्कि उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी संस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में डॉ.अखिलेश कुमार, डॉ. मणिपाल, डॉ. अतहर अली, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. असदुल्ला, डॉ. जयप्रकाश भारती, डॉ. नूर आलम, जिला डीसीएम हिमांशु सिंह, जिला एमिनी राजकुमार, अमित अंकुर, शशि शेखर, धीरेंद्र कुमार ओझा, बीएचएम सन्नी कुमार, अमरेंद्र कुमार, अनिल कुमार चौबे, झुना बाबा, नितिन कुमार राय, हिमांशु, बीसीएम मंजू कुमारी आदि थीं।

# अपराधियों ने छात्रा को मारी तीन गोली, इलाजरत

निज संवाददाता। आरा



बेखौफ अपराधियोंने टाउन थाना क्षेत्र के भलूहीपुर मोहल्ला में शुक्रवार की रात छत पर खड़ी 16 वर्षीय छात्रा पर अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। इस जानलेवा हमले में लड़की को तीन गोली लगी है। घायल छात्रा आलिया, भलुहीपुर मोहल्ला के सलाउद्दीन की पुत्री है। गोली से घायल आलिया 8 कक्षा की छात्रा है। छात्रा को गोली क्यों मारी गई, अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। बताया जा रहा कि अपराधी 10 की संख्या में थे। मुहल्ले में पैदल फायरिंग करते हुए जा रहे थे। छात्रा को दो गोली, गले में और एक सीना में लगी है। ऑपरेशन कर गोली निकाल दिया है। एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि छात्रा अपने छत पर रेलिंग के पास खड़ी थी। कुछ अपराधियों के द्वारा फायरिंग की गई। उसी में गोली लगी है। कार्रवाई की जा रही है।

# दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन लोग जख्मी, बक्सर में आपसी वर्चस्व को लेकर झड़प की आशंका

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र के डुमरी गाँव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के दौरान स्थानीय पंचायत के सरपंच धर्मपाल कुँवर के भाई बुरी तरह घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष के सुधीर कुँवर को भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

**मौके से देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामदः** घटना की सूचना मिलते ही सिमरी थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा और स्थिति पर काबू पाया।



पुलिस के अनुसार, मौके से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।सिमरी थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी वर्चस्व का लग रहा है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद हथियार किसका है और इसका इस्तेमाल कौन कर रहा था। उन्होंने कहा कि

**♦ देसी कट्टा और कारतूस बरामद**

घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। फिलहाल, दोनों पक्षों की ओर से अब तक प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कोई लिखित आवेदन पुलिस को प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस ने दोनों पक्षों से बयान लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस मामले पर नज़र रखे हुए है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी सतर्कता बरत रही है। मारपीट की इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। पुलिस का कहना है कि स्थिति सामान्य है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बक्सर के राहुल का भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में चयन

# सहायक वैज्ञानिक के पद पर हुई नियुक्ति, बोले-शिक्षकों के सहयोग से मिली सफलता

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग (2020-2024 बैच) के छात्र राहुल कुमार ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राहुल का चयन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) में सहायक वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता ने न केवल कॉलेज, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामनरेश राय ने राहुल को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का नतीजा है। उन्होंने कहा, "राहुल ने यह साबित किया है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।"

**शिक्षकों के सहयोग से मिली सफलताः** राहुल कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और कॉलेज द्वारा मिले प्रोत्साहन को दिया। उन्होंने कहा, "कॉलेज के व्यावहारिक ज्ञान और शिक्षकों के सहयोग ने मेरी सफलता में अहम भूमिका निभाई है।" उन्होंने विशेष रूप से डॉ. गौरव सिंह, प्रो. गौरव परमार और प्रो. गौतम कुमार का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने अपने माता-पिता और मित्रों का भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका समर्थन किया। राहुल ने बताया कि उनका लक्ष्य विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में एक यांत्रिक इंजीनियर के रूप में देश की सेवा करना है। उनकी इस उपलब्धि ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है। राहुल की सफलता पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल है और यह उपलब्धि आने वाले छात्रों के लिए प्रेरणा के रूप में काम करेगी। इस सफलता से जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

# ग्राम रक्षा दल ने निकाला आक्रोश मार्च, चार सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में स्थायीकरण करने व मानदेय देने सहित चार सूत्री मांगों को लेकर ग्राम रक्षा दल सदस्य सह पुलिस मित्रों ने शनिवार को जिला मुख्यालय में आक्रोश मार्च निकाला। जिला अध्यक्ष नंदलाल राम के नेतृत्व में आयोजित आक्रोश मार्च पुलिस चौकी से शुरू होकर जिला समाहरणालय के मुख्य गेट पर पहुंचा। मार्च को सभा में तब्दील किया गया। सदस्यों ने सरकार, मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर विरोधी नारे लगाए । कहा गया कि ग्राम रक्षा दल सदस्य बिना किसी सुख सुविधा के सरकार के हर आपदा व मुसीबत में पुलिस मित्र के रूप में दिन रात ड्यूटी करते हैं और सरकार हम लोगों के साथ भेदभाव कर रही है। जहां कृषि मित्र, शिक्षा मित्र और विकास मित्र की नौकरी 60 साल की उम्र तक पक्की कर मानदेय दे रही है।




**रणबद्ध तरीके से होगा आंदोलनः** हम लोगों को वर्दी, लाठी, टॉर्च व सिटी तक नहीं दे रही है। यह सरेआम अन्याय है। यदि सरकार मांगें नहीं मानती है तो आगे चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

ग्राम रक्षा दल के जिलाध्यक्ष नंदलाल राम की ओर से बताया गया कि काफी सालों से हम रक्षा दल के रूप में काम कर रहे है। लेकिन, आज तक पंचायती राज विभाग की ओर से सेवा लिया जा रहा है। आवाज सदन में भी उठी थी, लेकिन नीतीश कुमार ने कुछ भी । अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 2025 चुनाव के पहले आगे हमें नियमित कर मानदेय निर्धारित करें नहीं तो सरकार गिराने का काम करेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एसवाईएफसी सकरीगली ने बालूघाट को हराया

**भागलपुर**। आंगिक इंडिया फाउंडेशन की ओर से कराए जा रहे स्व. सुधीर प्रसाद राम मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवें दिन शुक्रवार को पुरुष वर्ग का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला एनटीपीसी गंगा बिहार बालूघाट और एसवाईएफसी सकरीगली, साहेबगंज के बीच खेला गया। एसवाईएफसी सकरीगली, साहेबगंज ने 5-0 से जीत दर्ज की। शनिवार को टूर्नामेंट का अगला क्वार्टर फाइनल मुकाबला एसएफसी भागलपुर और एफसी मानिकपुर बीच खेला जाएगा।

### महिलाओं ने महानगर जदयू की सदस्यता ली

**भागलपुर**। महानगर जदयू कार्यालय में जिलाध्यक्ष संजय साह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न वार्डों की महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की। इनमें रोजी देवी, रीना देवी, वंदना देवी, कुसुम देवी, प्रतिमा देवी, रेखा देवी, लाली कुमारी, बीना देवी, कौशल्या देवी, पूर्णिमा देवी, नंदनी देवी, जानकी देवी, ललिता देवी, तारा देवी, रेणू देवी, मंजू देवी, उमा देवी, डॉली देवी ने जदयू की सदस्यता ली। इस दौरान महानगर जदयू के जिलाध्यक्ष संजय साह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए जो काम किया है, ये हर राज्य के लिए एक मॉडल है। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू यादव की मनोस्थिति खराब हो चुकी है, इसलिए वह इस तरह की बयान दे रहे हैं। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान महासचिव गुड्डू भगत, राहुल सिंह, सचिव कविता देवी, सेक्टर अध्यक्ष सुबोध शर्मा, वार्ड अध्यक्ष राजकुमार साह, कार्यालय प्रभारी आशीष यादव समेत कई लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व महानगर जिलाध्यक्ष सुड्डु साईं, युवा जदयू के राष्ट्र सचिव राकेश ओझा ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ट्रेन से दो लावारिस बैग में मिली शराब की बोतलें

**भागलपुर**। भागलपुर बीपीएससी परीक्षार्थियों की भीड़ का फायदा उठाकर लाई जा रही 18 बोतल शराब को आरपीएफ ने जब्त किया। ब्रह्मपुत्र मेल में पिट्ठू बैग से यह शराब मिली। शुक्रवार को बीपीएससी परीक्षा को लेकर आरपीएफ चौकस थी। सख्ती की सूचना पर तस्कर बैग में रखे शराब को छोड़कर भाग गया। किसी ने ट्रेन में लावारिस बैग होने की सूचना दी तो जांच की गई। जिसमें शराब मिली। इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि सुबह 9 बजे ट्रेन नंबर 15658 ब्रह्मपुत्र मेल से लावारिस बैग की सूचना मिली। तब जनरल कोच को चेक करने पर दो बैग मिले। जांच के बाद बैग को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान एसआई अमरकांत यादव, एएसआई गोपाल कुमार, पीपी पोली और कांस्टेबल राज कुमार मौजूद रहे।

### तिब्बत-भारत मैत्री का संदेश लेकर भारत भ्रमण पर निकले तिब्बती भागलपुर से रवाना

**भागलपुर**। तिब्बती युथ कांग्रेस का पन्द्रह सदस्यीय दल 22 नवंबर 2024 से ऑल इंडिया बाइक रैली की यात्रा पर है। इसी क्रम में गुरुवार को शाम में रैली आदमपुर स्थित सीएमएस हाई स्कूल मैदान में लगे तिब्बती शरणार्थी मार्केट पहुंची, जहां रैली में शामिल सभी लोगों ने रात्रि विश्राम किया। फिर अगले दिन शुक्रवार को सुबह 10 यहां पर भारत तिब्बत मैत्री संघ भागलपुर की नेतृत्व में सभा का आयोजन किया। सबा समापन के बाद बाइक रैली आगे की रवाना हो गई। सभा के दौरान बाइक रैली का नेतृत्व कर रहे तिब्बती युथ कांग्रेस के खगोंग चम्पेल ने कहा कि तिब्बत पर चीन का आधिपत्य के बाद बड़ी संख्या में तिब्बती लोग पिछले पांच-छह दशक से भारत में शरण लिये हुए हैं। तिब्बत की आजादी के का नेतृत्व दलाई लामा कर रहे हैं। 22 नवंबर को भारत यात्रा पर निकला यह बाइक रैली अठारह राज्य और 130 जिले से होकर गुजरेगी। आम जनों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान तिब्बत की आजादी की ओर आकृष्ट करेंगी।

### भागलपुर महोत्सव की तैयारी को हुई समीक्षा बैठक

**भागलपुर**। भागलपुर महोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को सैंडिस कंपाउंड आयोजन स्थल पर समीक्षा बैठक की। नागरिक विकास समिति के अध्यक्ष रमन कर्ण ने बताया कि उद्घाटन रविवार को दिन में दोपहर 1 बजे होगा। शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार ने पंडाल का निरीक्षण किया। आयोजनकर्ता को कई आवश्यक निर्देश दिए। बताया कि राज्यपाल कार्यक्रम को रीशेड्यूल किया गया है। उद्घाटन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। बैठक में सचिव सत्यनारायण प्रसाद, आनंद श्रीवास्तव, नरेश शाह, संतोष कुमार, दीपक सिंह, चंद्रशेखर राय, नीरज जायसवाल थे।

### अभ्यर्थियों की भीड़ से आम यात्रियों की ट्रेनें छूटीं

**भागलपुर**। रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार दोपहर को पहुंची भीड़ से प्लेटफार्म पट गए थे। एसी व स्लीपर क्लास में आरक्षण कराने वाले कई यात्रियों की ट्रेन छूटी। दुमका-पटना एक्सप्रेस में चढ़ने को लेकर धक्कामुक्की होने लगी। भागलपुर से गार्ड को भी अभ्यर्थियों ने नहीं चढ़ने दिया। एनाउंसमेंट कराने के बाद आरपीएफ ने गार्ड के डिब्बे से भीड़ को बाहर निकाला तब जाकर गार्ड को चढ़ने को मिला। रेलवे ने परीक्षा को लेकर एसओपी के निर्देश जारी कर दिए थे। बीपीएसी की प्रारंभिक प्रतियोगी परीक्षा शहर के 42 केंद्रों पर आयोजित हुई। दोपहर दो बजे परीक्षा समाप्त होते ही परीक्षार्थी स्टेशन की ओर निकल पड़े। दोपहर 2:30 पर ट्रेन नंबर 03281 भागलपुर-राजगीर स्पेशल प्लेटफार्म-3 पर लगी। जिससे किऊल, शेखपुरा, नवादा, और बिहारशरीफ जाने वाले यात्री निकल गए। जिससे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रित हुई। जिसके बाद एक घंटे की देरी से दोपहर 3:36 पर आई ट्रेन नंबर 05407 रामपुरहाट-गया पैसेंजर से भी किऊल, शेखपुरा, नवादा सहित गया तक जाने वाले अभ्यर्थी सवार हुए। दोनों ही ट्रेन से करीब तीन हजार अभ्यर्थी अपने गंतव्य को निकल गए। भीड़ की मुख्य समस्या पटना जाने वाली ट्रेन नंबर 13333 दुमका-पटना इंटरसिटी में दिखी। ट्रेन अपने निर्धारित समय शाम 4:32 से बीस मिनट पहले भागलपुर पहुंची। भीड़ को देखते हुए स्टेशन प्रबंधन ने 30 मिनट का ठहराव दिया। पटना के लिए ट्रेन शाम 4:42 पर रवाना हुई। इसके बाद प्लेटफार्म 1 पर पहुंची ट्रेन नंबर 13235 दानापुर इंटरसिटी से भी पटना के लिए अभ्यर्थियों की भीड़ गई। जो नहीं जा पाए वो फरक्का और ब्रह्मपुत्र मेल से पटना के लिए जा पाए। हर हर परीक्षा को लेकर डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने एक दिन पहले ही निर्देश जारी कर दिए थे। दो बजे के बाद जो भी ट्रेनें पटना और गया की ओर जाने वाली थी उन सभी के लिए आधे घंटे पहले ही अनाउंसमेंट शुरू करा दिए गए। एसओपी के तहत निर्देश थे कि ट्रेनों के प्लेटफार्म नहीं बदले जाएंगे। स्टेशन प्रबंधन ने पहले से ही व्यवस्था की हुई थी। अभ्यर्थियों से लगातार अपील होती रही कि अगर दुमका-पटना में जगह नहीं मिले तो दानापुर इंटरसिटी से जाएं।

### तय समय पर 70 मीटर के नियम भारी

**भागलपुर**। शहर के चौक चौराहे पर 70 मीटर का नियम लागू है। बाकायदा इसके लिए जगह जगह अनाउंसमेंट होता रहता है। चौराहे से 70 मीटर के अंदर ई रिक्शा और टेम्पो में सवारी बैठाने में कार्रवाई की बात कही जाती है। तिलकामांझी चौक पर ये समस्या ज्यादा होती है। बरारी, मेडिकल कॉलेज, कचहरी चौक या जवारीपुर कहीं से भी ग्रीन सिग्नल होने पर तय समय में सिर्फ कुछ ही वाहन निकल पाते हैं। प्रशासन को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

### लूटपाट मामले में कट्टा व गोली के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**नारायणपुर**। इस्माइलपुर में एक युवक से हुई लूटपाट की घटना में शामिल तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से एक कट्टा, तीन गोली, 3700 रुपए और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किए हैं। नवगछिया एसपी पूरण कुमार झा ने बताया कि 12 दिसंबर को पीड़ित सचिन कुमार ने आवेदन दिया था कि 7 दिसंबर को भागलपुर से अपने घर इस्माइलपुर जा रहा था। तभी गंगा चौक से आगे पुलिया के पास 4 अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर 10 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिए थे। कांड के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में इस्माइलपुर थाना प्रभारी धीरज कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर पहले मुख्य अपराधी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया। मनीष कुमार के पास से लूट में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई। पूछताछ में मनीष ने साथियों के नाम बताए। उनकी निशानदेही पर अभिमन्यु कुमार और सौरभ कुमार को गिरफ्तार किया गया।

# मृत बताने पर हंगामा, डॉक्टर का सिलेंडर से सिर फोड़ा, टेबल फेंक कर मारा

## मायागंज हॉस्पिटल का इमरजेंसी गेट तोड़ा, 5 थानों से पुलिस बुलानी पड़ी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के मायागंज अस्पताल में शुक्रवार की देर रात जमकर बवाल हुआ। मरीज को मृत बताने को लेकर परिजन ने इमरजेंसी गेट का ताला तोड़ा, डॉक्टर की पिटाई कर दी। इमरजेंसी में तैनात डॉ आवेश के सिर पर फायर सिलेंडर फेंक मारकर मृतक केपरिजनों ने सिर फोड़ दिया। अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मी ने रोकने की कोशिश की, तो उसकी भी पिटाई की गई। करीब डेढ़ घंटे तक परिजन ने जमकर बवाल किया और तोड़फोड़ की। परिजन जबरन इमरजेंसी गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गएऔर टेबल-कुर्सी से डॉक्टरों और कर्मचारियों पर हमला कर दिया। जिसके हाथ जो लगा, उसी से मारने लगे। इस पूरे बवाल के दौरान अस्पताल में मरीजों का इलाज बाधित रहा। उधर, बवाल की सूचना पर पांच थानों की पुलिस को अस्पताल आना पड़ा, तब स्थिति को काबू में किया गया। फिलहाल, किसी भी पक्ष की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। मामला रात करीब 10:30 बजे का है। दरअसल, देर शाम को हुए एक सड़क हादसे में नाथनगर रन्नूचक के रहने वाले 62 साल के टुनटुन साह और उनके दामाद बांका अमरपुर के रहने वाले 35 साल के कन्हाई लाल घायल हो गए। परिजन एंबुलेंस से दोनों घायलों को मायागंज अस्पताल ले आए। यहां डॉक्टरों ने तत्काल टुनटुन साह को मृत घोषित कर दिया, जबकि कन्हाई को एडमिट करने की बात कही।

**टुनटुन साह को मृत बताने पर भड़के परिजनः** कहा जा रहा है कि जब परिजन दोनों घायलों को लेकर जा रहे थे, तब एंबुलेंस के पीछे-पीछे दोनों के दो दर्जन परिजन दो ऑटो से मायागंज अस्पताल पहुंचे। जब उन्हें मालूम हुआ कि डॉक्टरों ने टुनटुन साह को मृत घोषित कर दिया है, तो उन्होंने सबसे पहले एंबुलेंस पर तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन को मारना शुरू कर दिया। उसके नाक और मुंह से खून निकलने लगा तो वह भागकर बरारी थाने पहुंचा। वहां सूचना देने के बाद पुलिस जब तक पहुंचती, परिजन डॉक्टर आवेश के चेंबर घुस गए और फायर सिलेंडर से उनके सिर पर हमला कर दिया।

**डॉक्टर की पिटाई के बाद इमरजेंसी का गेट तोड़ाः** डॉक्टर आवेश की पिटाई के बाद परिजन और आक्रोशित हो गए। अस्पताल में तोड़फोड़ के इरादे से वे इमरजेंसी वार्ड के गेट पर पहुंचे। देर शाम होने की वजह से यहां मौजूद सुरक्षागार्ड ने गेट में कुंडी लगा दी थी। आक्रोशित परिजन जब गेट पर पहुंचे तो सुरक्षा गार्ड ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने सुरक्षा गार्ड की नहीं सुनी और जबरन गेट तोड़ दिया और सुरक्षा गार्ड के सिर पर वहां रखे टेबल से वार कर दिया।

**बवाल देख डॉक्टरों ने भी रोका कामः** ये सब होता देख अस्पताल में मौजूद डॉक्टर और अन्य अस्पताल कर्मी भी आक्रोशित हो गए और हंगामा कर रहे परिजन की पिटाई शुरू कर दी। इधर, सूचना मिलने के बाद अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर केके सिन्हा भी मौके पर पहुंचे।सूचना के बाद बरारी पुलिस भी पहुंची, जिसके बाद परिजनों ने अफसरों से भी धक्कामुक्की की। जब स्थिति गंभीर लगने लगी तो पुलिस ने मामले की सूचना आला अफसरों को दी। इसके बाद सदर एसडीएम धनंजय कुमार, सीटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी एवं दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे। हंगामा के दौरान डॉक्टर ने इलाज बाधित कर दिया तो रात 12:00 तक डॉक्टर को समझा बुझाकर किसी तरह तैयार किया गया।

**घायल को बिना ऑक्सीजन के अस्पताल पहुंचाने का है आरोपः** परिजनों का आरोप है कि सड़क हादसे में घायल टुनटुन साह को एंबुलेंस पर तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ने बिना ऑक्सीजन लगाए अस्पताल लेकर पहुंचा था। जब उन्हें एंबुलेंस में रखा जा रहा था, तब परिजन ने ऑक्सीजन मास्क लगाने की बात कही थी, तो इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ने इसकी जरूरत नहीं होने की बात कही थी। अस्पताल आते ही डॉक्टरों ने टुनटुन साह को मृत घोषित कर दिया, तो परिजन भड़क गए और बवाल शुरू कर दिया।

**बवाल पर काबू पाने के लिए 5 थानों से पहुंची पुलिसः** मायागंज अस्पताल में बवाल की सूचना के बाद सबसे पहले बरारी पुलिस पहुंची। इसके बाद जोगसर, तिलकामांझी, इशाकचक और जीरोमाइल थाना के थानाध्यक्ष को भी टीम के साथ आना पड़ा। दंगा नियंत्रण वाहन को भी वहां बुलवाना पड़ा। सिटी डीएसपी ने चिकित्सकों से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन की मांग की। साथ ही अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर दोषियों की पहचान करने की बात कही है।

### रीडर से एसोसिएट प्रोफेसर की नहीं हुई अधिसूचना आयोग को नहीं देंगे तो जाएगी प्राचार्य की दावेदारी

**भागलपुर**। भागलपुर सूबे के विश्वविद्यालयों में पूर्व में प्रमोशन और प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति में हुई देरी तथा विश्वविद्यालयों की लेटलतीफी ने आगे होने वाली बहाली में शिक्षकों की अर्हता के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। राज्य के कॉलेजों में 173 पदों पर होने वाली बहाली को लेकर होने वाले इंटरव्यू के लिए चयनित कई अभ्यर्थियों ने अपने आवेदन में खुद को एसोसिएट प्रोफेसर लिखा था। आयोग ने इन्हें एसोसिएट प्रोफेसर के पदनाम की अधिसूचना 31 दिसंबर तक देने को कहा है अन्यथा इनकी दावेदारी खत्म हो जाएगी। जबकि पटना विवि को छोड़कर राज्य के अन्य किसी विवि में इस पदनाम की अधिसूचना जारी ही नहीं हुई है। वजह यह कि पहले ऐसी कोई नियुक्ति प्रक्रिया हुई ही नहीं हुई जिससे इस अधिसूचना की जरूरत पड़ती।

सिर्फ राज्य का वेतन सत्यापन कोषांग अपने स्तर से इस पदनाम के तहत वेतन निर्धारण की प्रक्रिया करता रहा। शिक्षकों को वेतन मिलता रहा तो उन्हें भी अधिसूचना की जरूरत नहीं पड़ी और विवि भी भुलाए बैठे रहे। इस देरी के पीछे उस देरी को सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है जो सरकार ने प्राचार्य के पदों पर बहाली की प्रक्रिया करने में की। राज्य के अंगीभूत कॉलेजों में सरकार के स्तर से अंतिम बार 1996 में नियुक्ति हुई थी। बाद में पद खाली हुए लेकिन रिक्तियां जारी नहीं हुईं। टीएमबीयू ने 2008-09 में अपने स्तर से रिक्ति जारी कर बहाली की तो नियमों की अनदेखी के कारण कोर्ट से रद्द हो गई। अब विवि सेवा आयोग ने इस वर्ष बहाली की प्रक्रिया की है।

# विधायक अजीत ने कहा- सैंडिस कंपाउंड के जीर्णोद्धार का मुद्दा विधानसभा में भी उठाएंगे

## राज्य वॉलीबॉल के पहले दिन भागलपुर ए व बी टीम हारी

निज संवाददाता। भागलपुर

सैंडिंस कंपाउंड में भागलपुर जिला वॉलीबाल संघ और आर्ट ऑफ गिविंग की ओर से शुक्रवार को एसएन पोद्दार स्मृति राज्यस्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट शुरू किया गया। उद्घाटन नगर विधायक अजीत शर्मा, डिप्टी मेयर डॉ. सलाहउद्दीन अहसन, प्रशांत विक्रम, विकास कुमार सिंह, अजय राय और निखिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि सैंडिस कंपाउंड के जीर्णोद्धार के लिए वे विधानसभा में आवाज उठाएंगे। साथ ही वॉलीबाल स्टेडियम के निर्माण के लिए भी प्रयास करेंगे। अन्य अतिथियों ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया और उनका हौसला बढ़ाया।



संचालन नील कमल राय ने किया। नीलकमल राय ने बताया कि इस टूर्नामेंट में बिहार की टॉप आठ टीमें शिरकत कर रही हैं जिमसें बेगूसराय, बरौनी, छपरा, भागलपुर, मकंदपुर, भवनाथपुर, भागलपुर क्लब और खगड़िया की टीमें शामिल हैं।

उद्घाटन के बाद पहला मैच बेगूसराय और खगड़िया के बीच खेला गया। इसमें बेगूसराय की टीम ने खगड़िया को कड़े मुकाबले में 25-22, 25-22 से शिकस्त दी। दूसरे मैच में बरौनी ने दीवाना क्लब मकंदपुर को 25-22, 25-23 से संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराया। तीसरे मैच में भवनाथपुर ने भागलपुर क्लब बी को 25-18, 25-22 के स्कोर से पटखनी दी। छपरा ने भागलपुर ए को 25-19,15-25,25-23 से हराया।

आर्ट ऑफ गिविंग की बिहार यूनिट ने एओजी अवॉर्ड से नगर विधायक, डिप्टी मेयर के साथ सभी अतिथियों और निखिल सिंह, सुबीर मुखर्जी उर्फ मामू, मृणाल किशोर, पीयूष कुमार, सर्वेश कुमार, सौरभ कुमार, संदीप सम्मानित किए गए।

# पत्नी की हत्या कर परिवार के साथ पति फरार, अवैध संबंध का शक था

निज संवाददाता। भागलपुर

## ◆ मायके वाले बोले-बाइक की डिमांड पूरी नहीं की तो मार डाला

भागलपुर में एक शख्स ने पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद शव को बेड पर रखकर परिवार के साथ फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध संबंध के शक में घटना को अंजाम दिया है। वहीं, मृतका के मायके वालों ने बताया कि बाइक की डिमांड पूरी नहीं की तो बेटी को मार डाला है। घटना नवगछिया थाना क्षेत्र के नगरह नवटोलिया की है। मृतका की पहचान सावन मंडल की पत्नी प्रियंका देवी (22) के रूप में की गई है। शुक्रवार की शाम वार्ड सदस्य वीके सिंह ने फोन कर मारपीट की सूचना मायके वालों की दी। मायके वाले बेटी के ससुराल पहुंचे, तो देखा कि प्रियंका का शव बेड पर पड़ा है। घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं थे। घटना की सूचना मायके वालों ने नवगछिया थाने की पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

**अनजान नंबर ने अवैध संबंध का शक बढ़ायाः** नगर पंचायत के मुखिया भरत लाल पासवान ने बताया कि करीब 8 से 9 महीने से



सावन मंडल और पत्नी प्रियंका देवी के बीच अकसर मारपीट होता था। एक दिन किसी अनजान नंबर से सावन मंडल के मोबाइल पर कॉल आया, जिसे प्रियंका ने रिसीव किया। इसके बाद से अनजान शख्स ने लगातार कॉल करना शुरू कर दिया। इससे सावन को अवैध संबंध का शक गहराता गया। सावन ने प्रियंका की जमकर पिटाई भी की थी। इस घटना के बाद पंचायत बुलाई गई। पंचायत में अनजान शख्स को कॉल करने से मना किया गया। इसके बाद मामला शांत हो गया।

**2022 में हुई थी शादी, 1 लाख रुपए दिए थे दहेजः** मायके वालों ने बताया कि प्रियंका और सावन की शादी साल 2022 में कराई गई थी। नगरह नवटोलिया के रहने वाले दयानंद मंडल के बेटे सावन मंडल को दहेज में एक लाख रुपए भी दिए गए थे। प्रियंका की बुआ के मुताबिक, मेरे भाई यानी मृतका के पिता राजीव मंडल पेशे से मजदूर थे, जिनका कुछ महीने पहले ही निधन हुआ है। इसके बाद भी सावन की ओर से लगातार बाइक की मांग की जा रही थी। बाइक की डिमांड पूरी नहीं हुई तो सावन ने प्रियंका को मार डाला है।

**हत्या करने से पहले की पिटाईः** प्रियंका की बुआ फूला देवी ने बताया कि 'बाइक के लिए आए दिन प्रियंका के साथ मारपीट किया जाता था। शुक्रवार को भी हत्या करने से पहले उसकी जमकर पिटाई की गई। यह सूचना वार्ड सदस्य वीके सिंह ने दी। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रियंका के ससुराल पहुंचे तो शव बेड पर पड़ा था। इसके साथ ही पंखे से एक फंदा भी लटका हुआ था।

# जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर कोयला लदी मालगाड़ी का कपलिंग टूटा



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर गनगनिया और कल्याणपुर स्टेशनों के बीच खड़िया पिपरा हॉल्ट पर एक बड़ा रेल हादसा टल गया। शनिवार सुबह 8:58 बजे कोयला लदी मालगाड़ी की कपलिंग टूटने से यह ट्रेन दो भागों में बंट गई। मालगाड़ी के 10 डब्बे आगे और 20 डब्बे पीछे रह गए। घटना के बाद रेल यातायात दो घंटे तक बाधित रहा। आधे डब्बों को जमालपुर और बाकी को सुल्तानगंज ले जाया गया। प्रभावित क्षेत्र में संपर्क फाटक बंद रहने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे लोगों को भारी परेशानी हुई।

**घटना की सुचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारीः** हादसे के तुरंत बाद रेलकर्मियों ने स्थिति संभालते हुए सबसे पहले जमालपुर से दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी को और फिर गरीब रथ रात एक्सप्रेस को रवाना किया।

घटना की सूचना मालदा डिवीजन के डीआरएम को दी गई है। जांच के लिए डीआरएम और अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचने वाले हैं। रेल अधिकारियों और कर्मियों ने अब तक हादसे पर कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि, सुरक्षा टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और स्थिति पर काबू पाया। राहत की बात यह है कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का मुंगेर दौरा, विकास कार्यों की समीक्षा की

निज संवाददाता। मुंगेर

शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक दिवसीय दौरे के तहत मुंगेर के तारापुर का दौरा किया। वे हेलीकॉप्टर से पहुंचे, जहां बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। जिला प्रशासन ने उन्हें शकुनी चौधरी बीएड कॉलेज में गॉड ऑफ ऑनर प्रदान किया।

**पूर्व विधायक गणेश पासवान को श्रद्धांजलिः** सम्राट चौधरी ने तारापुर से शिशुआ गांव जाकर दिवंगत पूर्व विधायक और बीजेपी के प्रदेश महासचिव स्वर्गीय गणेश पासवान के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**समीक्षा बैठकः** शकुनी चौधरी बीएड कॉलेज के सभागार में उपमुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुंगेर के विधायक प्रणव कुमार, एमएलसी लाल मोहन गुप्ता, डीएम अवनीश कुमार सिंह, एसपी सैयद इमरान मसूद समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सम्राट चौधरी ने क्षेत्र के विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



**मीडिया से बातचीतः** बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहाः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति कर रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए 225 सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री की महिला संवाद यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार महिलाओं के बीच संवाद कर उनकी जरूरतों को समझते हैं। उनकी समस्याओं और जरूरतों के समाधान पर काम किया जाएगा।

**महिला संवाद यात्रा की सराहनाः** उपमुख्यमंत्री ने महिला संवाद यात्रा को महिलाओं के लिए एक सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा महिलाओं को बेहतर सुविधा और उनके अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। सम्राट चौधरी का यह दौरा क्षेत्रीय विकास और सामाजिक समरसता को बल देने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

## शिविर में बिजली की समस्या की सुनवाई

**भागलपुर, एजेंसी।** गोरडीह प्रखंड के गरोहोतिया में शुक्रवार को विद्युत आपूर्त्ति प्रशाखा सबौर की ओर से शिविर लगाई गई। जिसमें बिजली संबंधित समस्यों की सुनवाई की गई। यह शिविर कनीय अभियंता दीपक कुमार राही के नेतृत्व में लगाई गई।जिसमें करीब एक दर्जन आवेदन की सुनवाई की गई। कनीय अभियंता ने बताया कि यह शिविर प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में लगायी जाएगी। सोमवार को सोनडीह-सतजोरी, सारथ-डहरपुर और मोहनपुर में लगाई जाएगी। जिसमें लोग बिजली से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

## बीपीएससी परीक्षा में साइंस कॉलेज से एक संदिग्ध धराया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर थाना के गोबरसही स्थित एमपी साइंस कॉलेज सेंटर से शुक्रवार को बीपीएससी परीक्षा के दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। वह अरवल जिला के तेलपा के रहने वाला अरविंद कुमार है। बायोमीट्रिक जांच के दौरान उसके पिता का नाम मिसमैच पाया गया, जिसके बाद उसके आधार कार्ड की जांच की गई। इसमें भी पिता का नाम स्पष्ट नहीं मिला। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने सदर थाने की पुलिस को उसे सौंप दिया। साथ ही आवेदन भी दिया है। फिलहाल, उसे सदर थाने पर रखकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में अभ्यार्थी का किसी भी स्कॉलर गिरोह से कोई जुड़ाव पुलिस को नहीं मिला है। पुलिस उसके स्थानीय थाने से संपर्क कर अन्य जानकारी जुटा रहीं हैं। सदर थानेदार अस्मित कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारियों से आगे की कारवाई के लिए मार्गदर्शन मांगा गया है। उनके आदेश पर आगे की कारवाई की जाएगी।

## अकबरनगर में छिनतई मामले में दो गिरफ्तार

**भागलपुर, एजेंसी।** रेलवे स्टेशन अकबरनगर में बीते 8 दिसम्बर को छिनतई घटना में दो युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। जिसकी जानकारी सिटी एसपी के. रामदास ने पीसी कर दी। सिटी एसपी ने बताया कि 8 दिसंबर को अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर एक युवक के द्वारा सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के सीतारामपुर गांव निवासी शिशु कुमार का मोबाइल झपट्टा मारकर छीन ली। साथ ही मोबाइल के माध्यम से उनके खाता से एक लाख रुपये का निकासी कर ली। इसके बाद शिशु कुमार ने अकबरनगर थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर सूचना मिलने पर सिटी एसपी के निगरानी में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। जिसके बाद तकनीकी अनुसंधान में आए साक्ष्य के आधार पर शुक्रवार को घटना का सफल उद्वेदन किया गया। जिसमें अकबरनगर के वार्ड 4 निवासी रौशन झा व उसके निशानदेही पर श्रीरामपुर निवासी छोटू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## अस्पतालों में हार्ट अटैक व हार्ट फेल्योर के मरीजों की भीड़ बढ़ी

**पटना, एजेंसी।** ठंड में सीने में अचानक दर्द महसूस हो रहा है तो उसे गैस समझकर घर में ही इलाज न करें। इसके अलावा सीने में दर्द और लेटने पर बेचैनी लगे तो देर नहीं करना चाहिए। जांच और इलाज में जितनी देर होगी मरीज की स्थिति उतनी ही गंभीर हो जाएगी। इस स्थिति में बगैर समय बर्बाद की अस्पताल पहुंच जाएं। यह कहना है इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान के एडिशनल डाइरेक्टर डॉ. केके वरूण और आईजीआईएमएस में कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रवि विष्णु का। हार्ट के मरीजों की भीड़ इतनी बढ़ गई है कि आईजीआईसी में 280 बेड हैं। इसमें 50 फीसदी बेड पर हॉर्ट अटैक और हार्ट फेल्योर के मरीज भर्ती हैं। वहीं आईजीआईएमएस के कार्डियोलॉजी विभाग में 70 बेड है। सभी बेड पर मरीज भर्ती है। मरीज आने पर किसी तरह से एडजस्ट करना पड़ रहा है। 25 से 30 फीसदी हार्ट अटैक और हार्ट फेल्योर के मरीज बढ़ गए हैं। इमरजेंसी में बेड मिलना मुश्किल हो रहा है। यह स्थिति सिर्फ सरकारी में नहीं है।

# मंत्री रत्नेश सादा राघोपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंचे और सीएम नीतीश कुमार की कई उपलब्धियां गिनाई हैं

### जिसे शराबबंदी फेल लगता वो सार्वजनिक स्थान पर पीकर दिखाए



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के इलाके राघोपुर विधानसभा क्षेत्र में बिहार सरकार के मध्यनिषेध एवं निबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा शुक्रवार को पहुंचे और सीएम नीतीश कुमार की कई उपलब्धियां गिनाई हैं। दरअसल बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सादा नशाबंदी अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम करने पहुंचे थे। मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने विपक्ष को भी चैलेंज कर दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग शराबबंदी को फेल बताते हैं वे सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हंगामा और नाटक करके बताएं फिर उनका क्या हाल होता है वही वहीं जान पाएंगे।

### सरकार की कई उपलब्धियों को गिनाया

मंत्री ने बिहार सरकार की कई उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि बिहार में कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को अंडा नहीं खिलाता था, लेकिन नीतीश कुमार पूरे बिहार के बच्चा बच्चियों को अंडा खिला रहे हैं। मंत्री ने कहा किसी भी अल्पसंख्यक एससी-एसटी को कंपटीशन से नौकरी नहीं होती थी, नीतीश सरकार ने सर्टिफिकेट पर नौकरी दिया है। तमाम अल्पसंख्यक एससी एसटी का सर्टिफिकेट में टांखों पर दीमक खा रहा था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के रीजन में एक भी एससी एसटी अल्पसंख्यक को नौकरी नहीं मिली और नहीं मुखिया और वार्ड पार्षद बनते थे। 2005 से पहले कभी भी महिला को आगे नहीं बढ़ाया है। सरकारी कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री जी अपने विभागीय कार्यक्रम को भूलकर सरकार की एक पर एक उपलब्धियां महिलाओं को बताने लगे। मंत्री जी को लगा कि यह चुनावी सभा है। उन्होंने कहा कि लोग आपको कुछ भी बोलेंगे लेकिन इधर-उधर होने की जरूरत नहीं है।



## दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन लोग जख्मी :बक्सर में आपसी वर्चस्व को लेकर झड़प की आशंका

**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र के डुमरी गाँव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के दौरान स्थानीय पंचायत के सरपंच धर्मपाल कुँवर के भाई बुरी तरह घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष के सुधीर कुँवर को भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

### मौके से देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

घटना की सूचना मिलते ही सिमरी थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा और स्थिति पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार, मौके से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।सिमरी थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी वर्चस्व का लग रहा है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद हथियार किसका है और इसका इस्तेमाल कौन कर रहा था। उन्होंने कहा कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। फिलहाल, दोनों पक्षों की ओर से अब तक प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कोई लिखित आवेदन पुलिस को प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस ने दोनों पक्षों से बयान लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस मामले पर नज़र रखे हुए है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी सतर्कता बरत रही है। मारपीट की इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। पुलिस का कहना है कि स्थिति सामान्य है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## 50 करोड़ की लागत से बनेगा बाईपास

**गया, एजेंसी।** स्टेट हाईवे 69 में टिकारी और मऊ बाजार में जाम की समस्या से होने वाली परेशानी का स्थायी निदान होगा। करीब पचास करोड़ की लागत से 12.4 किलोमीटर लंबी बाईपास का निर्माण होगा। निर्माण शुरू कराने को लेकर शुक्रवार की शाम भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने किया। मऊ-टिकारी बाईपास का निर्माण स्टेट हाइवे 69 से अहियापुर भाया लोदीपुर, नारायण बिगहा, खैरा, पांडेय बिगहा, छठवां पथ होते हुए होगा। सात मीटर ब्लैक टॉप वाली इस सड़क के कंट्रक्शन पर करीब 38 करोड़ और करीब 12 करोड़ रुपये सेफ्टी आदि कामों पर किया जाएगा। महत्वपूर्ण बाईपास का निर्माण पूरा करने के लिए 18 महीने का समय निर्धारित किया गया है। भूमि पूजन के मौके पर आरसीडी शेरघाटी डिवीजन में कार्यरत सहायक अभियंता मो. ताहिर अंसारी, कनीय अभियंता पंकज कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार, संजय कुमार मौजूद थे। विधायक ने कहा कि एसएच 69 में पंचापनपुर से संडा तक सतह का नवीकरण होगा। करीब बीस किलोमीटर नवीकरण काम में साढ़े 12 करोड़ रुपये खर्च होंगे। संडा और कमालपुर में सड़क पर बहने वाली नाली की पानी से राहत के लिए दोनों स्थानों पर आरसीसी ड्रेनेज सिस्टम स्थापित किया जाएगा।

# गया में अवैध हथियार के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार

### एक पिछले एक साल से फरार चल रहा था, दूसरा झारखंड से आ रहा था

**गया, एजेंसी।** गया पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। दोनों के ऊपर अलग-अलग मामलों में केस चल है। पकड़ा गया पहला अपराधी हंटरगंज है। जिसने साल 2023 में लूट की घटना को अंजाम देकर पिछले एक साल से फरार चल रहा था। दूसरा बदमाश हथियार तस्कर बताया जा रहा है। पुलिस दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि 12 सितंबर 2023 कैशपार माइक्रो क्रेडिट कंपनी के कर्मचारी से चार बदमाशों ने पिस्टल दिखा कर उसके बैग और दस्तावेज लूट लिया था। इसके साथ ही फायरिंग भी की थी। इमामगंज थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की थी। जिला पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और छापेमारी के जरिए पूर्व में दो आरोपियों को लूटी गई सामग्री के साथ गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन इस मामले में संलिप्त अजय पासवान नाम का अपराधी फरार चल रहा था। अभी गुप्त सूचना मिली कि जिसके बाद पिस्टल, जिंदा कारतूस, मोबाइल और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। दो अलग-अलग मामलों में दो अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया पहला आरोपी हंटरगंज का है जो 2023 में हुई लूट की वारदात आरोपी था और वह फरार चल रहा था। वहीं दूसरा आरोपी हथियार तस्कर बताया जा रहा जिसे पुलिस ने पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पकड़े गए दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। वहीं, दूसरी कार्रवाई के तहत पुलिस को सूचना मिली थी कि झारखंड के चतरा से इमामगंज की ओर एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर बाइक से आ रहा है। पुलिस ने घेराबंदी की और अशोक महतो नाम के व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और दो मोबाइल बरामद किया गया है।



# बिहार में लगातार बढ़ रही ठंड के बीच राहत भरी खबर, बदलेगा हवाओं का रुख



**पटना, एजेंसी।** बिहार में लगातार बढ़ रही ठंड के बीच राहत की खबर आई है। प्रदेश में हवा का रूख बदलने के कारण सर्दी के सितम से हल्की राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार से निचली सतह पर उत्तर-पश्चिमी हवाओं की जगह पुरवा हवा चलने लगेगी। इससे तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। बता दें कि बीते तीन दिनों में बिहार में तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, इससे कंपकंपी छूटने लग गई है।

पटना मौसम केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार पुरवा हवा चलने के कारण हवा में ठंडक का एहसास नहीं होने और तापमान बढ़ने से लोगों को सर्दी से हल्की राहत मिलेगी। शुक्रवार को बिहार में सबसे ठंडा शहर 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ समस्तीपुर का पूरा रहा। वहीं, मधुबनी में सर्वाधिक तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मुजफ्फरपुर जिले में रात का पारा 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। पछुआ हवाओं के जोर से लोग शाम होते-होते घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी डॉ. अब्दुल सत्ता ने बताया कि आगामी 17 दिसंबर के बाद तापमान में काफी कमी आएगी। भागलपुर पहाड़ों से छनकर आ रही शुष्क हवा ने रातों को सर्द कर दिया है। दिन में सूरज की धूप से गुनगुने मौसम का एहसास हो रहा है तो दिन ढलते ही कंपपंकी छूट ररही है। शनिवार को तापमान और गिरने के आसार हैं। हालांकि, रविवार से तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। इससे ठंड से हल्की राहत मिलेगी। भागलपुर में शुक्रवार को न्यूनतम पारा 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 2 थानाध्यक्ष और 5 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

### किशनगंज एसपी ने 24 घंटे के अंदर ज्वाइन करने का दिया आदेश

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के एसपी सागर कुमार ने जिले की विधि-व्यवस्था में सुधार और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 2 थाना अध्यक्ष और 5 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इस फेरबदल के तहत पुलिस निरीक्षक राजा संदीप कुमार को साइबर थाना में अपर थानाध्यक्ष (अनुसंधान इकाई) बनाया गया है। पोठिया थानाध्यक्ष निशिकांत कुमार को बहादुरगंज थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि बहादुरगंज के अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पंथ को किशनगंज टाउन थाना का अपर थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा, अमित कुमार को बहादुरगंज का अपर थानाध्यक्ष और अंजय अमन को साइबर थाना से स्थानांतरित कर पोठिया थानाध्यक्ष बनाया गया है। किशनगंज टाउन थाना के अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार को अनुसंधान इकाई का कार्यभार सौंपा गया है।

### पुलिसिंग को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया ट्रांसफर

एसपी सागर कुमार ने बताया कि इन थानों में से कई सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़े हैं, जहां बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 24 घंटे के अंदर अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान सुनिश्चित करें। यह तबादला जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिसिंग को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है। एसपी ने कहा कि यह बदलाव क्षेत्र में सुरक्षा और जनता की सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



# समस्तीपुर खादी ग्रामोद्योग? में ऊनी कपड़ों का निर्माण:युवाओं की खादी के कपड़ों के लिए बढ़ा लगाव



### आधुनिक लुक में किया जा रहा उत्पादन

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित खादी ग्राम उद्योग समिति में अब रंगीन कपड़ों के साथ ही ऊनी वस्त्रों का भी उत्पादन होने लगा है। खादी के प्रति युवाओं के झुकाव को देखते हुए उनके पसंद के हिसाब से कपड़ों की बुनाई कढ़ाई की जा रही है। मांग के हिसाब से जिले के 15 विभिन्न काउंटरों पर खादी उत्पाद बिक रहा है। समस्तीपुर अनुमंडलीय खादी ग्रामोद्योग समिति के मंत्री धीरेंद्र कारजी ने बताया कि अब खादी सिर्फ सफेद वस्त्र वाला पोशाक बनाकर नहीं रह गया है अब खादी का उत्पादन विभिन्न कलर में और डिजाइनों में किया जा रहा है। बाजार की मांग और युवाओं को खादी के प्रति आकर्षण को बढ़ाने के लिए इसका उत्पादन किया जा रहा है।

युवा रंगीन खादी के शार्ट पॉइंट के कपड़ों के अलावा कंबल, ऊनी जैकेट, शाल, टोपी, स्वेटर की भी मांग करने लगे हैं। मांग को देखते हुए स्थानीय कारीगरों को इसके लिए ट्रेंड किया जा रहा है। इसके साथ ही उत्पादन भी शुरू किया गया है। आने वाले दिनों में उत्पादन की क्षमता को और बढ़ाया जाएगा।

### युवाओं को खादी उपयोग करने का अपील

खादी का उपयोग करने वाले युवा अनस रिजवान ने बताया कि खादी गांधी जी के विरासत का प्रतीक है। इससे देश भक्ति की भावना विकसित होती है। अब खादी नए रूपों में यानि कि कलर फुल के अलावा ऊनी वस्त्रों में भी मौजूद है भी है। यह बताते हुए कहा सभी युवाओं से कहा कि ज्यादा से ज्यादा खादी का उपयोग करें। जिससे स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा मिलेगा। खादी के नए ब्रांडों का उपयोग करने वाले संजीत कुमार ने बताया कि खादी अब पुराना मोटा और भद्दा कपड़ा नहीं रहा। अच्छे लुक और कलर फूल बन चुका है। उस पसंद भी करने लगे हैं। वह खुद भी खादी का लगातार प्रयोग करते हैं। उन्होंने युवाओं से ज्यादा से ज्यादा खादी का उपयोग करने का आह्वान किया।

### लोगों की पसंद बन रही खादी

खादी ग्रामोद्योग के मंत्री ने बताया कि खादी ग्रामोद्योग में इस समय यहां मफलर के साथ ही जैकेट महिलाओं के लिए विभिन्न रंग और डिजाइन में सॉल, चादर उपलब्ध है।जिसकी कीमत 300 से लेकर 8 से 10 हजार तक है। लोग खादी के रुमाल खूब पसंद करते हैं।जब से रंगीन शर्ट और पैंट के कपड़ों का निर्माण किया जा रहा है खादी के कारोबार में बढ़ोतरी भी हुई है। पिछले वर्ष करीब 45 से 50 लख रुपए का कारोबार हुआ था।इस बार कारोबार 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने की उम्मीद है।कारोबार बढ़े इसलिए विभिन्न उत्पादों में छूट भी दी जा रही है। समस्तीपुर में निर्मित खादी के कपड़ों की मांग दूसरे जिलों में भी है।मधुबनी दरभंगा आदि जिलों में भी खादी के वस्त्र भेजे जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बरियातू क्षेत्र के कई पीडीएस दुकानों का विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

रांची, एजेंसी। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशनुसार शुक्रवार को रांची विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी द्वारा बरियातू क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया. वार्ड संख्या 1 व 9 के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों के निरीक्षण के लिए उन्होंने उपस्थित राशन कार्डधारियों से भी बातचीत की. कार्डधारियों द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह खाद्यान्न का वितरण समय से हो रहा है. कुछ कार्डधारी द्वारा चना दाल वितरण नहीं होने की बात कही गई, जिसपर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पीडीएस डीलर को चना दाल वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. मोनी कुमारी ने सभी पीडीएस डीलर को वर्तमान माह का खाद्यान्न वितरण जल्द से जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.

### तोपचांची में रेल परियोजना का ग्रामीणों ने किया विरोध

धनबाद, एजेंसी। तोपचांची प्रखंड की रामाकुंडा पंचायत में रेल परियोजना से प्रभावित रैयतों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है. इसके विरोध में ग्रामीणों ने शुक्रवार को वहां चल रहे निर्माण कार्यों का विरोध करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने बताया कि रेल परियोजना के तहत रामाकुंडा पंचायत के आईबीएच हॉल्ट के समीप निर्माण कार्य चल रहा है. यहां काम वैसी जमीन पर काम चल रहा है, जिसका मुआवजा रैयतों को नहीं मिला है. ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक मनमाने तरीके से काम करा रहा है. रैयतों को बिना सूचना के ही उनकी जमीन पर तालाब निर्माण के नाम पर मिट्टी की कटाई की जा रही है. ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक काम नहीं होने देंगे और विरोध प्रदर्शन भी जारी रहेगा. ग्रामीणों ने वहां बेरिकेडिंग कर काम रोक दिया है.

### टैंकर में आगजनी व फायरिंग करने वाले 5 अपराधी अरेस्ट

रांची, एजेंसी। प्लांट में घुसकर टैंकर में आगजनी और फायरिंग करने वाले पांच अपराधियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सलीम अंसारी उर्फ बादल, दीपक कुमार, सद्दाम हुसैन उर्फ छोटू, लालमुनी राम उर्फ मुनीलाल और बबलू खान को गिरफ्तार किया. इनके पास से दो देशी पिस्टल, एक देसी कट्टा, गोलियां, 9 मोबाइल फोन और दो बाइक जब्त किया गया है. पकड़ा गया अपराधी मुनि लाल का संबंध उग्रवादी संगठन टीपीसी से रहा है. शुक्रवार को एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. बीते 30 नवंबर की रात ओरमांझी थाना क्षेत्र के रुक्का स्थित हुटुप ओपी के समीप श्री राम इंटर प्राइजेज प्लांट में अपराधियों ने उत्पात मचाया था. चार अपराधियों ने प्लांट में घुसकर पानी ढुलाई करने वाले टैंकर में सोए चालक अखिलेश कुमार को उतारा और टैंकर को पेट्रोल छिड़क कर आग के हवाले कर दिया. जाते समय अपराधियों ने चालक अखिलेश कुमार का मोबाइल लूट लिया. इसके बाद फायरिंग कर गाली-गलौज करते हुए वे भाग निकले थे.

### मौसम विभाग ने जारी कर दी चेतावनी, झारखंड के इन 3 जिलों में पड़ेगी शीतलहर

रांची, एजेंसी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने चेतावनी जारी कर दी है। बता दिया है कि शनिवार (14 दिसंबर) को झारखंड के किन जिलों में शीतलहर का प्रकोप देखा जाएगा। झारखंड में अगले 5 दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि शनिवार को सुबह हल्का कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद आसमान साफ रहेगा।उन्होंने बताया कि झारखंड के कम से कम 3 जिलों बोकारो, धनबाद और रामगढ़ में कहीं-कहीं शीतलहर चलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले 2 दिन में झारखंड में कई जगहों पर न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राजधानी रांची में शनिवार को सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। बाद में आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

# सीआईडी करेगी सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की जांच

रांची, एजेंसी। संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों के खिलाफ छात्र आंदोलन कर रहे हैं। रविवार (15 दिसंबर) को राजधानी में जुटने वाले हैं। वह परीक्षा के बाद जारी रिजल्ट को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कथित गड़बड़ियों की जांच का आदेश दे दिया है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक कथित गड़बड़ियों की जांच सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) करेगी।

जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा आयोजित की थी। गत 4 दिसंबर को जेएसएससी ने रिजल्ट का प्रकाशन भी कर दिया। जिसके बाद गड़बड़ियों के आरोप सामने आए। रिजल्ट को रद्द करने की मांग होने लगी। राज्य भर में अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शन किया। इसे लेकर विपक्ष भी सरकार पर हमलावर है।

परीक्षा और रिजल्ट में गड़बड़ियों को लेकर जो आरोप लग रहे हैं, उसमें सबसे पहला आरोप यह है कि पहले दिन




(21 सितंबर) जिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिया, उनमें से बहुत कम सफल हुए हैं, जबकि जिन अभ्यर्थियों ने दूसरे दिन (22 सितंबर) को परीक्षा दिया, उनमें से अधिकांश को सफल घोषित किया गया। सफल अभ्यर्थियों में पहले व दूसरे दिन परीक्षा देने वालों की संख्या में भारी अंतर है।

सीजीएल परीक्षा और रिजल्ट में कथित गड़बड़ियों का मामला विधानसभा में भी उठा। विपक्ष ने आरोपों की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। लेकिन सरकार के स्तर से इसे अस्वीकार करते हुए सीआईडी जांच का आदेश दिया गया है।

## निरसा को जल्द मिलेगा अनुमंडल का दर्जा- अरूप चटर्जी

धनबाद, एजेंसी।

निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के चौथे दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर निरसा को अनुमंडल का दर्जा की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा. सीएम ने इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. ज्ञात हो कि अरूप चटर्जी के निरसा को तीन प्रखंडों में विभक्त करने के सार्थक प्रयास के कारण ही निरसा, केलियासोल व एगारकुण्ड प्रखंड बना. तीनों वहीं, चिरकुण्डा नगर परिषद क्षेत्र को लेकर यहां की सघन अबादी, औद्योगिक क्षेत्र, ग्रैंड कार्ड रेलवे लाइन, एनएच-2 के साथ-साथ पश्चिम बंगाल का सीमांचल क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में आए दिन विधि-व्यवस्था की समस्याओं पर रोकथाम के लिए निरसा को अनुमंडल व पुलिस अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास रखा गया था. निरसा पुलिस अनुमंडल तो बन गया, लेकिन



पिछले लगभग 11 वर्षों से निरसा को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव लंबित है.

अरूप चटर्जी ने बताया कि निरसा को अनुमंडल बनाने की दिशा में 21 जुलाई 2014 को धनबाद के तत्कालीन डीसी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता ने बैठक हुई थी. बैठक में कागजी प्रक्रिया पूरी कर निरसा को अनुमंडल का दर्जा देने का प्रस्ताव सरकार के पास भेज दिया गया था, लेकिन मामला अधर में लटका रहा. अब सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द कागजी प्रकिया पूरी कर निरसा को अनुमंडल का दर्जा दे दिया जाएगा.

## चांडिल थाना क्षेत्र के शहरबेड़ा के दो स्थानों में अवैध बालू भंडारण जब्त

सरायकेला, एजेंसी। बालू के अवैध भंडारण और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन अब एक्शन मोड पर है. शुक्रवार को सुबह से ही जिला खनन विभाग की टीम चांडिल के अंचल अधिकारी व चांडिल थाना की पुलिस के साथ छापामारी अभियान चला रही है. अगल-अलग स्थानों में चलाए गए छापामारी अभियान में टीम को सफलता भी हाथ लगी है. जिला खनन विभाग को सूचना मिली थी कि चांडिल थाना क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार पांव पसारने लगा है. क्षेत्र में धड़ल्ले से बालू का अवैध भंडारण किया जा रहा है. इसके बाद सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी ज्योतिशंकर सतपथी के नेतृत्व में विभागीय टीम शुक्रवार को छापामारी अभियान चलाया. अभियान में चांडिल के अंचल अधिकारी और चांडिल थाना की पुलिस भी मौजूद थी.

बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान में टीम को सफलता मिली है. इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योतिशंकर सतपथी ने बताया कि शुक्रवार को चांडिल के अलग-अलग स्थानों में छापामाी अभियान चलाया गया. सबसे पहले शहरबेड़ा, इसके बाद चिलगु में और अंत में गौरी घाट पर बालू के अवेध कारोबार के खिलाफ छापामारी की गई. उन्होंने बताया कि चांडिल थाना क्षेत्र के शहरबेड़ा में अवैध रूप से बालू ले जाते एक ट्रैक्टर और एक 407 माल वाहक वाहन को जब्त किया गया है. वहीं अभियान के दौरान शहरबेड़ा में ही दो स्थानों में अवैध रूप से भंडारण कर रखे गए बालू भी जब्त किया गया है. उन्होंने बताया कि एक स्थान पर करीब नौ हजार सीएफटी और एक स्थान पर करीब पांच हजार सीएफटी बालू जब्त किया गया है.

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि दोपहर के वक्त चिलगु क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया. इसके बाद कपाली क्षेत्र के गौरी घाट में टीम ने धावा बोला. गौरी घाट पर टीम के आने की सूचना पहले ही पहुंच गई थी. छापामारी टीम को गौरी घाट में बालू निकालने के लिए बनाए गए पांच डोंगा (नाव), पांच बेलचा और पांच ढामा मिला. टीम ने पांचों डोंगा को नष्ट कर दिया. इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योतिशंकर सतपथि ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों के साथ अवैध रूप से डंप कर रखे गए बालू के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी.

## देवघर में पत्नी के साथ अलग अंदाज में दिखे हेमंत सोरेन, बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

देवघर, एजेंसी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने आज देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

तीर्थ पुरोहितों द्वारा पूरे विधि-विधान से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग की पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने बाबा भोलेनाथ से झारखंड वासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की प्रार्थना की।

इससे पूर्व देवघर एयरपोर्ट आगमन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन का सारठ के विधायक, उदय शंकर सिंह, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद दादेल, संथाल परगना आई.जी. श्री क्रांति कुमार, डी.आई.जी. संजीव कुमार, उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग द्वारा स्वागत एवं अभिवादन किया गया। मौके पर जिला प्रशासन देवघर द्वारा एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने आज दुमका जिला स्थित



बासुकीनाथ धाम मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने पूरे विधान के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बाबा भोलेनाथ से राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। इससे पूर्व दुमका जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिवादन करते हुए उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।बाबा वैद्यनाथ मंदिर अपनी विशेष वास्तुकला और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।

बाबा वैद्यनाथ मंदिर का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा हुआ है। यह मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। बाबा वैद्यनाथ मंदिर हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यहां के शिवलिंग को बाबा वैद्यनाथ के नाम से जाना जाता है। मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, और यहाँ के शिवलिंग की पूजा करने से भक्तों को मोक्ष और आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है।

## लोहरदगा में 15 दिसंबर से प्रारंभ होगा धान अधिप्राप्ति का कार्य : उपायुक्त

लोहरदगा, एजेंसी।

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शुक्रवार को लोहरदगा जिला के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा है कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार खरीफ विपणन के तहत धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हो रहा है। इसके तहत इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से और बोनस के रूप में 100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। धान अधिप्राप्ति की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन, राईस मिलों का चयन, अधिप्राप्ति केंद्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केंद्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति का कार्य किया जा चुका है। जो भी किसान अपना धान विक्रय करना चाहते हैं वे खुले बाजार या बिचौलिये को ना देकर अपना धान सिर्फ अपने क्षेत्र के नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र या एफपीओ पर ही विक्रय करें।



उन्होंने कहा कि सभी किसान धान अधिप्राप्ति योजना का भरपूर लाभ उठाएं। धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर 15 दिसंबर 2024 से साधारण किस्म का धान न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस की राशि 100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राज्य सरकार क्रय करेगी।

वहीं ग्रेड ए किस्म की धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2320 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस की राशि 100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों को राज्य सरकार भुगतान करेगी। जिला में धान क्रय के लिए दो किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) एवं 21 धान अधिप्राप्ति केंद्र (लैम्पस) का चयन किया गया है।

इनमें लोहरदगा सदर प्रखण्ड में हेसल लैम्पस लिमिटेड, निंगनी लैम्पस, मन्हो लैम्पस , कुडू प्रखण्ड में कोलसिमरी लैम्पस , ककरगढ़ लैम्पस, कुडू लैम्पस, लावागाई लैम्पस, चंदलासो लैम्पस, किस्को प्रखण्ड में किस्को लैम्पस , अरैया लैम्पस , हेसापीड़ी लैम्पस , खरकी लैम्पस, जोड़ा सखुआ एफपीओ, सेन्हा प्रखण्ड में सेन्हा लैम्पस , बुटी लैम्पस , अलौदी लैम्पस , सुखसंपदा एफपीओ, बदला लैम्पस, कैरो प्रखण्ड में सढ़ाबे लैम्पस , हनहट लैम्पस और भण्डरा प्रखण्ड में भौरो लैम्पस लिमिटेड शामिल हैं। सभी धान अधिप्राप्ति केंद्रों में पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

## कृषि विभाग के अधिकारी सप्ताह में दो दिन करें फील्ड विजिट, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का आदेश

रांची, एजेंसी। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया है. यह कदम योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने और उन्हें बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है. मंत्री ने कहा कि बंद कमरों में बैठने के बजाय अधिकारियों को ग्रामीण इलाकों में जाकर समस्याओं का समाधान करना चाहिए. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से सुझावों को खुले दिल से अपनाने और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देने पर जोर दिया. विभागीय बैठक में बजट और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी चर्चा की गई.



मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा दिये गये प्रमुख निर्देश

फील्ड विजिट अनिवाय : अधिकारी सप्ताह में दो दिन योजनाओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए क्षेत्र का दौरा करेंगे.

ग्रामीण हाट-बाजार का विकास : जर्जर हाट-बाजारों को सुधारने के लिए राशि खर्च की जाएगी.

योजना कैलेंडर जारी : ब्लॉक स्तर पर योजनाओं की जानकारी के लिए कैलेंडर तैयार होगा ताकि लाभार्थियों तक सही जानकारी पहुंचे.

केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा : केंद्र की योजनाओं को पहले विभागीय समीक्षा के बाद ही लागू किया जाएगा.

पशु बाजार का विस्तार : ग्रामीण इलाकों में पशु खरीद-बिक्री के लिए विशेष बाजार स्थापित किए जाएंगे.

कोल्ड स्टोरेज पर ध्यान : नए कोल्ड स्टोरेज बनाने के बजाय पुराने स्टोरेज को सक्रिय किया जाएगा.

ग्रामीण स्तर पर बाजारों का विकास कर किसानों के उत्पाद को बढ़ावा दिया जाने की बात समीक्षा बैठक में की गयी. साथ ही मेधा डेयरी के प्रमोशन को प्राथमिकता दी जाएगी.आलू की खेती के लिए स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट पर उद्योग विभाग के साथ मिलकर काम होगा.किसानों को खरीफ और रबी फसलों में संतुलन बनाने की दिशा में प्रोत्साहित किया जाएगा. इस पर विशेष जोरे देने की बात कही गयी.

## झारखंड पुलिस सेवा के 9 अधिकारियों का आईपीएस में होगा प्रमोशन, नामों की सूची आई सामने

रांची, एजेंसी। झारखंड पुलिस सेवा के सीनियर डीएसपी स्तर के नौ अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत होंगे। राज्य सरकार के स्तर पर इसकी प्रक्रिया तेज कर दी गई है। प्रोन्नति संबंधित प्रक्रिया संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के स्तर से होती है। इसके लिए यूपीएससी में राज्य पुलिस सेवा के 17 योग्य सीनियर डीएसपी स्तर के अधिकारियों का नाम भेजा जाना है, जिसकी प्रक्रिया चल रही है। सभी 17 योग्य सीनियर डीएसपी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) सहित अन्य दस्तावेजों को अपडेट किया जा रहा है, जिसे यूपीएससी को भेजा जाएगा।

जिन अधिकारियों की एसीआर सहित अन्य दस्तावेज अपडेट किए जा रहे हैं, उनमें राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार, शिवेंद्र, वीरेंद्र चौधरी, समीर तिर्की, अविनाश, राजेश कुमार, मजरूल होदा, निशा मुर्मू सहित 17 नाम शामिल हैं। झारखंड पुलिस सेवा झारखंड राज्य की पुलिस सेवा है, जिसका गठन 2000 में हुआ था। यह सेवा राज्य में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। झारखंड पुलिस सेवा के अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा नेतृत्व किया जाता है। जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती किए जाते हैं।

इसके अलावा, झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती डीएसपी रैंक के माध्यम से द्वितीय श्रेणी के स्तर पर भर्ती की जाती है। झारखंड पुलिस सेवा की संगठनात्मक संरचना में फील्ड पोस्टिंग और नॉन-फील्ड पोस्टिंग शामिल हैं। फील्ड पोस्टिंग को राज्य में 24 जिला पुलिस इकाइयों में विभाजित किया गया है।

झारखंड पुलिस सेवा में विभिन्न पद होते हैं, जिनमें पुलिस महानिदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, पुलिस उप निरीक्षक, पुलिस के सहायक उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल, वरिष्ठ कांस्टेबल और सिपाही शामिल हैं।

कानून और व्यवस्था बनाए रखना- आईपीएस अधिकारी राज्य और केंद्र सरकार के लिए कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होते हैं। अपराध नियंत्रण- आईपीएस अधिकारी अपराध की रोकथाम और जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सार्वजनिक सुरक्षा- आईपीएस अधिकारी सार्वजनिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होते हैं। प्रशासनिक कार्य- आईपीएस अधिकारी प्रशासनिक कार्यों में भी शामिल होते हैं, जैसे कि जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय। सुरक्षा और खुफिया कार्य- आईपीएस अधिकारी सुरक्षा और खुफिया कार्यों में भी शामिल होते हैं, जैसे कि आतंकवाद विरोधी कार्य, साइबर सुरक्षा, और अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य।

## पंचवटी अपार्टमेंट में महिला से हो रही थी छेड़खानी, दर्ज हुई प्राथमिकी

रामगढ़, एजेंसी। रामगढ़ शहर के पंचवटी एनक्लेव अपार्टमेंट में अक्सर घरेलू हिंसा और इव टीजिंग जैसे यौन शोषण के मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। कभी मामला पति-पत्नी के बीच का होता है, तो कभी अधेड़ उम्र की महिला के साथ वारदात होती है। ऐसा ही एक मामला फिर पंचवटी अपार्टमेंट में हुआ है। इस मामले में आरोपित के खिलाफ रामगढ़ थाने में प्राथमिक भी दर्ज हुई है। 44 वर्ष की महिला शालू सिन्हा ने इव टीजिंग के मामले में रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने पंचवटी अपार्टमेंट के ही ब्लॉक बी, फ्लैट नंबर 101 बी में रहने वाले अरुण गोयल को अभियुक्त बनाया है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि अरुण गोयल के द्वारा उन्हें कई दिनों से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। जब भी महिला फ्लैट से मार्केट, मेडिसिन शॉप और अपने कोचिंग संस्थान के लिए निकलती है, तो अरुण गोयल घात लगाकर पार्किंग के



पीछे छुपकर गलत निगाह से घूरते हैं। कोई आसपास नहीं होने पर अश्लील इशारे करते हैं। इसके अलावा उनका पीछा करते हुए थाना चौक में स्थित कोचिंग संस्थान तक चले जाते हैं। कोचिंग संस्थान से वापस लौटते हुए भी पीछा करते हैं। अपार्टमेंट में पहले पहुंचकर एंट्रेंस गेट पर बैठे रहते हैं और फिर पार्किंग तक पहुंच जाते हैं।

पीड़िता और उनके पति ने कई बार अन्य फ्लैट के मालिकों के साथ मिलकर उन्हें समझाने की कोशिश की। लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। गत तीन नवंबर को जब पीड़िता कोचिंग संस्थान से अपार्टमेंट पहुंची तो सीसीटीवी कैमरे से बचते हुए अरुण गोयल उनके पास पहुंचा और उनका हाथ पकड़ लिया। जब वह हाथ छुड़ाकर सीढ़ियों से अपने फ्लैट की तरफ भागी तो पहले मंजिल तक अरुण गोयल ने उनका पीछा किया। 13 नवंबर को कैमरे की नजर से बचते हुए अरुण गोयल ने पीड़िता का दुपट्टा भी खींच लिया था। जब वह चिल्लाई तो उनके पड़ोसी वहां पहुंचे और अरुण गोयल वहां से भाग खड़ा हुआ।

पीड़िता ने बताया कि 23 जनवरी 2024 को उनके पति और बेटी बाहर गए हुए थे। उस वक्त भी फ्लोर के कॉरिडोर में देर रात अरुण गोयल घूमता हुआ पाया गया था। कई बार सोसाइटी के बड़े, बुजुर्ग और गणमान्य लोगों ने समझाने की कोशिश की। लेकिन अरुण गोयल पर किसी भी बात का असर नहीं होता। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने शनिवार को बताया कि इस मामले में अरुण गोयल के खिलाफ प्राथमिकी 380/24 दर्ज की गयी है। साथ ही इस पूरे प्रकरण की जांच भी उन्होंने शुरू कर दी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### दोनों सत्रों में नहीं बन रही सहमति

जब भी संसद का सत्र शुरू होता है, सर्वदलीय बैठक बुला कर आपसी सहमति और सहयोग से कार्यवाही चलाने का संकल्प लिया जाता है। मगर, पिछले कुछ समय से संसद का कामकाज हंगामे की भेंट चढ़ जा रहा है। किसी मसले पर विपक्ष बहस की मांग करता है और सभापति की मंजूरी न मिल पाने के बाद हंगामे का सिलसिला चल पड़ता है। पूरा का पूरा सत्र बिना किसी सार्थक बहस और विधेयकों पर जरूरी चर्चा के बगैर समाप्त हो जाता है। चालू सत्र में भी पहले ही दिन से हंगामा चल रहा है। विपक्ष अडाणी मामले पर बहस कराना चाहता है, मगर दोनों सदनों में इसकी इजाजत नहीं मिल पा रही। अब स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति यानी उपराष्ट्रपति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव रख दिया है। उसका कहना है कि सभापति विपक्ष को बोलने का मौका नहीं देते, वे अपनी मर्जी से बहसों को रेकार्ड में लेते या नहीं लेते हैं।सत्तापक्ष के लोगों को बोलने का अधिक अवसर देते हैं, आदि। यह बहत्तर वर्षों के संसदीय इतिहास में पहला मौका है, जब इस तरह राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, उन्हें हटाने की मांग उठी है। ऐसा नहीं कि पहले विपक्ष के नेता किसी सदन के सभापति से असंतुष्ट नहीं होते थे। उन पर पक्षपात के आरोप नहीं लगाते थे। पहले भी ऐसा होता रहा है, मगर तब कटाक्ष, तल्ख बयान और बहसों के बाद मामले सुलझा लिए जाते थे। सदन की मर्यादा का निर्वाह किया जाता था। मगर पिछले कुछ समय से शायद इस तकाजे को कोई समझना नहीं चाहता। मानसून सत्र में विपक्षी दल के कई नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष को संसदीय मर्यादा और उनके पद की गरिमा का पाठ पढ़ाया। खूब कटाक्ष किए, मगर कोई फर्क नहीं पड़ा। विपक्ष का आरोप है कि सरकार खुद हंगामा खड़ा करके सदन के कामकाज में बाधा डाल रही है। वह चाहती ही नहीं कि संसद में किसी मुद्दे पर बहस हो।दरअसल, संसदीय कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्तापक्ष की होती है। अगर किन्हीं स्थितियों में विपक्ष का रुख अधिक आक्रामक हो जाता है और सदन की कार्यवाही में बाधा पड़ती है, तो संसदीय कार्यमंत्री सुलह-समझौते से गतिरोध दूर करने का प्रयास करते हैं। मगर लंबे समय से दोनों सदनों के कामकाज बाधित हैं और सरकार की तरफ से कोई ऐसा प्रयास नजर नहीं आता।

### दुनिया में भारत की बढ़ी साख

भारत के लिए गर्व की बात है कि वह दिमाग की सामान्य संरचना से आगे बढ़ कर भ्रूण के मस्तिष्क के बारीक खंडों को देखने में समर्थ हो गया है।मनुष्य के शरीर का सबसे जटिल हिस्सा मस्तिष्क है। यह शरीर के बाकी हिस्सों पर कैसे नियंत्रण रखता है, यह कौतूहल ही नहीं, शोध का विषय भी रहा है। मानव मस्तिष्क के विकास को समझने के लिए वर्षों से अध्ययन होते रहे हैं। मगर दिमाग की गहरी परतों में उतर कर गुत्थियां सुलझाना इतना आसान नहीं रहा। भारत के लिए गर्व की बात है कि वह दिमाग की सामान्य संरचना से आगे बढ़ कर भ्रूण के मस्तिष्क के बारीक खंडों को देखने में समर्थ हो गया है।यों मस्तिष्क संबंधी जटिलताओं के लिए हमारे पास एमआरआइ जैसी तकनीक पहले से है। वहीं मस्तिष्क की गतिविधियों को जानने के लिए 'ब्रेन मैपिंग' तकनीक भी है। मगर अब हम इस दिशा में कई कदम आगे बढ़ गए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास ने आधुनिक ब्रेन मैपिंग तकनीक से भ्रूण के मस्तिष्क की विस्तृत थ्री डी तस्वीर जारी कर सभी को चौंका दिया है।यह दुनिया में पहली बार है, जब अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से 5,132 मस्तिष्क खंडों को डिजिटल तस्वीरों में उतारा गया है। प्रौद्योगिकी सीमाओं से परे जाकर हमारे वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं ने चिकित्सा विज्ञान में इतिहास रच दिया है। आइआइटी, मद्रास अब एलन मस्तिष्क संस्थान की कतार में आ गया है।यह इस मायने में भी बड़ी उपलब्धि है कि अब भ्रूण के विकास के पहले चरण में ही बीमारियों का जल्द पता लग जाएगा। वहीं मस्तिष्क संबंधी तमाम विकारों पर नियंत्रण आसान होगा। मस्तिष्क खंड की छोटी से छोटी डिजिटल तस्वीरें तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में काम कर रहे चिकित्सकों की सहायता करेंगीं। इससे वे सटीक उपचार कर सकेंगे।उम्मीद कर सकते हैं कि मस्तिष्क कैंसर, ट्यूमर और मिर्गी के साथ तमाम बीमारियों और मनोविकारों की तह में जाने में अब मुश्किल नहीं होगी। तकनीक के इस नए विस्तार के बाद मरीजों को बेहतर और शीघ्र इलाज मिलने की उम्मीद है। वहीं ब्रेन मैपिंग होने से किसी गंभीर अपराध में पकड़े गए आरोपियों की दिमागी हलचल को बारीकी से समझा जा सकेगा।इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत अब मस्तिष्क मानचित्रण में अमेरिका के समकक्ष है।

## इंडिया गठबंधन की रार से कांग्रेस से ज्यादा क्षेत्रीय दलों को होगा नुकसान

(कमलेश पांडे)

*भारतीय मतदाताओं के बीच कांग्रेस नीत यूपीए गठबंधन, राजद-सपा-झामुमो नीत महागठबंधन, शिवसेना यूबीटी-एनसीपी शरद पवार नीत महाविकास अघाड़ी के अलावा तीसरे या चौथे मोर्चे में शामिल रहे क्षेत्रीय दलों की साख अच्छी नहीं है। जनता पार्टी, जनता दल और संयुक्त मोर्चे की कई गठबंधन सरकारों को असमय गिराने का आरोप जहां कांग्रेस पर लगता आया है, वहीं तीसरे मोर्चे और चौथे मोर्चे के बारे में तो राजनीतिक अवधारणा यही है कि इन्हें केंद्र में सरकार चलाना ही नहीं आता और इसमें शामिल दल भले ही अपने-अपने राज्यों में सफल रहे हों, लेकिन सुशासन स्थापित करने और भ्रष्टाचार रोकने में अकसर विफल रहे हैं।*

बता दें कि तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद तुरंत कहा था कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को अपने अहंकार को अलग रखना चाहिए और ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन के नेता के रूप में मान्यता देनी चाहिए। कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया गठबंधन' में नेतृत्व के सवाल पर जो मौजूदा चिल्ल-पों मची हुई है और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व पर एक बार फिर से जो सवाल उठाए जा रहे हैं, उससे न तो तृणमूल कांग्रेस नेत्री व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का राजनीतिक भला होने वाला है और न ही उनकी सुर में सुर मिलाने वाले एनसीपी शरद पवार के शरद पवार-सुप्रिया सुले, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे-आदित्य ठाकरे, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव-रामगोपाल यादव या आप पार्टी के अरविंद केजरीवाल आदि जैसे नेताओं का। हां, इससे कांग्रेस आई की उस सियासी साख को धक्का अवश्य लगेगा, जो कि बमुश्किल उसने राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 के बाद हासिल कर पाई है। राजनीतिक मामलों के जानकारों का स्पष्ट कहना है कि कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी के लिए हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा की हार जरूर मायने रखती है, क्योंकि यह जीती हुई बाजी हारने के जैसा है। लेकिन सिर्फ इसको लेकर ही इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस से छीन लेना कोई राजनीतिक बुद्धिमानी का काम प्रतीत नहीं होता है। शायद कांग्रेस भी इसे नहीं मानेगी और किसी भी राष्ट्रीय दल को क्षेत्रीय दलों के सामने घुटने भी नहीं टेकने चाहिए, यदि सत्ता प्राप्ति के लिए संख्या बल का खेल नहीं हो तो! बीजेपी भी यही करती है और अपने गठबंधन सहयोगियों को उनकी वाजिब औकात में रखती है। तीसरे-चौथे मोर्चे की विफलता के पीछे भी तो अनुशासनहीनता या अतिशय महत्वाकांक्षा का खेल ही तो था, जिसे बहुधा राजनीतिक रोग समझा जाता है। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद तुरंत कहा था कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को अपने अहंकार को अलग रखना चाहिए और ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन के नेता के रूप में मान्यता देनी चाहिए। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने यहां तक कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए भी विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। एक टीवी चैनल से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। वहीं, यह पूछे जाने पर कि एक मजबूत भाजपा विरोधी ताकत के रूप में अपनी साख के बावजूद वह इंडिया ब्लॉक की कमान क्यों नहीं संभाल रही हैं? तो इस पर बनर्जी ने कहा, अगर मौका मिला तो मैं इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करूंगी। उन्होंने कहा, मैं बंगाल से बाहर नहीं जाना चाहती, लेकिन मैं इसे यहीं से चला सकती हूं। बता दें कि बीजेपी का मुकाबला करने के लिए गठित इंडिया ब्लॉक में दो दर्जन से अधिक विपक्षी दल शामिल हैं। हालांकि, आंतरिक मतभेदों और आपसी तालमेल की कमी की वजह से इसकी कई बार आलोचना भी होती रही है। इसी वजह से इसके प्रमुख सूत्रधार रहे जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना पाला बदल लिया और भाजपा के खेमे में चले गए। वो भी इंडिया गठबंधन के संयोजक का पद पाना चाहते थे, जो लालू प्रसाद के परोक्ष विरोध के चलते सम्भव नहीं हो पाया। ऐसे में संभव है कि ममता भी एकबार फिर से तीसरे मोर्चे को मजबूत करने की पहल करें और नीतीश की तरह ही इंडिया गठबंधन को टा-टा, बाय-बाय कर दें। उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी का यह बयान उनकी पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक सहयोगियों को लेकर दिए बयान के बाद सामने आया है। तब कल्याण बनर्जी ने कहा था कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को अपने अहंकार को अलग रखना चाहिए और ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन के नेता के रूप में मान्यता देनी चाहिए। आपको बता दें कि बीजेपी ने जहां महाराष्ट्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड संख्या में सीटें हासिल कीं तो वहीं कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। बीजेपी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को भारी जीत मिली, जबकि इंडिया ब्लॉक ने सिर्फ झारखंड में जेएमएम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मजबूत वापसी की। कहने का तातपर्य यह है कि कांग्रेस ने अपनी हार का सिलसिला जारी रखा और हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया और झारखंड में सत्तारूढ़ जेएमएम के जूनियर पार्टनर के रूप में सामने आई और विपक्षी ब्लॉक में इसकी भूमिका और भी कम हो गई क्योंकि अन्य सहयोगियों ने इससे बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं, दूसरी ओर हाल ही में हुए उपचुनावों में भाजपा को हराकर टीएमसी की जीत ने पश्चिम बंगाल में पार्टी के प्रभुत्व को मजबूत किया है, जबकि विपक्षी अभियान आरजी कर मेडिकल कॉलेज विरोध जैसे विवादों पर केंद्रित थे। सीपीआई के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे, उसके सहयोगी सीपीआई लिबरेशन और कांग्रेस, जो इंडिया ब्लॉक में राष्ट्रीय स्तर पर टीएमसी के सहयोगी हैं, सभी को बड़ी असफलताओं का सामना करना पड़ा और उनके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। जबकि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक की सबसे बड़ी पार्टी है, जिसे अक्सर गठबंधन का वास्तविक नेता माना जाता है। यह ठीक है कि तृणमूल कांग्रेस नेत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में लगातार भाजपा को सियासी चोट पहुंचा रही हैं और सदैव उस पर भारी प्रतीत हो रही हैं, वह राष्ट्रीय नेत्री बन गई चाहे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार के प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार हों या उनकी सियासी वारिस सांसद सुप्रिया सुले, शिवसेना यूबीटी के प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे हों या उनके राजनीतिक वारिस आदित्य ठाकरे, समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव हों या राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव या आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हों या उन जैसे इंडिया गठबंधन के कोई अन्य नेतागण, किसी का चेहरा राष्ट्रीय स्तर पर उतना सर्वस्वीकार्य नहीं हो सकता है।

## भाजपा के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

(अजय कुमार)

कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गई जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं। इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए। कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गई जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है। बहराल, सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य साथ देगा। सम्मान बढ़ेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। जीवन स्तर में सुधार होगा और आपकी तरक्की होगी। परिवार के साथ वीकेंड एन्जॉय करने के लिए शॉपिंग पर जा सकते हैं। शाम को किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

### वृष
आज दिन तरक्की से भरा होगा और आपको खुशी का अनुभव होगा। नौकरी के साथ-साथ पार्ट-टाइम बिज़नस के लिए भी समय निकाल लेंगे और आपकी सभी महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी, इसलिए प्रयास जारी रखें तो कामयाबी आपको मिलेगी। संघ के बाद आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कर्क
आज भाग्य साथ दे रहा है। लाभ और प्रसन्नता में आपका दिन बीतेगा। आयात-निर्यात का व्यवसाय शुरू करने का निर्णय हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा और मांगलिक कार्यक्रमों का योग बन रहा है। समय का सदुपयोग करने से सफलता मिलेगी। किस्मत साथ देगी और दिन आनंद में बीतेगा।

### सिंह
आज लाभ होगा और दिन उन्नति से भरा होगा। उन्नति के कई रास्ते खुलेंगे और किस्मत साथ देगी। पढ़ाई और आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। विवाद खत्म होंगे। छिपे हुए दुश्मनों और ईर्ष्यालु लोगों से सावधान रहें। किसी को उधार पैसा न दें, वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता और गुरु की सेवा करें, और पूजा-पाठ भी करें।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और हर कार्य में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको मेहनत से किए गए काम में सफलता मिलेगी और भाग्य में वृद्धि होगी। हर कार्य को उत्साह के साथ पूरा करें और आपका समय लाभ में बीतेगा।

### कन्या
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार मिलते रहेंगे। दोस्तों के साथ समय बिताने से मन हल्का होगा। व्यर्थ के झंझटों से बचें। धार्मिक स्थानों की यात्रा का योग बन सकता है।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी। आपकी अप्रत्याशित उन्नति देखकर सब हैरान होंगे। आज का दिन उपलब्धियों से भरा रहेगा। कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और खुशी बढ़ेगी। प्रगति जारी रही तो धन की कमी नहीं होगी। प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

### वृश्चिक
आज आर्थिक मामलों में दिन मिलाजुला होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। कारोबार की चिंता आपको परेशान कर सकती है और इस कारण से आपको उलझन महसूस होगी। पिछले कुछ दिनों से कारोबार नियमित नहीं है और कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी या व्यवसाय में सुधार पाना है तो आलस्य छोड़कर मेहनत करें।

### मकर
आज करियर को लेकर परेशान रहेंगे और चिंतित रहेंगे और काम में मन नहीं लगेगा। कुछ परेशानियां बिना वजह सामने आ सकती हैं। सावधान रहें और काम पर ध्यान दें। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधियों से सावधान रहें। आपके पीछे कोई आपके खिलाफ साजिश कर सकता है। सावधान रहें। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से इन लोगों को हरा देंगे।

### कुंभ
आज लाभ होगा और आपके लिए दिन सफलता से भरा रहेगा। आपको रुका हुआ धन मुश्किल से मिलेगा और आपको इसके लिए काफी मेहनत भी करनी पड़ सकती है। रोजमर्रा के काम में लापरवाही न करें। वरना आपका नुकसान हो सकता है। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपकी तरक्की होगी। रात में किसी शुभ अवसर पर जाने का मौका मिलेगा।

### धनु
आज दिन सामान्य रहेगा। परिवार में किसी की चिंता आपको परेशान कर सकती है। आपको रुपये-पैसे के मामले में कोई फैसला काफी सोचकर लेना चाहिए। सबकी सहमति हो तो स्थान परिवर्तन के बारे में सोच सकते हैं। नए स्थान पर जाकर कुछ नया करने के बारे में विचार करें। जीवन में आनंद का दौर है और आपको खुश होकर परिवार को वक्त देना चाहिए।

### मीन
आज भाग्य साथ दे रहा है। अचानक मिले शुभ समाचार से खुशी होगी और आपकी तरक्की होगी। कारोबार में योजनाओं की सफलता से मन आनंदित रहेगा। व्यवसाय के तनाव को खुद पर हावी न होने दें। नई योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में कुछ नए तरीके आजमाने से आपको लाभ और सफलता प्राप्त होगी। अधिकारियों के साथ तालमेल बढ़ेगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5582

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5581

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5582

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | ■ | 14 | | |
| 15 | | | ■ | 16 | | ■ | |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | 18 | ■ |
| 19 | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1906 को इस भारतीय क्रांतिकारी ने जन्म लिया था (8)
7. भुना हुआ दाना, लावा, कील (2)
8. जंगल, वन, अरण्य (3)
9. सिंह, वीर पुरूष, नाहर, केसरी (2)
11. दावा, फरियाद, अभियोग, मुकदमा (3)
12. डर, भय, आशंका, जोखिम (3)
14. गंध फैलाना (3)
15. चांदी, उजला (3)
16. एक प्रसिद्ध दिवंगत हास्य अभिनेता जिनका बेटा भी अभिनेता-निर्देशक था (2)
17. मिट्टी एवं पानी आदि का लेसदार घोल (2)
20. फर्श आदि पर बिछाई जाने वाली छपी हुई चादर (3)
22. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)
24. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
25. तारा शंकर बंदोपाध्याय की एक सुप्रसिद्ध कृति, समूह में बंटे हुए देवता (5)

**ऊपर से नीचे**

1. चंद्रमारूपी शिरोभूषण पहनने के कारण भगवान शिव का एक नाम (5)
2. अभिमान, दर्प, डींग, अकड़ (2)
3. अखरना, खटकना, बुरा लगना (3)
4. छोटे-छोटे तारों का समूह, मंदाकिनी (5)
5. प्राण, मूल तत्व, शरीरिक शक्ति, सामर्थ्य (2)
6. दन-दन शब्द होना, खुशी मनाना (5)
10. रात्रि में होने वाला जागरण (4)
13. उल्लू को यह भी कहा जाता है (4)
16. हमला करना, चढ़ाई करना (4)
18. पद के लिए उम्मीदवारों में से बहुमत के आधार पर चुनना (3)
19. इस देश में तांबे की विश्व की सबसे बडी खान है जो कि 3000 मीटर की ऊंचाई पर है (2)
21. संसार, विश्व, एक प्रकार का बर्तन (2)
23. रिश्ता, संबंध (2)

### वर्ग पहेली 5581 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | के | श | ■ | बे | ल | गा | म |
| म | ला | ल | ■ | त | ख | मी | ना |
| ता | ■ | भ | ग | वा | ■ | ■ | व |
| ज | य | ■ | री | ■ | ग | ब | न |
| ■ | क | री | ब | ■ | या | म | ■ |
| द | र | मा | ■ | बा | ना | ■ | र |
| ल | की | ■ | सा | दा | ■ | दा | ग |
| ■ | ब | ल | रा | म | जा | ख | ड़ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### मेरे सुसाइड करने का कारण मैं खुद हूं, क्योंकि मैंने; गाजियाबाद में 14वीं मंजिल से कूद गया अकाउंटेंट

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के पटेल नगर सेकेंड में रहने वाले निजी कंपनी के एक अकाउंटेंट ने राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेसेज सोसाइटी की 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी थी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे नंदग्राम थाने पर सूचना मिली कि किसी व्यक्ति ने राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेसेज सोसाइटी की 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। इस दौरान मृतक की पहचान पटेल नगर सेकेंड निवासी 26 वर्षीय तुषार गोयल के रूप में हुई, जो मेरठ रोड स्थित एक शोरूम में अकाउंटेंट की नौकरी करते थे। पुलिस ने सूचना देकर परिजनों को भी मौके पर बुला लिया गया। परिजनों ने बताया कि तुषार गोयल अविवाहित और दो बहनों के इकलौते भाई थे। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। तुषार अपनी मां के साथ रहते थे। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

### नोएडा में 76 लड़के-लड़कियां गिरफ्तार, फर्जी कॉल सेंटर अमेरिकी नागरिकों को लगाते थे चूना

**नोएडा गाजियाबाद, एजेंसी।** अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी करने वाले एक और कॉल सेंटर का नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को पर्दाफाश कर 76 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 67 पुरुष और 9 महिलाएं हैं। आरोपी तकनीकी सहायता और लोन प्रक्रिया के नाम पर फर्जी मैसेज और लिंक भेजकर अमेरिकी नागरिकों को ठगते थे। ठगी के इस गिरोह के चारों सरगना भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पकड़े गए आरोपियों में कई पहले भी जेल जा चुके हैं। इनके पास से भारी संख्या में लैपटॉप, मोबाइल, हेडफोन, राउटर और अमेरिकी बैंक का फर्जी चेक समेत अन्य सामान बरामद हुए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सीआरटी, स्वॉट और पुलिस ने आरोपियों को दबोचा। ये सेक्टर-63 के ई ब्लॉक में इंस्टा सॉल्यूशन के नाम से संचालित कॉल सेंटर में काम कर रहे थे। यह गिरोह अब तक 1500 से अधिक अमेरिकी नागरिकों को ठग चुका है। आरोपी एक प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिकों से 99 से 500 अमेरिकी डॉलर तक लेते थे। पैसा बिट क्वाइन, गिफ्ट कार्ड और अन्य माध्यमों से लिया जाता था। हवाला के जरिये रकम भारत में आती थी। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपियों के पास से बरामद इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का डेटा एनालिसिस साइबर टीम की मदद से किया जा रहा है। गिरोह के सरगना कुरुनाल रे, सौरभ राजपूत, सादिक ठाकुर और साजिद अली हैं। चारों पूर्व में गुजरात से जेल जा चुके हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कॉल सेंटर से ऑनलाइन कंपनी के सपोर्ट, माइक्रोसाफ्ट, टेक सपोर्ट ,पे डे के नाम पर ठगी करते थे। कॉल सेंटर सेक्शन बंटे थे। गिरोह के सरगना स्काइप ऐप के जरिये ग्राहकों के व्यक्तिगत डेटा खरीदते थे। इसका भुगतान यूएसडीटी में किया जाता था। डेटा आने के बाद आरोपी अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर में एक बग भेजते थे। एक साथ दस हजार लोगों को मेल या मैसेज भेजा था। इस बग से कंप्यूटर में खराबी आने के कारण स्क्रीन नीले रंग की हो जाती है।

### असली हिंदू और उसकी विचारधारा से उद्धव ठाकरे कोसों दूर - राम कदम

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र कैबिनेट के विस्तार और बांग्लादेश तथा मणिपुर को लेकर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा नेता राम कदम ने शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया दी। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा कि असली हिंदू और उसकी विचारधारा से उद्धव ठाकरे कोसों दूर हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रेस कॉन्फ्रेंस में बांग्लादेश और मणिपुर मुद्दे पर चर्चा को लेकर राम कदम ने कहा, लोकसभा चुनाव जीतने के बाद जिस उद्धव ठाकरे के जुलूस में पाकिस्तान के झंडे लहरा रहे थे, वह प्रेस वार्ता करने की नौटंकी कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे की विचारधारा बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा से बहुत दूर है। जब महाराष्ट्र की जनता ने उनको यह अहसास दिलाया,

# कोविड-19 धोखाधड़ी मामले में अधिकारियों पर एफआईआर

### सरकार को 167 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कोविड-19 महामारी के दौरान धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल कर्नाटक के कई सरकारी अधिकारियों और प्राइवेट कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उनपर सरकारी खजाने को 167 करोड़ रुपये का भारी नुकसान पहुंचाने का आरोप है। यह मामला चिकित्सा कर्मियों के लिए सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट और एन95 मास्क की अवैध खरीद पर केंद्रित है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई) के मुख्य अकाउंटिंग अधिकारी डॉ. एम. विष्णुप्रसाद ने एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में डीएमई के एक पूर्व निदेशक और सेराटिन प्राइवेट कंपनियों के प्रबंधन समेत प्रमुख हस्तियों पर आरोप लगाए हैं।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

कर्नाटक के विधान सौध पुलिस स्टेशन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन इसमें शामिल किसी भी राजनीतिक या शीर्ष पद पर मौजूद अधिकारी के नाम का खुलासा करने से मना किया गया है। शिकायत में बताया गया कि 2020 में कोविड-19 महामारी के चरम पर होने के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति खरीदते समय कानूनी खरीद प्रक्रियाओं का पालन करने में विफल रहा। 18 अगस्त 2020 को राज्य सरकार ने 17 सरकारी कॉलेजों और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लिए 2.59 लाख एन95 मास्क और पीपीई किट को अधिकृत किया था।

सरकारी आदेशों के बावजूद खरीद प्रक्रिया में कई अवैधताएं देखी गईं। पीपीई किट की आपूर्ति के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन मालूम चला कि अस्पतालों तक किट की आपूर्ति नहीं की गई। दस्तावेजों और चालान में भी गड़बड़ी देखी गई। एफआईआर में आगे बताया गया कि मुंबई की एक कंपनी ने इस धोखाधड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ अधिकारियों पर इस धोखाधड़ी को बढ़ावा देने का भी आरोप है।

# आज होगा महाराष्ट्र की महायुति सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार, करीब 30 मंत्री लेंगे नागपुर में शपथ



**मुंबई, एजेंसी।**
भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बताया कि राज्य विधानमंडल का एक सप्ताह तक चलने वाला शीतकालीन सत्र नागपुर में 16 दिसंबर से शुरू होगा। इससे एक दिन पहले 15 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। साथ ही साथ उसी दिन शीतकालीन अधिवेशन में जिन बिंदुओं पर काम काज किया जाएगा उसके बारे में मुख्यमंत्री और एवं दोनों उपमुख्यमंत्री जानकारी देंगे। दोपहर में विपक्ष अपनी रणनीति का खुलासा भी करेगा कि किस तरीके से शीतकालीन सत्र में वह सरकार को घेरेगा।

दरअसल, पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि मंत्रिमंडल का गठन 14 दिसंबर को मुंबई में होगा। लेकिन विभागों के बंटवारे में एवं विधायकों को मंत्री बनाने की चयन प्रणाली में देरी होने से मंत्रिमंडल का गठन नागपुर में 15 दिसंबर को होगा। महाराष्ट्र की महायुति सरकार के मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 43 सदस्य हो सकते हैं। बता दें, मुंबई में पांच दिसंबर को भव्य समारोह में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इन सबके बीच, भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग मुलाकात की। दक्षिण मुंबई में पवार के देवगिरी स्थित बंगले पर बातचीत हुई। बता दें कि 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। महायुति गठबंधन ने राज्य की 288 सीट में से 230 सीट जीतकर सत्ता हासिल की थी। महायुति में शामिल भाजपा 132 सीट के साथ सबसे आगे रही। वहीं एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 57 और अजित पवार की एनसीपी को 41 सीट पर जीत मिली थी। सरकार गठन में पहले ही उतार-चढ़ाव आ चुके हैं और शिंदे ने फडणवीस के लिए शीर्ष पद पर जगह बनाई है। शिंदे, जो सरकार का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे और पार्टी संगठन पर ध्यान केंद्रित करने के इच्छुक थे।

# तो हम निर्माण अनुमति नहीं देंगे; नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जारी बिल्डिंग प्रोजेक्ट पर एनजीटी का बड़ा निर्देश




**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
राष्ट्रीय हरित अधिकरण का कहना है कि ग्रेटर नोएडा और नोएडा में जिन बिल्डिंग प्रोजेक्ट के पास पर्यावरणीय मंजूरी समेत अन्य जरूरी मंजूरियां नहीं हैं, उन्हें निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एनजीटी ने यह निर्देश ग्रेटर नोएडा और नोएडा में पर्यावरणीय मानदंडों का उल्लंघन कर बनाए गए आवासों, दुकानों और अन्य वाणिज्यिक और आवासीय परिसरों के कथित अनधिकृत और अवैध निर्माण के संबंध में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कही।

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ रियल एस्टेट कारोबारी अवैध रूप से ऊपरी मिट्टी निकाल रहे हैं और इसके अलावा वे अनधिकृत बोरवेल भी करवा रहे हैं। एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने 9 दिसंबर को दिए गए आदेश में कहा, संबंधित अधिकारियों ने अपने जवाब दाखिल किए हैं, जिनसे पता चलता है कि कुछ परियोजना प्रस्तावक (रियल एस्टेट कंपनियां) स्थापना की सहमति , संचालन की सहमति और पर्यावरण मंजूरी प्राप्त किए बिना निर्माण कार्य जारी रखे हुए हैं। राज्य और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि ईसी/सीटीई/सीटीओ की आवश्यकता वाली किसी भी परियोजना को, इन मंजूरियों के बिना, निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति नहीं दी जाए। पीठ में न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे। एनजीटी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को डूब क्षेत्र के इलाकों में अवैध तरीके से भूखंडों की खरीद-बिक्री को रोकने का निर्देश भी दिया। कार्यवाही के दौरान याचिकाकर्ता के वकील आकाश वशिष्ठ ने दलील दी कि ग्रेटर नोएडा के एक बड़े हिस्से में अवैध टाउनशिप, विला और अपार्टमेंट मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'हमने रिकॉर्ड पर व्यापक सामग्री पेश की है, जिससे पता चलता है कि किस तरह हर दिन बड़े-बड़े निर्माण कार्य हो रहे हैं। तस्वीरों से पता चलता है कि कैसे अवैध कॉलोनियों में बिजली के खंभे लगाए जा रहे हैं और अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण-पत्र के बिना बोरवेल खोदे जा रहे हैं।' यह याचिका भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व नगर निगम पार्षद राजेंद्र त्यागी द्वारा दायर की गई है, जिसमें ग्रेटर नोएडा के 56 गांवों और नोएडा के 18 गांवों में अनधिकृत कॉलोनियां और टाउनशिप होने का उल्लेख किया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ग्रेटर नोएडा में 20,000 हेक्टेयर से अधिक उपजाऊ कृषि योग्य भूमि हड़प ली गई है।

# मालेगांव वोट जिहाद मामला : किरीट सोमैया बोले, जांच में जल्द होगा सब साफ



**मुंबई, एजेंसी।**
भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता एवं पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने शनिवार को लोकसभा चुनाव में मालेगांव पर वोटों के लिए हुई फंडिंग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मालेगांव वोट जिहाद पैसा घोटाले की जांच शुरू हो गई है और जल्द ही सब साफ हो जाएगा। सोमैया ने कहा, मालेगांव वोट जिहाद का पैसा घोटाले मामले में यह बात सामने आई है कि सिराज मोहम्मद ने नासिक मर्चेंट बैंक में जो 14 बेनामी कंपनियों के अकाउंट खोले थे, उनमें हिंदुस्तान के 21 राज्यों के 255 बोगस कंपनियों के बैंक अकाउंट से 112 करोड़ 71 लाख 97 हजार 780 रुपए जमा हुए।

उन्होंने कहा, इसी तरह से मालेगांव की बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में 5 बेनामी अकाउंट खोले गए। इनमें 53 करोड़ 75 लाख रुपए के रुपए आए हैं। अब महाराष्ट्र के एटीएस पुलिस ने इसकी जांच अपने हाथ में ली है। जो 250 से बोगस कंपनियों में से पैसे आए हैं, अब उनकी जांच भी शुरू हो चुकी है। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को महाराष्ट्र में हार का सामना करना पड़ा, मालेगांव में भी बीजेपी उम्मीदवार की हार हुई थी। 11 नवंबर को भाजपा नेता किरीट सोमैया ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वोट जिहाद के लिए करोड़ों की फंडिंग का खुलासा किया था। उससे पहले भी उन्होंने वोट जिहाद के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग की बात कही थी।

दो दर्जन बेनामी अकाउंट एक कॉपरेटिव बैंक में खोले, जिसमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश समेत अलग-अलग राज्यों में मौजूद ब्रांचों से इन बेनामी अकाउंट में पैसे भेजे गए थे। सिर्फ चार दिन में 125 करोड़ रुपये से अधिक रकम इन अकाउंट में जमा की गई। इसके बाद सिराज अहमद और मोईन खान ने अलग-अलग 37 अकाउंट में वापस पैसे ट्रांसफर किए और फिर इसे निकाल भी लिया गया।

# जालंधर में महिला पर कुत्तों ने किया जानलेवा हमला, 25 से ज्यादा जगहों पर काटा



**जालंधर, एजेंसी।**
जालंधर शहर में एक बुजुर्ग महिला को कुत्तों ने घेरकर उसपर हमला कर दिया। खून से लथपथ महिला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, 65 साल की महिला गुरुद्वारा साहिब से अकेली लौट रही थी। इस दौरान उस रास्ते में सात से आठ स्ट्रीट डॉग्स ने चारों तरफ से घेर कर हमला कर दिया। कुत्तों में महिला को करीब 25 से ज्यादा जगह पर काटा है। कुत्तों के हमले से महिला नीचे गिर गई, जिससे उसके सिर में भी चोट आई है।

कुत्तों के हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है महिला को कुत्तों ने चारों तरफ से घेर लिया है और वह उनसे बचने का प्रयास कर रही है। यह घटना सतगुरु कबीर चौक के पास स्थित दूरदर्शन एनक्लेव फेज-2 के पास की है। कुत्तों ने बुजुर्ग को शरीर के कई हिस्सों पर काटा है। बुजुर्ग महिला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़िता के पति ने कहा कि कॉलोनी में छत पर धूप में बैठे एक युवक ने मौके पर पहुंचकर और कुत्तों को भगाया। उनके साथ एक अन्य युवक और कश्मीरी शख्स ने खून से लथपथ बुजुर्ग को घर पहुंचाया। उन्होंने बताया कि वह उन्हें लेकर निजी अस्पताल गए थे, लेकिन कुत्तों के काटने का मामला होने के कारण महिला को सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के लिए आपको बता दें कि कुत्तों के काटने से रेबीज होने का खतरा होता है। रिपोर्ट के अनुसार, रेबीज एक जानलेवा बीमारी है। रेबीज बीमारी नसों और मस्तिष्क को प्रभावित करती है।

# कहां हैं गाजियाबाद के डेढ़ हजार सफाईकर्मी? सैलरी लेकर हो जाते हैं गायब




**गाजियाबाद नोएडा।** गाजियाबाद नगर निगम से हर माह वेतन ले रहे डेढ़ हजार सफाई कर्मचारी ड्यूटी से गायब हैं। गाजियाबाद 311 ऐप पर साढ़े चार हजार में से लगभग तीन हजार कर्मचारी ही ड्यूटी स्थल पर जाकर हाजिरी लगा रहे हैं। ऐसे में निगम अधिकारी मान रहे हैं गायब सफाई कर्मचारी या तो ड्यूटी पर नहीं आते या उनके नाम का वेतन गलत तरीके से कोई और ले रहा है। डेढ़ हजार सफाई कर्मचारियों की जांच कराई जाएगी। शहर के सभी 100 वार्डों में साढ़े चार हजार सफाई कर्मचारी लगाए हैं। ज्यादातर सफाई कर्मचारी ठेके पर हैं। इसके बावजूद पार्षद वार्डों में पर्याप्त सफाई कर्मचारी न होने की शिकायत कर रहे हैं। बोर्ड बैठक में भी पार्षद वार्डों में अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाने की मांग करते रहे हैं। सफाई कर्मचारी कम होने की वजह से पार्षद वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने की शिकायत भी कर रहे हैं।निगम ने करीब एक साल पहले गाजियाबाद 311 ऐप लांच किया था। इसमें सभी विभाग के कर्मचारियों के लिए ड्यूटी स्थल पर हाजिरी लगाने के आदेश जारी हुए थे। ऐप पर हाजिरी लगाने के साथ ही लोकेशन का पता चलता है। मोबाइल पर संबंधित कर्मचारी के पलकों के झपकने से ही ऐप खुलता है, लेकिन एक साल के दौरान ऐप पर तीन हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी हाजिरी नहीं लगा सके हैं। जबकि नगर आयुक्त ने ऐप पर ही हाजिरी लगाने के कई बार आदेश जारी किए हैं। पिछले दिनों समीक्षा के दौरान पता चला कि काफी प्रयास करने के बाद भी ऐप पर हाजिरी लगाने वालों का आंकड़ा नहीं बढ़ रहा है। यानी की लगभग तीन हजार सफाई कर्मचारी ही ऐप पर हाजिरी लगा रहे हैं।

# जेल में एक रात बिताने के बाद रिहा हुए अल्लू अर्जुन : बाहर आते ही मांगी माफी

### बोले- कानून का हमेशा सम्मान

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद स्थित संध्या थिएटर भगदड़ मामले में आज जेल से रिहा होने के बाद अल्लू अर्जुन मीडिया से मुखातिब हुए। बातचीत के दौरान 'पुष्पा' अभिनेता ने थिएटर में हुए भगदड़ को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। इसके साथ ही अभिनेता ने माफी भी मांगी। जेल से रिहा हुए अल्लू अर्जुन ने भगदड़ मामले पर खुलकर बात की और कानून का साथ देने की भी बात कही, पुष्पा अभिनेता ने कहा, सहयोग के लिए आप सभी का धन्यवाद, मैं एकदम ठीक हूं। हैदराबाद में हुई घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण थी और इस पूरे मामले में मैं कानून के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हूं, मैं कानून की इज्जत करता हूं।

दुखद घटना को लेकर मेरी पूरी संवेदनाएं शोक में डूबे परिवार के साथ है। बहुत दुखद है कि परिवार फिल्म देखने आया था और उनके साथ ऐसा हुआ। जो भी हुआ उसके लिए मैं माफी मांगता हूं मगर ये सब मेरे नियंत्रण से बाहर की बात थी। मैं कई साल से थिएटर में जाता रहा हूं, मगर ऐसा कभी नहीं हुआ। एक बार फिर से शोक संतप्त परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। जहां तक हो सकेगा मैं परिवार का साथ दूंगा। लोकप्रिय टॉलीवुड अभिनेता अल्लू अर्जुन संध्या थिएटर भगदड़ में हुई महिला की मौत मामले में शनिवार सुबह चंचलगुडा सेंट्रल जेल से रिहा हुए।



अभिनेता को शुक्रवार शाम को तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा अंतरिम जमानत दी गई थी, जबकि एक निचली अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत पर भेज दिया था। जेल अधिकारियों को जमानत आदेश मिलने में देरी के कारण उन्हें रात जेल में ही बितानी पड़ी। जेल अधिकारियों ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता को जेल के पिछले गेट से रिहा किया। उन्हें एक एस्कॉर्ट वाहन में भेजा गया। अभिनेता सीधे गीता आर्ट्स के कार्यालय पहुंचे। अल्लू अर्जुन जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर पहुंचें। पुलिस ने उनके आवास के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी है। शुक्रवार रात को उनकी रिहाई को लेकर सस्पेंस बना हुआ था। जेल अधिकारियों ने बताया था कि उन्हें देर रात जमानत का आदेश मिला और चूंकि जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को रात के समय रिहा नहीं किया जा सकता इसलिए अभिनेता को अगली सुबह रिहा किया जाएगा। अल्लू अर्जुन ने शुक्रवार को रिमांड पर लिए गए नामपल्ली कोर्ट द्वारा दिए गए विशेष दर्जे के तहत मंजीरा ब्लॉक में रात बिताई। अभिनेता के बड़ी संख्या में प्रशंसक जेल के बाहर उनकी रिहाई का इंतजार कर रहे थे। अल्लू अर्जुन के वकीलों ने हाईकोर्ट के निर्देशानुसार जेल अधीक्षक को 50,000 रुपये का निजी मुचलका जमा कराया। पुष्पा-2 एक्टर अल्लू अर्जुन शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे चंचलगुडा सेंट्रल जेल से रिहा हुए। उनके पिता अल्लू अरविंद और ससुर कंचरला चंद्रशेखर रेड्डी उन्हें लेने जेल पहुंचे थे। अल्लू करीब 18 घंटे कस्टडी में रहे। रिहाई के बाद अल्लू गीता आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस पहुंचे। इसके बाद 9 बजे के करीब अल्लू हैदराबाद स्थित अपने घर पहुंचे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्टः

# पहले दिन का खेल बारिश में धुला

**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया है। शनिवार को ब्रिस्बेन में रुक-रुककर बारिश होती रही। दिन के आखिरी दो सेशन में एक भी बॉल नहीं डाली जा सकी। बारिश शुरू होने पहले ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए थे। नाथन मैक्स्वीनी और उस्मान ख्वाजा नाबाद लौटे थे। द गाबा स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी।

रविवार को दूसरे दिन का खेल आधे घंटे पहले सुबह 5:20 बजे शुरू होगा। 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला मैच भारत ने 295 रन और दूसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतिश कुमार रेड्डी, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान) और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलियाः** पैट कमिंस (कप्तान), नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और जोश हेजलवुड।






# पीकेएल-11: तमिल थलाइवाज को हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे पटना पाइरेट्स

**पुणे, एजेंसी।** अयान (13), देवांक (12) और डिफेंडर शुभम शिंदे (5) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पटना पाइरेट्स् ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 109वें मैच में तमिल थलाइवाज को 42-38 के अंतर से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। पटना ने 18 मैचों में 11वीं जीत हासिल की जबकि मोइन शफागी (11) और सचिन (8) के सराहनीय प्रदर्शन के बावजूद थलाइवाज 18 मैचों में 11वीं हार को मजबूर हुई।

इसी के साथ प्लेआफ में जाने की थलाइवाज की उम्मीदों को झटका लगा है। जिस वक्त पटना आलआउट की कगार पर थे, अयान को बोनस देना थलाइवाज को भारी पड़ गया। बहरहाल, तीन बार के चैंपियन पटना ने अच्छी शुरुआत के साथ तीन मिनट में 5-2 की लीड बना ली थी। पांचवां मिनट बीतते-बीतते हालांकि थलाइवाज ने वापसी की राह पकड़ी और स्कोर 5-6 कर दिया। इसके बाद हिमांशु ने शुभम का शिकार कर स्कोर बराबर कर दिया। शुरुआती 8 मिनट में पटना को एक भी टैकल प्वाइंट नहीं मिला था, फिर भी वे 9-7 से आगे थे।

इस बीच देवांक ने मल्टी प्वाइंटर के साथ न सिर्फ स्कोर 11-7 किया बल्कि थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन कर दिया।

इसके बाद की रेड पर भी देवांक ने दो अंक लेकर थलाइवाज को आलआउट की कगार पर ला दिया। सचिन आए और लपक लिए गए। इस तरह पटना ने 16-9 की लीड ले ली। ब्रेक के बाद पटना ने शफागी को लपका तो थलाइवाज ने अयान और देवांक का शिकार कर पटना को बड़ा झटका दिया।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025:

# आईसीसी की मुहर, अब पाक से कोलंबो में मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस बात पर सैद्धांतिक रूप से इस बात पर सहमति हो गई है कि न तो भारत और न ही पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंट के लिए एक-दूसरे के देश की यात्रा करेंगे। ऐसे में भारत और पाकिस्तान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दुबई में खेलेंगे जो 19 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी, उन्हें 2 समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष 2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

पीसीबी ने कहा था कि वह हाइब्रिड मॉडल को तभी स्वीकार करने को तैयार है, जब भारत और पाकिस्तान को दिए जाने वाले सभी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए समान व्यवस्था की जाएगी। इसका मतलब है कि जब भारत 2025 महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा तो पाकिस्तान पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करेगा और तटस्थ स्थान पर उसके खिलाफ खेलेगा। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले 2026 पुरुष टी20 विश्व कप के दौरान, भारत घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला नहीं खेल पाएगा और इसके बजाय बड़े मुकाबले के लिए श्रीलंका की यात्रा करेगा। आईसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि कल एक वर्चुअल बैठक है जिसमें आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ब्रिसबेन से जुड़ेंगे। उम्मीद है कि आईसीसी इसके बाद आधिकारिक घोषणा करेगी।

फिलहाल हाइब्रिड मॉडल स्वीकार करने पर पीसीबी को कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा। भारत ने 2008 एशिया कप के बाद से पाकिस्तान की यात्रा नहीं की है। पाकिस्तान हालांकि पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए भारत आया था।





## मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने शनिवार को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। 32 वर्षीय आमिर ने इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के कुछ ही महीनों बाद संन्यास लेने का फैसला किया है। आमिर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया,सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन निर्णय लिया है। ये निर्णय कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन अपरिहार्य होते हैं। मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए यह सही समय है कि वे पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं! अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा। मैं ईमानदारी से पीसीबी, अपने परिवार और दोस्तों और सबसे बढ़कर अपने प्रशंसकों को उनके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

आमिर, जिन्होंने 2009 में एक विलक्षण किशोर के रूप में पदार्पण किया था, सभी प्रारूपों में अपने नाम 271 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेकर रिटायर हुए हैं - टेस्ट में 119, वनडे में 81 और टी20 में 71। उन्होंने पाकिस्तान के 2009 टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और कई यादगार प्रदर्शन किए थे, जिसमें भारत के खिलाफ 2017 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उनका मैच जीतने वाला स्पैल भी शामिल है। आमिर की प्रतिभा निर्विवाद थी, लेकिन उनका करियर विवादों से घिरा रहा।

पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे के दौरान कुख्यात 2010 स्पॉट फिक्सिंग कांड में उनकी संलिप्तता ने उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर दिया।



## टिम साउदी ने अपने विदाई टेस्ट में क्रिस गेल के छक्के मारने के रिकॉर्ड की बराबरी की

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने शनिवार को सेडन पार्क में अपने अंतिम टेस्ट मैच के दौरान वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल के छक्के मारने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टेस्ट क्रिकेट में साउदी और गेल के अब बराबर छक्के (98) हो गए हैं, जो केवल एडम गिलक्रिस्ट (100), ब्रेंडन मैकुलम (107) और बेन स्टोक्स (133) से पीछे हैं। साउदी इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में 272/8 के स्कोर पर बल्लेबाजी करने आए। उन्हें अपने विदाई टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाड़ियों से गार्ड ऑफ ऑनर मिला।

साउदी ने अपनी पारी की पहली गेंद पर बेन स्टोक्स का सामना किया और पूरी तरह से चूक गए। हालांकि, स्टोक्स के अगले ओवर में साउदी ने मिड-विकेट और डीप स्क्वायर-लेग पर दो बड़े छक्के लगाए, इसके बाद पांचवीं गेंद पर एक रन लिया।

## टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के भारतीय पुरुष और महिला एथलीट्स ने किया अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा



**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के रेड रोड पर रविवार को टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन से पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय पुरुष और महिला एथलीट्स ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा किया है। टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के में भारतीय पुरुष और महिला धावकों ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा किया है। रविवार को यह दौड़ कोलकाता के रेड रोड पर आयोजन होने जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय पुरुष धावकों गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल और सवण बरवाल महिला और धावकों संजिवनी जाधव और लीली दास ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए, अपना सर्वश्रेष्ठ देने का वादा किया। उल्लेखनीय है कि यह टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के का नौवां संस्करण है।

इस 1,42,214 यूएस डॉलर की पुरस्कार राशि वाली दौड़ में भारतीय पुरुष और महिला एलीट विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि रखी गई है। प्रत्येक दौड़ में पहले तीन स्थानों पर आने वालों को क्रमश 3,00,000, 2,50,000, और 2,00,000 लाख रुपए दिए जाएंगे। भारतीय एलीट पुरुष और महिला धावकों को इवेंट रिकॉर्ड बोनस के रूप में 1,00,000 रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। अविनाश साबले वर्तमान भारतीय एलीट पुरुष रिकॉर्ड धारक हैं, जिनका समय 1:5:17 है, और एल. सूर्य भारतीय एलीट महिला रिकॉर्ड धारक हैं, जिनका समय 1:26:53 है।

साउथ अफ्रीका-पाकिस्तानः

## अयूब की तूफानी पारी पर फिरा पानी पाकिस्तानी गेंदबाज 207 रन नहीं कर पाए डिफेंड



हेंड्रिक्स का शानदार शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रीजा हेंड्रिक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 10वें साल में पहला टी20 शतक जड़ा। इसके चलते साउथ अफ्रीका ने अगस्त 2022 के बाद पहली बार द्विपक्षीय टी20 सीरीज अपने नाम की। आयरलैंड के खिलाफ जीत के बाद टीम 8 सीरीज खेली। ??टीम ने सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर चेज किया। मार्च 2023 में व्हाइट-बॉल कोचिंग की जिम्मेदारी संभालने के बाद रॉब वाल्टर की पहली टी20 सीरीज जीत भी है। इससे पहले सैम अयूब की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 206 रन बनाए। सैम अयूब ने 57 गेंद पर 11 चौके और 5 छक्के की मदद से नाबाद 98 रन बनाए। इसके अलावा बाबर आजम ने 20 गेंद पर 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। इरफान खान ने 16 गेंद पर 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 30 रन बनाए।

**वैन डेर डुसेन का अर्धशतक**

साउथ अफ्रीका के लिए दयान गलीम ने 21 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके अलावा ओट्टनील बार्टमैन ने 51 रन देकर 2 विकेट लिए। जॉर्ज लिंडे ने 28 रन देकर 1 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने 117 और रास वैन डेर डुसेन ने 38 गेंद पर 3 चौके और 5 छक्के की मदद से नाबाग 66 रन बनाए। पाकिस्तान के गेंदबाज काफी महंगे साबित हुआ।

# वेस्टइंडीज से मुकाबले के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने 13 दिसंबर 2024 की रात 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है जो अगले दो सप्ताह में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। हरमनप्रीत कौर टीम की अगुआई करेंगी। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, उमा छेत्री, तितास साधु, दीप्ति शर्मा, साइमा ठाकोर, रेणुका सिंह ठाकुर, मिन्नू मणि और प्रिया मिश्रा को दोनों प्रारूपों की टीमों में शामिल किया गया है।

नंदिनी कश्यप, संजना सजीवन, राघवी बिष्ट और राधा यादव टी20 टीम में शामिल हैं, लेकिन वनडे में नहीं खेल पाएंगी। प्रतिका रावल, तेजल हसबनीस और तनुजा कंवर वनडे में उनकी जगह लेंगी। यास्तिका भाटिया,




श्रेयंका पाटिल और प्रिया पुनिया चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में घुटने में चोट लगी थी।

भारतीय टीम खराब फॉर्म में चल रही शेफाली वर्मा के बिना उतरेगी जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए भी टीम में नहीं थीं। उत्तराखंड की ऑलराउंडर राघवी को हाल में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद टी20 टीम में शामिल किया गया, जहां उन्होंने एकदिवसीय मुकाबलों में 3 अर्धशतक लगाये थे।

**टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय टीमः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), नंदिनी कश्यप, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, संजना सजीवन, राघवी बिष्ट, रेणुका सिंह ठाकुर, प्रिया मिश्रा, तितास साधु, साइमा ठाकोर, मीनू मणि, राधा यादव।

**वनडे इंटरनेशनल सीरीज के लिए भारतीय टीमः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसबनीस, दीप्ति शर्मा, मीनू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, रेणुका सिंह ठाकुर।

**ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद वेस्टइंडीज और आयरलैंड सीरीज पर निगाहें**

तीनों टी20 मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे, जबकि वनडे मैच वड़ोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत का वनडे में सबसे हालिया मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था।

तब ऑस्ट्रेलिया ने उस सीरीज में भारत को 3-0 से हराया। इस वजह से आईसीसी महिला चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने की भारत की संभावनाएं कम हो गईं। भारतीय टीम वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में अंक हासिल करने की उम्मीद करेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### देसी शराब कारोबारी गिरफ्तार, गया जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा पुलिस ने शुक्रवार की रात क्षेत्र में मंदिर-मस्जिद की देखभाल करने में लगें गश्ती गाड़ी ने एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि शिवदत्त बिगहा देवी मंदिर के पास एसआई ओमप्रकाश के नेतृत्व में थाना की गश्ती गाड़ी रात्रि में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान सामने से एक बाइक चालक पुलिस वाहन देख भागने का प्रयास किया। उसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया। चेकिंग दौरान बोरे एवं बैग में रखे लगभग 33 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। इसके बाद बाइक एवं शराब को जब्त कर थाना लाया गया। शराब कारोबारी धुसरी गांव निवासी स्व. भुवनेश्वर चौधरी के पुत्र अनुज चौधरी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### बनतारा में पीएम आवास योजना में गड़बड़ी उजागर

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड में सभी गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, बल्कि पैसे देने पर ही आवास मिल रहे हैं। इस मामले में बीडीओ ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले में बीडीओ की जांच के बाद बड़े खुलासे हो सकते हैं।आवास सहायक शशि कांत कुमार के खिलाफ जांच चल रही है और उन्हें शोकॉज किया गया है।मामला बनतारा पंचायत से जुड़ा हैं, जहां लाभुक का पहले से ही पक्का मकान हैं। साथ ही लाभुक का बेटा सरकारी नौकरी में भी हैं। मामले को लेकर गोह प्रखंड के लोगों में आक्रोश है और वे आवास सहायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यह मामला प्रधानमंत्री आवास योजना के दुरुपयोग का एक बड़ा उदाहरण है। इस मामले मे प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार दिनकर ने बताया कि जिस लाभुक को आवास दिया गया हैं, उसका पूर्व से पक्का मकान व घर है। बेटे की सरकारी नौकरी में होने की बात भी सामने आई हैं। इसे लेकर आवास सहायक को शोकॉज किया गया है। जांच के बाद कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों की समस्याओं को ले हमसे ने की बैठक

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के देवहरा गांव में लघु एवं सीमांत किसानों की एक बैठक हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा(सेकुलर) के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ बबलू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड की कृषि संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। छोटे किसानों को सिचाई, खाद, बीज एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से कैसे मिले, उनके उपज की निर्धारित कीमत समय से मिले एवं समय-समय पर उपज की कीमत में बढ़ोतरी कैसे हो। साथ ही प्राकृतिक आपदा होने पर उसका सही आकलन कैसे हो, पर चर्चा की गई। प्रदेश प्रवक्ता शम्भू कुमार ने रबी फसल की बुआई में नहर के पानी से होने वाली परेशानी पर चर्चा की। साथ ही पंजाब के किसानों से बिहार के किसानों की तुलनात्मक चर्चा की। भारतीय युवा मंच के शाहबाज मिन्हाज ने भूमिहीन किसानों को नए वस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में हसपुरा के किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कवींद्र कुमार निराला, समाजसेवी रुपेश तिवारी एवं प्रबुद्ध किसान राजू कुमार आदि मौजूद रहे।

### जमीन विवाद में भाई ने की भाई पर जानलेवा हमला

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** जमीन के लिए छोटे भाई ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बड़े भाई की जमकर पिटाई की है। रॉड से मारपीट कर उनके हाथ की हड्डी तोड़ दी। धारदार हथियार से हमला कर पैर की सुपली भी काट दी। घायल 56 वर्षीय सतीश कुमार कश्यप उर्फ जुगल शर्मा एक सरकारी टीचर हैं। फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल टीचर ने बताया कि मारपीट करने के बाद उन लोगों ने 200 मीटर तक उनको घसीटा। अपने घर ले गए। वहां लहूलुहान हालत में छोड़ दिया। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के पोखठा गांव में शनिवार को हुई है। घायल की पत्नी निर्मला देवी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। वहां से डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल सतीश कुमार कश्यप उर्फ जुगल शर्मा ने बताया कि मैं एक सरकारी शिक्षक हूं। मैं अपने केवाला भूमि पर रवि फसल की खेती की तैयारी कर रहा था। तभी मेरा छोटा भाई कौशल किशोर शर्मा, चचेरा बड़ा भाई नागेंद्र पांडेय सहित अन्य लोग आए और गाली गलौज करने लगे। पुरानी जमीन विवाद को लेकर मारपीट करने लगे। धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। मेरे दाहिने पैर की सुपली काट दी और बांया हाथ लोहे की रॉड से मारकर तोड़ दिया।

# डीएम ने की जिलास्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की समीक्षा बैठक



**कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद**

जिलाधिकारी सह जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति के अध्यक्ष श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, तस्करी, मुनाफाखोरी को रोकने एवं उर्वरकों के मूल्य नियंत्रण हेतु उर्वरक प्रष्ठिानों पर नियमित रूप से छापेमारी करे ताकि रबी मौसम के मुख्य समय में किसानों को उचित मूल्य पर सुगमता पूर्वक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जिला कृषि पदाधिकारी ने डीएम को बताया कि जिले में उर्वरक संबंधी शिकायतों के निदान एवं किसानों की उर्वरक समस्याओं को दूर करने के लिए जिला कृषि कार्यालय में एक उर्वरक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसका संर्क नंबर-06186-469430 है। डीएम ने निर्देश दिया कि खुदरा उर्वरक विक्रेताओं से अपने-अपने दुकान के सूचना पट्ट पर उपलब्ध उर्वरक की मात्रा, उर्वरक का मूल्य प्रदर्शित किया जाना सुनिश्चित करे। इसकी जिम्मेवारी संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक की होगी। जिलाधिकारी को डीएओ ने नैनो यूरिया की जानकारी से अवगत कराते हुए कहा कि यह यूरिया तरल होता है। इसकी मात्रा पौधे के लिए 1 लीटर पानी में 4 मिली. नैनो यूरिया मिलाकर पौधे पर छिड़काव करने से अधिक लाभ होता है। साथ ही इसका मिट्टी एवं पर्यावरण पर बुरा प्रभाव भी नहीं पड़ता है। उन्होने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विधान पार्षद प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह ने कहा कि नैनो यूरिया का किसानों के बीच प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। साथ ही सभी पैक्सों को कम से कम 5-5 पावर स्प्रेयर मशीन उपलब्ध कराया जाए। वही बैठक में जिलाधिकारी को ईफको के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि मेरे स्तर से जिले में प्रत्यक्षण भी कराया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने की जीविका के कार्यों की समीक्षा



**निज संवाददाता | औरंगाबाद**

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जीविका के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में स्वयं सहायता समूह से अधिक से अधिक गरीब एवं अत्यंत गरीब दीदी को जोड़े ताकि बिहार सरकार की योजना का लाभ सभी उठा सके। इसके बाद लखपति दीदी योजना में राज्य में औरंगाबाद जिले की रैंकिंग एक आने पर जीविका की प्रशंसा की। उन्नति प्रोजेक्ट में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए इसमें और अधिक तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड कार्यालयों में जीविका दीदी को चाय एवं नाश्ता की दुकान, ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग, मोबाइल ट्रेनिंग, मोटर मैकेनिक एवं गेंदा फूल की खेती आदि कार्य से जोड़े जिससे उनकी आमदनी बढ़े। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जिले की सभी जीविका दीदियां विकसित बिहार 2047 का सर्वे अवश्य करे। बैठक में डीपीएम जीवका के साथ-साथ जीविका से संबंधित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# भाजपा के प्रदेश सदस्यता प्रभारी ने बैठक कर की सदस्यता अभियान की समीक्षा




**निज संवाददाता | औरंगाबाद**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सदस्यता पर्यवेक्षक लाल सिंह आर्य ने शनिवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित जिला कार्यशाला सह बैठक में शामिल हुए। बैठक में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सह विधायक राणा रणधीर सिंह एवं विधान पार्षद दिलीप सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही देश में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। कार्यकर्ताओं ने त्याग, बलिदान सह कर संगठन का विस्तार किया। संगठन में सभी को साथ लेकर भाजपा को आगे बढ़ाने का काम करें। कहा कि भाजपा को आगे बढ़ाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही हैं। पूरे देश में 12 करोड़ सदस्य बनाकर भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने में कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा है।कहा कि कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत कर घर-घर जाकर भाजपा के सदस्य बनाए। पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह ने कहा कि 2014 से मजबूत सरकार बनी है।भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की ही देन है कि नरेन्द्र मोदी ने देश के इतिहास को पिछले कुछ वर्षों में बदल कर पूरे देश को विकास की ओर अग्रसर कर दिया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन का चुनाव एक पर्व की तरह मनाया जा रहा है और इस बार चुनाव की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को तत्पर रहकर काम करना होगा।कार्यकर्ताओं से आग्रह हैं कि जल्द से जल्द बूथ कमेटी का गठन कर सदस्यता पर्व में सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके पूर्व सदस्यता समीक्षा बैठक का आरंभ संगठन के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित एवं राष्ट्रगान के साथ की गई। इस मौके पर जिला महामंत्री मुकेश सिंह, संजय गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, पुरूषोत्तम सिंह, जिला उपाध्यक्ष विशाल वैभव टैगोर, जुलेखा खातून, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला मंत्री धर्मेन्द्र शर्मा, विजेन्द्र चंद्रवंशी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनिता सिंह, भाजपा नेता अशोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, शुभम सिंह एवं युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह वसु आदि मौजूद रहे।

# देव में 27 दिसंबर को मनेगी साहित्यकार शंकर दयाल सिंह की जयंती



**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**

जनेश्वर विकास केंद्र एवं साहित्य संवाद की शनिवार को यहां बगीचा रिसॉर्ट में संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भवानीपुर के सामाजिक कार्यकर्ता बृजकिशोर सिंह ने की जबकि संचालन पूर्व सरपंच शिवपूजन सिंह ने किया। बैठक में जनेश्वर विकास केंद्र के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी के प्रस्ताव पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी साहित्यकार शंकरलाल दयाल सिंह की जयंती दिव्य और भव्य रुप से मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती तिथि 27 दिसंबर को शंकर दयाल सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी, नवोदित साहित्यकारों का सम्मान समारोह एवं शाम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व स्कूली बच्चों के बीच शंकर दयाल सिंह पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन देव स्थित बगीचा रिसॉर्ट में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रायोजक विधि से आयोजित किया जाएगा। बैठक में ब्रजकिशोर सिंह, शिवपूजन सिंह एवं सुनील सिंह ने प्रायोजक बनने पर सहमति दी। इसके लिए उन्हें बैठक में ही धन्यवाद दिया गया। साथ ही एक उप समिति भी बनाई गई, जिसमें एकबाल अहमद, बृजकिशोर सिंह और शिवपूजन सिंह को शामिल किया गया। यह समिति शंकर दयाल सिंह के परिवार से संपर्क कर कार्यक्रम में आमंत्रित करने तथा सहयोग प्राप्त करने का कार्य करेगी। उप समिति को कवियों से संपर्क करने की भी जिम्मेवारी दी गई। तैयारी की समीक्षा बैठक दिनांक 19 दिसंबर को बगीचा रिसॉर्ट में ही संपन्न होगी। बैठक में डॉ. राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, दीपक गुप्ता, उपेन्द्र यादव, रामजी सिंह, राकेश कुमार, कृष्णा दुबे, इक़बाल अहमद, निखिल सिंह, संजय मेहता, महेंद्र हार्ड, पिंटू कुमार, अनिल सिंह, शिवपुजन सिंह, सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

# कासमा बाजार में हुआ ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन



**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा बाजार में ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनय शंकर दुबे, सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया नरेंद्र मिश्रा, संचालक सुधीर मिश्रा एवं धीरेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। आगंतुकों को सुधीर मिश्रा ने अंगवस्त्र, माला एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि शहर से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था करना काफी सराहनीय कार्य है। शिक्षा जीवन जीने की शैली है। बातचीत और व्यवहार से शिक्षा की झलक दिख जाती है। बिना शिक्षा के हमें ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। शिक्षा ही ऐसा धन है जिसे कोई बांट या चुरा नहीं सकता है। शिक्षित व्यक्ति को देश-विदेश कहीं भी सम्मान मिलता है। आज पढ़ाई का पैटर्न बदलता जा रहा है। हमें तकनीकी शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सभी क्षेत्र में ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से कार्य हो रहे हैं। हमें पढ़ाई भी इसी तरह से करने की आवश्यकता है। सुदूर क्षेत्र में ई-लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए नए अवसर हैं। हमें आशा ही नहीं पूरी-पूरी उम्मीद है कि इस अवसर का लाभ विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में मिलेगा। अब 7-8 घंटे बच्चे जब तक नहीं पढ़ेंगे तब तक कंप्टीशन की तैयारी नहीं कर सकते। इसके लिए 8 घंटे बैठ कर पढ़ने का अभ्यास होना आवश्यक है। इस मौके पर डीके सूरज, सुनील दीप, सुमित्रानंदन पाठक, डॉ. वीरेंद्र, सुचित मिश्र, संजीत मिश्र, शहाबुद्दीन, हर्ष, प्रिंस, पंकज कुमार, सहित अन्य लोग शामिल थे।

# मिठाई गोदाम में आग लगने से 2 लाख का नुकसान



**निज संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले के शुक्रवार की रात शॉर्ट सर्किट की वजह से एक मिठाई के गोदाम में आग लग गई। आग की लपेटे इतनी तेज थी कि सारा कुछ जलकर राख हो गया। घटना रफीगंज शहर के मुरली बाबू चौक मोड़ स्थित इमादपुर गली शिव मंदिर के समीप की है। स्थानीय लोगों और पीड़ित परिवार ने डायल 112 की पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी। अग्निशमन वाहन घटना स्थल पर पहुंची और लगभग 2 घंटे के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शनिवार की सुबह प्रमोद प्रहलाद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रात 10 बजे के आसपास पूरे परिवार खाना खाकर सो गए। 12 बजे के आसपास घर की लाइट अचानक चली गई। कुछ देर बाद गोदाम से धुआं उठने और जलने की बदबू आई। जब अधिक धुआं उठने लगा तो देखा कि मिठाई गोदाम में आग लगी हुई है। इसके बाद फायर ब्रिगेड और डायल 112 की पुलिस को सूचना दी। आग लगी की घटना में हलवाई समाज का रखा हुआ 50 पीस कुर्सी, गद्दे, तकिया, अन्य सामग्री लाखों रुपए की अधिक कीमत की जलकर राख हो गई। अग्निशमन वाहन चालक साहिल आलम ने बताया कि जानकारी मिलते ही हमलोग पहुंचे और काफी मकसद के बाद आग पर काबू पाया गया। इब मौके पर अग्निक चालक साहिल आलम, अग्निक सत्यम कुमार, मो इजहार आलम सहित आग बुझाने में लगे हुए थे।





राज्य के 7 लाख से अधिक युवा इस योजना से लाभान्वित।

- बिहार राज्य के निवासी 20–25 वर्ष आयु वर्ग के 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार युवा जो अध्ययनरत नहीं हो या उच्चतर शिक्षा प्राप्त नहीं किये हों, वह रोजगार तलाशने के दौरान अधिकतम दो वर्षों तक आर्थिक मदद के रूप में सरकार द्वारा 1000 रु० प्रतिमाह की दर से स्वयं सहायता भत्ता के लिए आवेदन दे सकते हैं।
- इस योजनान्तर्गत लाभान्वित युवक/युवतियों को कुशल युवा कार्यक्रम के तहत भाषा संवाद, व्यवहार कौशल एवं बुनियादी कम्प्यूटर ज्ञान का नि:शुल्क प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

योजना सम्बन्धी विस्तृत जानकारी Online Portal : www.7nischay-yuvaupmission.bihar.gov.in अथवा अपने जिले में स्थित जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (DRCC) से प्राप्त की जा सकती है।

आवश्यक सूचना

वैसे आवेदक जिन्होंने 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर उच्चतर शिक्षा हेतु निबंधन / नामांकन करवा लिया है, या कहीं नियोजित हैं या स्व–रोजगार कर रहे हैं, वह इस योजना के अन्तर्गत योग्य नहीं हैं।

ऐसे अयोग्य लाभार्थी यथाशीघ्र अपने जिले के DRCC में इसकी सूचना दें, अन्यथा मामला संज्ञान में आने के पश्चात वह वैधानिक कार्रवाई के पात्र होंगे।

http://state.bihar.gov.in/planning

PR NO.014478 ( Planning) D. 2024-25